माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश , भोपाल

क्र0/ 1921 /विद्योचित/2019 भोपाल, दिनांक 11/01/2019

- विज्ञप्ति -

एन.सी.टी.ई. 2014 के दिशा-निर्देश के अनुरूप राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल द्वारा डिप्लोमा इन एलिमेन्ट्री एजूकेशन (डी.एल.एड. द्विवर्षीय) नियमित का पाठ्यक्रम निर्मित किया गया है, म0प्र0 शासन स्कूल शिक्षा विभाग से प्रशासकीय अनुमोदन दिनांक 23.08.2018 के अनुक्रम में डिप्लोमा इन एलिमेन्ट्री एजूकेशन (डी.एल.एड. द्विवर्षीय) पाठ्यक्रम सत्र 2019-20 से प्रथम वर्ष एवं सत्र 2020-21 से द्वितीय वर्ष में लागू होगा।

सचिव,
माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र
भोपाल

पृ0क्र0/ 1922 /विद्योचित/2019 भोपाल, दिनांक 11/01/2019

प्रतिलिपि :-

1. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल
2. आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, म.प्र. भोपाल
3. आयुक्त, राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल
4. संचालक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् म.प्र. भोपाल
5. समस्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाईट्स)
6. संचालक, आदिम जाति कल्याण विभाग, म.प्र. भोपाल
7. समस्त कलेक्टर, म.प्र.
8. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी, म.प्र.
9. आंचलिक अधिकारी, म.प्र., माध्यमिक शिक्षा मण्डल, इंदौर
10. समस्त संभागीय अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश
11. समस्त प्रथम श्रेणी अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल
12. जनसम्पर्क अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल की ओर प्रमुख समाचार पत्रों में विज्ञप्ति प्रकाशन हेतु।
13. सी.एस.ओ. माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल की ओर वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।
14. समस्त सहायक सचिव, परीक्षाएं, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल
15. सहायक सचिव/समन्वय/गोपनीय/डी.एड. पत्राचार/ डाटा प्रभारी।

की ओर सूचनार्थ् एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र
भोपाल

शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम मार्गदर्शिका

(कार्यक्रम–क्रियान्वयन एवं निर्देश)

एन.सी.टी.ई. मार्गदर्शिका, 2014 पर आधारित

प्रारंभिक शिक्षा में पत्रोपाधि (D.El.Ed.) पाठ्यक्रम हेतु

–: अनुक्रमणिका:–

क्र.	विवरण	पृष्ठ संख्या
1.	भूमिका	
2.	शाला इंटर्नशिप–बदलता स्वरूप	
3.	इंटर्नशिप कार्यक्रम की रूपरेखा	
4.	शाला इंटर्नशिप का संगठन एवं सिद्धांत	
5.	संगठनात्मक जिम्मेदारियाँ a. शिक्षक शिक्षा राष्ट्रीय परिषद (NCTE) b. स्कूल शिक्षा विभाग c. संबद्ध निकाय d. शिक्षक शिक्षा संस्थान e. इंटर्नशिप शाला/लैब शाला	
6.	इंटर्नशिप के दौरान छात्राध्यापक की जिम्मेदारियाँ	
7.	छात्राध्यापक की प्रगति का आकलन एवं प्रमाणीकरण	
8.	शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम (दो वर्षीय) **I.** इंटर्नशिप प्रथम वर्ष–स्कूल एक्पोजर प्रोग्राम (SEP) **i.** उद्देश्य **ii.** शाला अनुभव हेतु प्रस्तावित गतिविधियाँ **a.** शाला अनुभव कार्यक्रम की पूर्व गतिविधियाँ • पाठ्यपुस्तक एवं अन्य स्रोत सामग्री का विश्लेषण • नवाचारी अधिगम केन्द्रो का भ्रमण **b.** शाला अनुभव कार्यक्रम के दौरान की गतिविधियाँ • शाला प्रोफाइल • शाला अवलोकन रिपोर्ट • रिफ्लेक्टिव जर्नल **c.** शाला अनुभव कार्यक्रम के पश्चात् की गतिविधियाँ (आंतरिक मूल्यांकन) **iii.** छात्राध्यापको का आकलन (बाह्य मूल्यांकन) • सेमीनार का आयोजन • शाला इंटर्नशिप प्रथम वर्ष मूल्यांकन योजना **II.** इंटर्नशिप द्वितीय वर्ष–शिक्षण अभ्यास और समुदाय के साथ कार्य **i.** उददेश्य **ii.** शाला इंटर्नशिप की गतिविधियाँ **a.** शाला इंटर्नशिप के दौरान पूर्व गतिविधियाँ • मेंटर शिक्षक की पहचान एवं नियुक्ति • सुपरवाईजर के रूप में विभिन्न शालाओं में कार्य करने हेतु संस्थान के अकादमिक सदस्यों की पहचान एवं नियुक्ति • छात्राध्यापकों की भूमिका और जिम्मेदारियाँ • संस्थान स्तर पर पूर्व इंटर्नशिप की तैयारी • रिफ्लेक्टिव जर्नल **b.** शाला इंटर्नशिप के दौरान गतिविधियाँ • प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षण और अवलोकन का विवरण • माध्यमिक कक्षाओं में शिक्षण और अवलोकन का विवरण • क्रियात्मक अनुसंधान • समुदाय सर्वे	

क्र.	विवरण	पृष्ठ संख्या
	C. शाला इंटर्नशिप के पश्चात् की गतिविधियाँ (आंतरिक मूल्यांकन) **III.** छात्राध्यापकों का आकलन (बाह्य मूल्यांकन) • शाला इंटर्नशिप द्वितीय वर्ष मूल्यांकन योजना	
9.	शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम क्रियान्वयन एवं निर्देश **1.** शाला के चयन हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन **2.** समिति के उत्तरदायित्व **3.** शालाओं के चयन का आधार **4.** शिक्षक शिक्षा संस्थानों के इंटर्नशिप समन्वयक एवं चयनित शाला के प्रधानाध्यापकों का उन्मुखिकरण **5.** लैब शालाओं को तैयार करना **6.** शिक्षक शिक्षा संस्थानों के इंटर्नशिप समन्वयक द्वारा मेंटर शिक्षक का उन्मुखिकरण **7.** शिक्षक शिक्षा संस्थानों के इंटर्नशिप समन्वयक द्वारा अकादमिक सदस्यों का उन्मुखिकरण **8.** शाला इंटर्नशिप हेतु छात्राध्यापकों को तैयार करना	
10.	शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम का वार्षिक केलेण्डर **i.** प्रथम वर्ष शाला इंटर्नशिप की प्रस्तावित समय–सारणी **ii.** द्वितीय वर्ष शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम की प्रस्तावित समय–सारणी	
11.	उपसंहार	
12.	संदर्भ ग्रंथ सूची	
13.	परिशिष्ठ–1: पाठ्यपुस्तक/स्रोत सामग्री विश्लेषण प्रारूप परिशिष्ठ–2: रिफ्लेक्टिव जर्नल का प्रारूप परिशिष्ठ–3: कक्षा अवलोकन का प्रारूप परिशिष्ठ–4: इकाई योजना का प्रारूप परिशिष्ठ–5: पाठयोजना का प्रारूप परिशिष्ठ–6: केस स्टडी का प्रारूप परिशिष्ठ–7: नवाचारी केन्द्र के भ्रमण का प्रारूप परिशिष्ठ–8: क्रियात्मक अनुसंधान का प्रारूप परिशिष्ठ–9: पर्यवेक्षण/आकलन का प्रारूप	

शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम क्रियान्वयन एवं निर्देश

1. भूमिका

प्रांरभिक शिक्षा का डिप्लोमा (डी.एल.एड.) शिक्षक शिक्षा का दो वर्ष का व्यावसायिक कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य शिक्षा की प्रांरभिक अवस्था अर्थात कक्षा I से VIII तक के लिये शिक्षकों को तैयार करना है। प्रांरभिक शिक्षा का उद्देश्य समाज की सक्रिय–सहभागिता और लिंग अन्तरों को दूर करते हुए समावेशी स्कूल पर्यावरण में सभी बच्चों की शिक्षा प्राप्त करने की बुनियादी–अवश्यकताओं को पूरा करना है **(भारत का राजपत्र–असाधारण, भाग III खण्ड 4 परिशिष्ट 2)**

शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE Act 2009) के अनुसार योग्य एवं व्यावसायिक प्रशिक्षित शिक्षक प्रांरभिक शिक्षा की पहली आवश्यकता है, इस लक्ष्य को लेकर डी.एल.एड. कार्यक्रम का प्रांरभिक स्तर पर निर्माण किया गया है।

शाला इंटर्नशिप विभिन्न प्रकार के व्यावसायिक कार्यक्रमों की तरह शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह कार्यक्रम प्रशिक्षु (इंटर्न) को डी.एल.एड. कक्षाओं में पढ़ाये गये सैंद्धांतिक विषयों को वास्तविक कक्षाओं में परखने एवं समझने का अवसर देता है। यह एक पूर्णकालिक कार्यक्रम है जिसमें इंटर्न पाठ एवं ईकाई योजना का निर्माण, कक्षा शिक्षण का कार्य और शाला की गतिविधियों में सहभागिता करता है जिससे उसे एक नियमित शिक्षक की तरह वास्तविक कक्षाओं में कार्य करने का अवसर मिलता है। शाला के विभिन्न कार्यक्रम के दौरान इंटर्न के दृष्टिकोण रूचि एवं दक्षताओं को प्रोत्साहन मिलता है। दो वर्षीय शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत लैब एरिया की शाला में इंटर्न को विभिन्न प्रकार के बच्चों, पालकों एवं समुदाय से जुड़ने का अवसर मिलता है। शिक्षण अभ्यास एवं इंटर्नशिप एक इंटर्न को सामान्य रूप से एक संपूर्ण स्कूली जीवन से परिचित करवाता है।

प्रशिक्षु (इंटर्न) से आशा की जाती है कि वह इंटर्नशिप अवधि के दौरान समालोचनात्मक चिंतन करें, चर्चा करें और समस्त गतिविधियों के दौरान प्राप्त अनुभवों, अवलोकनो, निष्कर्षों को अपने पोर्टफोलियो और रिफ्लेक्टिव जर्नल में रिकार्ड करें।

यह क्षेत्र अनुभव इंटर्न को अपनी दक्षताओं और कौशल को विकसित करने में मदद करेगा। इंटर्न को बच्चों, पालकों, प्रशासको एवं समुदाय के संपर्क में रह कर सामाजिक मुद्दो और समस्याओं को समझने में सहायता करेगा, जिससे इंटर्न को सुविधादाता शिक्षक के रूप में विकसित होने में मदद मिलेगी।

2. शाला इंटर्नशिप–बदलता स्वरूप

विगत वर्षो में भारत वर्ष में शाला इंटर्नश्पि के प्रतिमाान में बदलाव देखा गया। पूर्व समय में अध्यापन अभ्यास के दौरान छात्राध्यापकों के द्वारा विभिन्न विषयों की पाठ योजना को पढ़ाने को ही इंटर्नशिप में शामिल किया जाता था। NCFTE -2009 के अनुसार इंटर्नशिप की अवधारणा को विस्तृत रूप प्रदान किया गया और शाला की समस्त गतिविधियों को इसमें समावेशित किया गया। NCTE Regulation-2014 द्वारा इंटर्नशिप को अधिक अवधि का करते हुए लगभग 20 सप्ताह का किया गया। 20 सप्ताह की अवधि को पुनः दो भागों में विभाजित किया गया जिसमें 4 सप्ताह प्रथम वर्ष के लिए एवं 16 सप्ताह द्वितीय वर्ष के लिए प्रस्तावित किये गये (School intership: Framework and Guidlines 2016 by NCERT)। 4 सप्ताह का विभाजन इस प्रकार से किया गया है कि 2 सप्ताह शासकीय शाला में शाला अनुभव हेतु तथा 2 सप्ताह अशासकीय शाला में शाला अनुभव हेतु निर्धारित किये गये हैं। शासकीय और अशासकीय शालाओं के अन्तर्गत प्राथमिक और माध्यमिक दोनों शालाओं को शामिल किया गया है। 16 सप्ताह को दोबारा विभाजित करते हुए 14 सप्ताह शाला के साथ एवं 02 सप्ताह क्षेत्र में (शाला के अलावा) समाज के साथ कार्य हेतु निर्धारित किये गये। कुल शाला समय को दो भागों में विभाजित करते हुए 80 प्रतिशत समय शासकीय शाला हेतु एवं 20 प्रतिशत समय अशासकीय शाला हेतु निर्धारित किया गया। अर्थात 12 सप्ताह शासकीय शाला के साथ और 1 सप्ताह शासकीय शाला के समुदाय के साथ इसी प्रकार 2 सप्ताह अशासकीय शाला के साथ और 1 सप्ताह अशासकीय शाला के समुदाय के साथ कार्य करना होगा। प्रत्येक छात्राध्यापक को इंटर्नशिप के दौरान एक शासकीय और एक अशासकीय शाला में अपने इंटर्नशिप कार्य का संपादन करना होगा जो उसे एक सम्पूर्ण स्कूली जीवन का अनुभव प्रदान करेगा।

शाला इंटर्नशिप का फ्लो चार्ट निम्नानुसार हैः–



टीपः -

- शासकीय एवं अशासकीय शालाओं का क्षेत्र उपलब्धता अनुसार– शहरी, ग्रामीण एवं आदिवासी हो सकता है।
- प्रत्येक छात्राध्यापक को एक शासकीय और एक अशासकीय शालाओं में इंटर्नशिप कार्य अवश्य करना है। इनका चयन क्रमानुसार शासकीय/अशासकीय या अशासकीय/शासकीय हो सकता है।
- प्राथमिकता के आधार पर कक्षा 1 से 8 तक प्रारम्भिक शिक्षा प्रदान करने वाली शालाओं का चयन करना चाहिये।

3. शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम की रूपरेखा

NCTE regulation 2014 के अनुसार डी.एल.एड. इंटर्नशिप कार्यक्रम की रूपरेखा निम्नानुसार है:–

स.क्र.	विवरण	डी.एल.एड. प्रथम वर्ष	डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष	योग
1.	इंटर्नशिप अवधि	4 सप्ताह	16 सप्ताह	20 सप्ताह
2.	इंटर्नशिप के दिवस	24 दिवस	96 दिवस	120 दिवस
3.	न्यूनतम उपस्थिति का प्रतिशत	90%	90%	90%
4.	न्यूनतम उपस्थिति के दिवस	22 दिवस	86 दिवस	108 दिवस
5.	इंटर्नशिप के कुल अंक	100	400	500
6.	इंटर्नशिप के न्यूनतम उत्तीर्ण अंक	50	200	250

टीप:–

- इंटर्नशिप के दौरान छात्राध्यापक (इंटर्न) मंगलवार से लेकर शुक्रवार तक शिक्षण कार्य करेगा और सोमवार को अपने सुपरवाईज़र के साथ, सप्ताहांत में बनाई गयी, पाठ योजनाओं पर फीड बैक और मार्गदर्शन लेगा।
- इंटर्नशिप के दौरान छात्राध्यापक (इंटर्न) की 90 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है।
- इंटर्नशिप के दौरान प्रति सोमवार शिक्षक शिक्षा संस्थान में छात्राध्यापक की उपस्थिति प्रथम वर्ष – 24 दिवस एवं द्वितीय वर्ष – 96 दिवस भी इंटर्नशिप अवधि में शामिल मानी जाएगी।

4. शाला इंटर्नशिप का संगठन:सिद्धांत

"शाला इंटर्नशिप: फ्रेमवर्क एवं गाईडलाईन्स" एन.सी.टी.ई. जनवरी 2016 के अनुसार शाला इंटर्नशिप का संगठन निम्नानुसार बताया गया है।



डी.एल.एड. पत्रोपाधि में शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम को बहुत महत्व देते हुए लगभग 25 प्रतिशत अधिभार दिया गया है। यह आशा कि गई है कि इंटर्नशिप कार्यक्रम पूर्ण करने के पश्चात् छात्राध्यापक (इंटर्न) स्वतंत्र रूप से एक नियमित शिक्षक की जिम्मेदारियों का अच्छे से निर्वहन कर सकता है। इंटर्नशिप की लम्बी अवधि के दौरान भारी मात्रा में संसाधन, समय और प्रयासों की आवश्यकता होगी।

अतः इंटर्नशिप कार्यक्रम की पूर्व योजना बनाकर क्रमबद्ध तरीके से क्रियान्वित करना चाहिये। यह NCTE, स्कूल शिक्षा विभाग, SCERT, माध्यमिक शिक्षा मण्डल और शिक्षक शिक्षा संस्थानों की संयुक्त जिम्मेदारी हैं। जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा शासकीय व अशासकीय शालाओं का चयन इंटर्नशिप शाला के रूप में किया जायेगा। संस्थानों को आंवटित छात्राध्यापकों की सीटों के आधार पर इंटर्नशिप शालाओं का चयन किया जाना चाहिए। यह शालाएँ शिक्षक शिक्षा संस्थान की प्रायोगिक (लैब) शालाएँ कहलाएंगी। लैब शालाओं में मेंटर शिक्षक की अवधारणा दी गई है जो 4–5 छात्राध्यापकों को मार्गदर्शन देगा। मेंटर शिक्षक शाला का उच्च योग्यता धारी शिक्षक होना चाहिए जिसका उन्मुखिकरण शिक्षक शिक्षा संस्थान द्वारा किया जायेगा। शाला का मेंटर शिक्षक, शिक्षक शिक्षा संस्थान का विषय विशेषज्ञ मिलकर छात्राध्यापकों को समुदाय के साथ जोड़ते हुए शाला की विभिन्न गतिविधियों में मार्गदर्शन देंगे और उनका सुपरविज़न करेंगे। प्रायोगिक (लैब) शाला का प्रधानाध्यापक/प्राचार्य, मेंटर शिक्षक, संस्थान के विषय विशेषज्ञ मिलकर दिशा निर्देशों के आधार पर छात्राध्यापकों का आकलन करेंगे।

5. संगठनात्मक जिम्मेदारियाँ

भावी शिक्षक के निर्माण में विभिन्न स्तरों की भूमिका एवं जिम्मेदारियाँ निम्नानुसार रहेंगीः–

a) शिक्षक शिक्षा राष्ट्रीय परिषद (NCTE):- देश में NCTE शिक्षक शिक्षा के लिए एक नियंत्रक एजेंसी है जो एस.सी.ई.आर.टी. और मान्यता प्रदान करने वाली संस्थाओं की मदद से शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम को संचालित करवाती है। यह संस्था शिक्षक शिक्षा की नीतियों का निर्माण करती हैं एवं विभिन्न कार्यक्रमों के लिए पाठ्यक्रम फ्रेमवर्क का निर्माण करती है।

भूमिका और जिम्मेदारियाँ– NCTE

- 2014 के अनुसार इंटर्नशिप नीति को जारी करना।
- शिक्षक शिक्षा के अकादमिक सदस्य, छात्राध्यापक, लैब एरिया स्कूल के प्रिंसिपल एवं मेंटर्स के लिए इंटर्नशिप हेण्डबुक का निर्माण करना।
- इंटर्नशिप के अंतर्गत गतिविधियों एवं आकलन की रूपरेखा को विस्तृत रूप से हेण्डबुक में देना।

b) स्कूल शिक्षा विभाग:- राज्य की समस्त शालायें स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत आती है। विभिन्न शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम और शिक्षक शिक्षा संस्थानों को आंवटित सीटो के रिकार्ड का संधारण स्कूल शिक्षा विभाग के पास होना चाहिये, इसी के आधार पर प्रत्येक शिक्षक शिक्षा संस्थानों को कितनी इंटर्नशिप शालाओं की आवश्यकता होगी निकाला जाये।

NCTE Regulation-2014 के अनुसार जिन TEI के पास 50 छात्राध्यापकों का इंटेक है उन्हें कम से कम 5–5 (शासकीय/अशासकीय) शालाओं का चयन एवं जिन TEI के पास 100 छात्राध्यापकों का इंटेक हैं उन्हें 10–10 (शासकीय/अशासकीय)शालाओं का और जिन TEI के पास 150 छात्राध्यापकों का इंटेक हैं उन्हें 15–15 (शासकीय/अशासकीय) शालाओं का आवंटन करना चाहिए।

शालाओं का चयन TEI से दूरी एवं छात्राध्यापकों के घर से दूरी के आधार पर डी.ई.ओ. द्वारा किया जाना चाहिए, और इन्हें कम से कम 2 बार द्वितीय वर्ष में इंटर्नशिप के दौरान एवं एक बार प्रथम वर्ष में इंटर्नशिप शाला अनुभव कार्यक्रम के दौरान लैब शाला का भ्रमण करना चाहिए।

भूमिका और जिम्मेदारियाँः स्कूल शिक्षा विभाग

राज्य स्तर पर–

- राज्य की शिक्षक शिक्षा संस्थानो का डाटा संधारित करना।
- प्रायोगिक (लैब) शालाओं की आवश्यकता का निर्धारण निम्न प्रकार होगा– उदाहरणार्थ 50–50 छात्राध्यापकों पर लगभग 5–5 लैब शाला (शासकीय/अशासकीय) एवं 100–100 छात्राध्यापकों पर लगभग 10–10 लैब शालाओं (शासकीय/अशासकीय) का और 150–150 छात्राध्यापकों पर लगभग 15–15 लैब शालाओं (शासकीय/अशासकीय) का आवंटन करना चाहिए।
- राज्य में इंटर्नशिप निति का निर्माण करना और संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी को शाला इंटर्नशिप संबंधित गाईडलाइन जारी करना।
- जिले से प्राप्त मॉनिटरिंग रिपोर्ट को संकलित करना और NCTE को भेजना।

जिला स्तर पर–

- संबद्धता संस्थान से सलाह कर इंटर्नशिप केलेण्डर का निर्माण करना।
- जिले में स्थित शिक्षक शिक्षा संस्थानों के लिये इंटर्नशिप शालाओं (शासकीय/अशासकीय) को चिन्हित करना।
- इंटर्नशिप को नियत अंतराल से मॉनिटर करना और राज्य मुख्यालय को रिपोर्ट भेजना।
- शाला अनुभव कार्यक्रम के दौरान प्रथम वर्ष में शासकीय एवं अशासकीय दोनों प्रकार की शालाओं का आवंटन करना चाहिए। शालाओं की संख्या का निर्धारण छात्राध्यापकों की संख्या के आधार पर किया जाना चाहिए।
- प्रत्येक छात्राध्यापक को एक शासकीय और एक अशासकीय शाला का आवंटन करना है। इनकी प्राथमिकता का क्रम शासकीय/अशासकीय या अशासकीय/शासकीय हो सकता है। छात्राध्यापक प्रथम वर्ष में 2 सप्ताह (12 दिवस) शासकीय व 2 सप्ताह (12 दिवस) अशासकीय शालाओं में इंटर्नशिप की गतिविधियों को पूर्ण करेगा।
- इंटर्नशिप के द्वितीय वर्ष के दौरान प्रत्येक छात्राध्यापक को एक शासकीय शाला में लगभग 80 प्रतिशत (14 सप्ताह या 84 दिवस) समय तथा अशासकीय शालाओं में 20 प्रतिशत (2 सप्ताह या 12 दिवस) समय देकर इंटर्नशिप की गतिविधियों को पूर्ण करना है।

c) संबद्ध निकाय :- भारत में डिग्री स्तर के शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम की संबद्धता विश्वविद्यालय के अंतर्गत एव डिप्लोमा स्तर के कार्यक्रम की संबद्धता एस.सी.ई.आर.टी./माध्यमिक शिक्षा मंडल के अंतर्गत दी जाती है। शिक्षक शिक्षा की परीक्षा योजना और इंटर्नशिप की परीक्षा योजना को माध्यमिक शिक्षा मण्डल प्रस्तावित करता है। परीक्षा योजना में सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों प्रकार की मूल्यांकन योजना का निर्माण करना है। परीक्षा योजना के साथ–साथ माध्यमिक शिक्षा मण्डल को विभिन्न शिक्षक शिक्षा संस्थानों की इंटर्नशिप के दौरान मॉनिटरिंग और पर्यवेक्षण (सुपरविज़न) योजना का भी निर्माण करना चाहिये और इसके लिए मॉनिटरिंग कम सुपरविज़न प्रारूप बनाना चाहिए। संस्थानों की संकलित एवं व्यक्तिगत रिपोर्ट बना कर NCTE को भेजना चाहिए।

भूमिका और जिम्मेदारियाँः संबद्ध संस्थाएं

- शाला इंटर्नशिप के वार्षिक केलेण्डर निर्माण में स्कूल शिक्षा विभाग को परीक्षा कार्यक्रम की अवधि को लेकर सलाह देना।
- इंटर्नशिप घटकों की मूल्यांकन योजना बनाना और वितरित करना।
- इंटर्न के कार्य निष्पादन का आकलन करने के लिए शिक्षक शिक्षा संस्थानों को आकलन की प्रक्रिया समझाना और क्रियान्वित करना।
- शिक्षक शिक्षा संस्थानों की समय–समय पर जिला शिक्षा अधिकारी के सहयोग से मॉनिटरिंग करवाना और संकलित रिपोर्ट NCTE भेजना।

d) शिक्षक शिक्षा संस्थान :- शिक्षक शिक्षा संस्थान इंटर्नशिप कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

- संस्थान प्रमुख द्वारा इंटर्नशिप समन्वयक की नियुक्ति।

- इंटर्नशिप समन्वयक द्वारा छात्राध्यापकों को शासकीय/अशासकीय शालाओं का आवंटन करना।
- इंटर्नशिप समन्वयक द्वारा संस्थान के सुपरवाईज़र/विषय विशेषज्ञों को लैब शालाओं में सप्ताहिक समय सारणी के आधार पर भेजना।
- NCTE द्वारा बनाई गयी पॉलिसी का अनुसरण करना।
- संबद्धता निकाय (एस.सी.ई.आर.टी.)/(मा.शि.म.) द्वारा बनाई गयी परीक्षा योजना को लागू करना।
- लैब शालाओं एवं उनके मेंटर शिक्षको के साथ निरन्तर संपर्क रखना।
- लैब शालाओं के प्रधान अध्यापकों का इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत उन्मुखीकरण करना।
- लैब शालाओं में इंटर्नशिप मार्गदर्शिका के बारे में चर्चा करना।
- इंटर्नशिप मार्गदर्शिका में प्रस्तावित गतिविधियों को शिक्षक शिक्षा संस्थान के अकादमिक सदस्यों और लैब शाला के मेंटर शिक्षक के साथ मिलकर कुछ आवश्यकता आधारित और स्थानीय गतिविधियों को डिजाइन करना। जैसे– पड़ोसी शाला के आसपास की ऐतिहासिक धरोहरों का सर्वे, स्थानीय कलाकारों के साथ साक्षात्कार, रिटायर्ड पुरस्कार प्राप्त सैनिक और शिक्षकों के साथ बैठक, सांस्कृतिक महत्व के स्थानों का भ्रमण, आस पास की स्वच्छता संबंधी कार्यप्रणाली का आकलन इत्यादि।

भूमिका और जिम्मेदारियाँः शिक्षक शिक्षा संस्थान

- संस्थान प्रमुख द्वारा इंटर्नशिप समन्वयक की नियुक्ति करना।
- लैब शालाओं को इंटर्नशिप मार्गदर्शिका प्रदाय करना।
- लैब शाला के प्रधानाध्यापक/प्राचार्य और मेंटर शिक्षकों का उन्मुखीकरण और सह–बैठक का आयोजन करना।
- मेंटर शिक्षक के साथ अतिरिक्त गतिविधियाँ करवाने के लिए पूरक सामग्री तैयार करना।
- मेंटर शिक्षक के साथ पाक्षिक समीक्षा बैठक आयोजित करना।
- शिक्षक शिक्षा संस्थानों में नियमित अन्तराल से इंटर्न के साथ फालोअप बैठको का आयोजन करना।
- इंटर्नशिप कार्यक्रम के क्रियान्वयन की मॉनिटरिंग भी शिक्षण अभ्यास के अवलोकन के साथ करना।
- मेंटर शिक्षक के साथ भागीदारी करते हुए इंटर्न के इंटर्नशिप कार्यक्रम के निष्पादन का आकलन करना।

e) इंटर्नशिप शाला/लैब शाला :-

इंटर्नशिप लैब शाला शिक्षक शिक्षा संस्थानों का विस्तार केन्द्र होता है। संस्थान द्वारा लैब शाला के उच्च योग्यता वाले अनुभवी शिक्षक का चयन कर उनका उन्मुखीकरण किया जाता है जो संपूर्ण इंटर्नशिप कार्यक्रम का क्रियान्वयन शाला स्तर पर करवाते हैं। मेंटर शिक्षक छात्राध्यापकों का निरन्तर सुपरविज़न करते हैं और उन्हें शाला की विभिन्न संचालित गतिविधियों एवं समुदाय के साथ की गतिविधियों में आवश्यक मार्गदर्शन देते हैं।

मेंटर शिक्षक विभिन्न आकलन प्रपत्रों जैसे रेटिंग स्केल, प्रश्नावली और अवलोकन प्रपत्रों के माध्यम से इंटर्न के कार्य निष्पादन का आकलन करता है।

भूमिका और जिम्मेदारियाँ– इंटर्नशिप शाला/लैब शाला

- उच्च योग्यताधारी एवं प्रेरित शिक्षक का मेंटर के रूप में चयन कर शिक्षक शिक्षा संस्थानों के साथ जोड़ना।
- चयनित मेंटर शिक्षक और छात्राध्यापकों का शिक्षक शिक्षा संस्थानों में उन्मुखीकरण करना।
- शाला की सभी सुविधायें जैसे–पुस्तकालय, प्रयोगशाला, खेल का मैदान इत्यादि इंटर्न को उपलब्ध

करवाना।

- छात्राध्यापकों को शाला की समस्त गतिविधियों में भाग लेने की अनुमति देना जैसे– प्रार्थना, सांस्कृतिक कार्यक्रम, शिक्षक पालक संघ बैठक, खेल, विभिन्न सदनों की आंतरिक प्रतियोगितायें और विषय शिक्षण में छात्राध्यापकों को मार्गदर्शन करना।
- छात्राध्यापकों के कार्य निष्पादन के आकलन में सहयोग करना।
- समय–समय पर इंटर्न की समस्याओं और कठिनाईयों का समाधान करना।

6. इंटर्नशिप के दौरान छात्राध्यापक की जिम्मेदारियाँ

इंटर्नशिप के दौरान छात्राध्यापक को कक्षा शिक्षण, कक्षा प्रबंधन, शाला व समुदाय आधारित विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता करनी होती है, इसके लिए इंटर्न में समझ, दक्षता और कौशल का विकास करना चाहिए। इनमें से कुछ गतिविधियाँ प्रथम वर्ष व कुछ द्वितीय वर्ष में करना होती है। कुछ सुझावात्मक गतिविधियाँ निम्नानुसार है।

- इंटर्नशिप शाला और उसके आसपास के समुदाय की समझ।
- शाला की पाठ्यपुस्तको और पाठ्यक्रम का विश्लेषण।
- नियमित शिक्षकों की कक्षाओं का अवलोकन।
- प्रथम वर्ष में 20 पाठों का अवलोकन जिसमें 10 प्राथमिक स्तर के और 10 माध्यमिक स्तर के होगें।
- नवाचारी केन्द्र (ऐसी शालाएँ/केन्द्र जहाँ नवाचारी गतिविधियों करवाई जा रही हों) का भ्रमण करना।
- सहपाठी इंटर्न की कक्षाओं का अवलोकन।
- इंटर्नशिप शाला की केस–स्टडी (शाला प्रोफाईल) का निर्माण करना।
- पाठ योजना और इकाई योजना को तैयार करना।
- इकाईयों का चयन करते समय इंटर्न लैब शाला के वार्षिक केलेण्डर का अनुसरण अवश्य करें।
- प्राथमिक शालाओं में 4 विषयों की वर्तमान में पढ़ाई जाने वाली इकाई का शिक्षण करना।
- माध्यमिक शालाओं में प्रस्तावित पाठ्यक्रम के चयनित 2 विषयों की वर्तमान में पढ़ाई जाने वाली इकाई का शिक्षण करना।
- व्यवस्थापक शिक्षक के रूप में शिक्षण करना।
- छात्राध्यापक विषय की पूर्व तैयारी करके जाये। अपने साथ पाठ योजना के साथ–साथ उस दिन अध्यापन की आवश्यक सहायक शिक्षण सामग्री को साथ लेकर जाये।
- शाला में रखी उपस्थिति पंजी में नियमित हस्ताक्षर करना। उपस्थिति पंजी शाला अनुभव कार्यक्रम के पश्चात् प्रधानाध्यापक द्वारा प्रमाणित कर शिक्षक शिक्षा संस्थान में जमा की जाएगी, जिसके आधार पर इंटर्नशिप अवधि के दौरान की छात्राध्यापक की उपस्थिति का प्रतिशत निकाला जायेगा।
- शिक्षण अधिगम स्रोतो का विकास कर कक्षा शिक्षण में उपयोग करना।
- निदानात्मक परीक्षण का निर्माण एवं उपचारात्मक शिक्षण की योजना का आयोजन करना।
- किसी एक छात्र की केस स्टडी करना।
- शाला से संबंधित कम से कम एक समस्या का चयन कर क्रियात्मक अनुसंधान करना।
- प्रश्न पत्र एवं अन्य मूल्यांकन प्रपत्रों का निर्माण करना।
- सामुदायिक कार्य एवं सामुदायिक सर्वे करना।
- रिफ्लेक्टिव डायरी या जर्नल में दिन–प्रतिदिन की गतिविधियों और प्रतिक्रियाओं का संधारण करना।
- किसी एक चयनित थीम पर टर्म पेपर लिखना।
- शिक्षक शिक्षा संस्थान और इंटर्नशिप शाला अपनी विशेष स्थानीय आवश्यकता के आधार पर अतिरिक्त गतिविधियों का भी चयन कर सकते हैं।

7. छात्राध्यापक की प्रगति (कार्य निष्पादन) का आकलन एवं प्रमाणीकरण

NCTE रेग्युलेशन–2014 के अनुसार इंटर्न की प्रगति का आकलन संस्थान के अकादमिक सदस्यों, लैब शालाओं के प्रार्चायों और मेंटर शिक्षको की संयुक्त जिम्मेदारी है। आकलन में वास्तुनिष्ठता एवं पारदर्शिता लाने के लिए संबद्धता निकाय को विस्तृत मूल्यांकन योजना प्रस्तावित करनी चाहिये और आकलन के लिए एक व्यवस्थित प्रणाली का सुझाव देना चाहिये। सभी शिक्षक शिक्षा संस्थानों में एकरूपता लाने के लिए शाला अवलोकन प्रपत्र, शिक्षण गुणवत्ता आकलन प्रपत्र, टर्म पेपर, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, मूल्यांकन प्रपत्र इत्यादि के प्रारूपों का विकास NCTE द्वारा किया जाना चाहिये।

8. शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम (दो वर्षीय)

I. इंटर्नशिप प्रथम वर्ष– शाला अनुभव कार्यक्रम /स्कूल एक्सपोजर प्रोग्राम (SEP)

शाला अनुभव कार्यक्रम के अन्तर्गत शाला से संबंधित समस्त गतिविधियों से छात्रों का परिचय करवाया जाता है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राध्यापकों में पेशेवर दक्षता और शिक्षण के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को विकसित करना है। इसमें छात्राध्यापक शिक्षण अधिगम प्रक्रिया और शाला के वातावरण से परिचित होते हैं साथ ही शाला के क्षेत्र और समुदाय से परिचित होते हैं, जहाँ शाला में आने वाली समस्याओं के साथ–साथ शाला और समुदाय के बीच के संबंध को समझने का प्रयास करते हैं, इस प्रकार शाला के संपूर्ण परिदृश्य से छात्र का परिचय होता है।

i. उद्देश्य–

- शाला के वातावरण से परिचित होना तथा छात्रों के सर्वांगिण विकास हेतु निर्धारित विभिन्न आयामों को समझना।
- शाला की पाठ्यपुस्तकों का विश्लेषण करना एवं उपलब्ध संदर्भ सामग्री का बच्चों के विकास एवं शिक्षण शास्त्र पद्धति के आधार पर आलोचनात्मक अध्ययन करना।
- नियमित शिक्षक की कक्षाओं का अवलोकन करना एवं शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को समझ कर अपनी प्रतिक्रिया देना।
- शाला और समुदाय के बीच के संबधों को समझ कर अधिगम वातावरण का निर्माण करना।

ii. शाला अनुभव कार्यक्रम हेतु प्रस्तावित गतिविधियाँः–

शाला अनुभव कार्यक्रम प्रथम वर्ष में 04 सप्ताह का होगा जिसमें निम्न 03 गतिविधियाँ प्रस्तावित हैः–

- शाला अवलोकन
- पाठ्य पुस्तको का विश्लेषण
- नवाचारी शिक्षण शास्त्र एवं अधिगम के नवाचारी केन्द्रों का भ्रमण।

स्कूल एक्पोजर कार्यक्रम (SEP) तीन चरणों में होगा

a. शाला अनुभव कार्यक्रम के दौरान पूर्व गतिविधियाँ

b. शाला अनुभव कार्यक्रम के दौरान की गतिविधयाँ

c. शाला अनुभव कार्यक्रम के पश्चात की गतिविधियाँ

a. शाला अनुभव कार्यक्रम के दौरान पूर्व गतिविधियाँः–

समस्त शिक्षण संस्थानों को लैब एरिया की अच्छी शालाओं का आवंटन करना चाहिए। उनकी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शिक्षक शिक्षा संस्थानों द्वारा आवंटित शालाओं में संसाधन और अधिगम सामग्री उपलब्ध करवाना चाहिये। इस प्रकार बहुत सारी गतिविधियाँ पूर्व में ही शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान द्वारा

पूर्ण कर ली जानी चाहिए। इंटर्नशिप शाला के प्रधानाध्यपक एवं चयनित मेंटर का उन्मुखिकरण कार्यक्रम किया जाना चाहिये।

- छात्र अध्यापको को SEP के प्रमुख उद्देश्यों से परिचित करवाया जाये।
- संस्थान के अकादमिक सदस्यों द्वारा पूर्व इंटर्नशिप गतिविधि के समय में SEP के उद्देश्यों की विस्तृत चर्चा करनी चाहिये। SEP की आवश्यकता पर चर्चा करना चाहिये तथा SEP कार्य के दौरान होने वाली गतिविधियाँ, कार्य करने वाले प्रपत्रों और रिपोर्ट पर चर्चा कर समझाया जाना चाहिए। शाला अनुभव कार्यक्रम प्रारम्भ होने की और पूर्ण होने की अवधि को बताया जाना चाहिये।
- छात्राध्यापकों को सूचित किया जाये की उन्हें 04 सप्ताह के दौरान, 02 सप्ताह शासकीय एवं 02 सप्ताह अशासकीय शालाओं में जाना है।
- प्रत्येक छात्राध्यापक को पास–पास वाली शासकीय और अशासकीय शालाओं का आवंटन किया जाना चाहिए।
- प्रत्येक छात्राध्यापक को इन चयनित शालाओं के अलावा एक नवाचारी केन्द्र का भी भ्रमण करना है जहाँ नवाचारी पद्धति से शिक्षण एवं अधिगम प्रक्रिया की जा रही है।
- स्कूल एक्पोजर कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्राध्यापकों से आशा की जाती है की वे शाला का अवलोकन कर, शाला में होने वाली विभिन्न गतिविधियों में सहभागिता कर अनुभव प्राप्त करें जिसमें शाला एवं छात्रों का विकास होता है।
- छात्राध्यापकों की समझ का अवलोकन करने के लिये 02 पैरामीटर तय किये गये हैं।
    - शाला प्रोफाइल
    - शाला के कार्य एवं गतिविधियाँ

    - **शाला प्रोफाइल–** शाला प्रोफाइल के अन्तर्गत शाला का स्थापना वर्ष, प्रबंधन का प्रकार, प्रबंधन की टीम, शाला के छात्रों का डाटा रिकार्ड, शाला के शिक्षकों को प्रोफाइल, शाला में संधारित विभिन्न रिकार्ड, आधारभूत संरचना की उपलब्धता, शाला की उपलब्धि और शाला की स्थानीय विशेषताएँ एवं समुदाय तथा पर्यावरण को शामिल करना चाहिए।

    - **शाला के कार्य एवं गतिविधियाँ–** शाला के अंतर्गत अपनाई जाने वाली शिक्षण अधिगम प्रक्रियाएँ, प्रार्थना सभा का स्वरूप शिक्षण अधिगम में ICT का उपयोग, समुदाय के साथ संलग्न गतिविधियाँ एवं सेवाएँ, मध्यान भोजन का क्रियान्वयन, स्टाफ एवं समुदाय के साथ आयोजित होने वाली बैठकें इत्यादि।

- प्रत्येक छात्राध्यापक को शाला पूर्व गतिविधियों के दौरान प्रशिक्षित किया जाए कि शाला में अवलोकन के दौरान छात्राध्यापक/प्रधानाध्यापक एवं मेंटर शिक्षक निम्नानुसार अपने कार्यों का सम्पादन करेंगे :–
    - छात्राध्यापक सर्व प्रथम संस्थान के प्राचार्य/प्रधानाध्यापक को अपना परिचय आदेश और शपथ पत्र देगें।
    - छात्राध्यापक शिक्षण संस्थान द्वारा दी गयी छात्रों की सूची और संस्थान द्वारा दिया गया उपस्थिति रजिस्टर प्राचार्य को सौंपेगें।
    - छात्राध्यापक पूर्ण समय शाला में उपस्थित रहकर दोनों समय उपस्थित रजिस्टर में हस्ताक्षर करेगें।
    - प्रधानाध्यापक प्रथम दिवस, स्टाफ और बच्चों से छात्राध्यापक का परिचय करवायेंगें।
    - छात्राध्यापक को निर्धारित गणेश में अवलोकन की अनुमति देगें।
    - छात्राध्यापकों के अवलोकन हेतु समय सारणी का निर्धारण नोट करवायेंगे और हस्ताक्षर लेगें।
    - शाला की विभिन्न गतिविधियों में कार्यविभाजन कर ड्यूटी लगायेगें।
    - छात्राध्यापकों की शाला में बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करेगें।

- शाला अनुभव कार्यक्रम की समाप्ति पर प्रतिवेदन के रिकार्ड को प्रमाणित कर मूल्यांकन हेतु सहयोग करेगें।
- छात्राध्यापकों को बच्चों के पालको से परिचय कराने का अवसर यथा संभव उपलब्ध करायेंगे जिससे बच्चों के सामाजिक, परिवारिक एवं आर्थिक परिवेश पर छात्राध्यापक की समझ विकसित हो सके।
- विशेष परिस्थितियों में आवश्यकतानुसार अवकाश लेने पर रजिस्टर में दर्ज करेगें।
- अनियमित छात्राध्यापक की सूचना संस्थान प्रमुख को देंगे।

❖ **पाठ्यपुस्तकों एवं अन्य स्रोत सामग्री का विश्लेषणः–**

- छात्राध्यापको से आशा की जाती है कि वे 2 विभिन्न विषयों की पाठ्यपुस्तकों का विश्लेषण करेंगे। जिसमें से **01 पुस्तक प्राथमिक स्तर एवं दूसरी पुस्तक माध्यमिक स्तर की होगी**। इस गतिविधि का प्रमुख उद्देश्य है की पाठ्यपुस्तक एवं स्रोत सामग्री का छात्रों के विकास में एवं शिक्षण शास्त्र के आधार पर आलोचनात्मक अध्ययन करना। यह संस्थान में करवायी जाने वाली प्रमुख गतिविधि है जो की छात्राध्यापकों को 02 या 03 के समूह में करवायी जाना चाहिये।
- प्रत्येक समूह से आशा की जाती है की वह 02 पाठ्यपुस्तक या स्रोत सामग्री का विश्लेषण करेगा जिसमें **01 प्राथमिक एवं 01 माध्यमिक स्तर** की होगी।
- समूह को कार्य देते वक्त यह सावधानी देनी चाहिये की प्रत्येक समूह को विभिन्न प्रकार की पाठ्यपुस्तके एवं स्रोत सामग्री दी जाये, हमेशा ध्यान रखा जाये की किन्ही भी 02 समूह को एक समान सामग्री का विश्लेषण ना दिया जाये।
- छात्राध्यापकों से आशा की जाती है की वे निम्न बिन्दुओं पर पाठ्यपुस्तकों का अवलोकन करें।
- पाठ्यपुस्तको में पाठो का चयन बच्चों के मानसिक एवं मनोवैज्ञानिक विकास के अनुसार किया गया है या नहीं।
- सभी विषयों के ज्ञान के संगठन में भारतीय संविधान के मूल्यों की गूँज व्यापक रूप से सुनाई दे रही है या नहीं इसका वश्लेषण करें।
- पाठ्यपुस्तक के पाठों और पाठ प्रस्तुतीकरण के बीच अंतःविषय संबंध एवं विषयगत संबंध है या नहीं विश्लेषण करना।
- पाठ्य पुस्तकों में दिया गया ज्ञान छात्र को दैनिक जीवन के अनुभवों से जोड़ता है या नहीं यह विश्लेषण करना।
- पाठ्यपुस्तक या स्रोत सामग्री लिंग, शान्ति, स्वास्थ एवं दिव्यांग बच्चों की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील है या नहीं।
- मूल्यों एवं दृष्टिकोणों के मध्य सामंजस्य करना।
- शैक्षिक तकनीक के उपयोग की क्षमता विकसित करना।
- ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में लचीलापन, सृजनात्मकता एवं बच्चों में ज्ञान के निर्माण के लिए प्रोत्साहित करना।
- पाठ्यक्रम में सूचनाओं के बोझ को कम करते हुए पाठो में अन्तःगतिविधियों की अधिकता एवं बच्चों की समझ आने वाली आम बोल–चाल की भाषा में प्रस्तुतीकरण दिया गया है या नहीं।
- पाठ्यसामग्री में आकलन की संलग्नता है या नहीं।
- पाठ्यसामग्री में लिंग के प्रति अनुकूलन एवं लिंग समावेशिता दिव्यांग बच्चों ओंर उपेक्षित समूह के मध्य सकारात्मक प्रतिक्रिया दी गयी है या नहीं।

पाठ्यपुस्तकों के अलावा अन्य संसाधन सामग्री जैसे–

- RTE Act- 2009
- NCF -2005
- NCFTE- 2009
- Learning Without Burden (Yashpal Commission Report)
- Justice Verma Commission Report
- Delor's Commission Report

जैसी अन्य प्रमुख रिपोर्ट एवं स्रोत सामग्री को विश्लेषण/रिव्यू हेतु शामिल किया जा सकता है।

❖ **नवाचारी अधिगम केन्द्रों का भ्रमणः–**

शाला एक्पोजर कार्यक्रम (SEP) के अन्तर्गत छात्राध्यापकों द्वारा नवाचारी केन्द्रों का भ्रमण किया जाना आवश्यक है, इसके अन्तर्गत ऐसी शाला जो नये प्रयोग एवं अभ्यास के दौरान नवाचारी गतिविधियों को शामिल कर बच्चों और संगठन दोनो की शक्ति और उपलब्धि को बढ़ा रहे है, उनका चयन करना चाहिए।

छात्रों को ऐसे केन्द्रों के भ्रमण के समय यह ध्यान रखना चाहिये की इन केन्द्रों का कार्यशैली किस प्रकार की है, उनका स्टाफ एवं प्रबंधन किस तरह कार्य कर रहा है, ताकि नियमित शिक्षक बनते समय इन नवाचारी गतिविधियों की आत्मसात कर अच्छे शिक्षक बन सकें।

टीप– शाला अनुभव कार्यक्रम (SEP)संस्थान प्रमुख द्वारा अपनी संस्थाओं में इंटर्नशिप वार्षिक केलेण्डर जारी होने के अनुसार आवश्यक रूप से संपन्न करवा लेना होगा ताकि छात्राध्यापक इंटर्नशिप शालाओं में प्रशिक्षित होकर पहुंचे और इंटनशिप के उद्देश्यों को प्राप्त करने में सफलता प्राप्त करें। संपूर्ण इंटर्नशिप कार्यक्रम की जिम्मेदारी संस्था प्रमुख की है।

b. शाला अनुभव कार्यक्रम के दौरान की गतिविधयाँः–

इसके अन्तर्गत शाला के अवलोकन के दौरान की जाने वाली गतिविधियाँ शामिल हैं। छात्राध्यापकों को पूर्व तैयारी के दौरान संस्थानों में जो प्रशिक्षण दिया गया है, उसके आधार पर उन्हें आंवटित शाला में दो–दो के समूह में पाठ्यपुस्तकों एवं स्रोत समाग्री का विश्लेषण, एक प्राथमिक स्तर पर तथा एक माध्यमिक स्तर पर करना है।

दोनो गतिविधियों हेतु छात्राध्यापकों को अतिरिक्त समय नहीं दिया जायेगा। यह कार्य उन्हें शाला अवलोकन के दौरान ही करना है। शाला अवलोकन के दौरान छात्राध्यापकों को शाला प्रारंभ होने से शाला समाप्त होने के मध्य की समस्त गतिविधियाँ का अवलोकन करना है। इन गतिविधियों के दौरान उन्हें संस्था में पढ़ाये गये सैद्धांतिक तथ्यों को व्यावहारिक रूप में परखते हुए अपनी रिपोर्ट में अंकित करना है।

शाला अनुभव कार्यक्रम के दौरान छात्राध्यापकों से आशा की जाती है की वे निम्नलिखित दस्तावेज संस्थान में जमा करेगें।

- ❖ शाला प्रोफाइल
- ❖ शाला अवलोकन रिपोर्ट
- ❖ स्कूल विजिट डायरी/रिफ्लेक्टिव जर्नल(Reflective Journal)

❖ **शाला प्रोफाईलः–** इसका उद्देश्य छात्राध्यापकों को शाला के समय और भौतिक मानकों से परिचित कराना है। इसके अन्तर्गत–शाला का इतिहास, स्थापना का वर्ष, छात्रों का नामांकन, अधोसंरचना, शाला अभिलेख, स्थानीय विशेषताएँ इत्यादि शामिल करना चाहिए।

छात्राध्यापक को निम्न पैरामीटर पर कार्य करना है–

- **शाला का इतिहास और विकास–**
  - स्थापना का वर्ष
  - स्थापना का कारण
  - शाला का प्रकार
  - शाला प्रबंधन
  - शाला की स्थापना में आने वाली बाधाएँ (समुदाय से चर्चा पर आधारित)

- **छात्रों का नामांकन**
  - वर्ष में नामांकित छात्रों की संख्या
  - नामांकन का रूझान
  - वर्ग अनुसार नामांकन
  - शाला प्रबंधन (SC, ST, OBC, etc)
  - ड्राप आउट रेट/पास रेट
  - पालकों का विवरण इत्यादि

- **शिक्षकों की प्रोफाईल–**
  - शिक्षकों की योग्यता
  - नियुक्त शिक्षकों की संख्या
  - उपस्थित शिक्षकों की संख्या (अनुपस्थिति का कारण)
  - प्रधानाध्यापक से संबंधित विवरण
  - शिक्षकों के मध्य कार्य विभाजन

- **अशैक्षणिक स्टाफ–**
  - अशैक्षणिक स्टाफ की योग्यता
  - नियुक्त अशैक्षणिक स्टाफ
  - अनुपस्थित अशैक्षणिक स्टाफ (अनुपस्थिति का कारण)
  - अशैक्षणिक स्टाफ का कार्य विभाजन

- **अधोसंरचनात्मक सुविधाएँ–**
  - प्राचार्य कक्ष
  - स्टाफ कक्ष
  - खेल का मैदान
  - कक्षाएँ
  - प्राथमिक सुविधाएँ
  - सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए हॉल इत्यादि

- **शाला अभिलेख रिकार्ड–**
  - शाला में संधारित अभिलेख रजिस्टर के प्रकार
  - विभिन्न प्रकार के रजिस्टरों की उपयोगिता
  - रजिस्टर के संधारणकर्त्ता संबंधित जानकारी

- **शाला परिसर–**
  - संस्थान परिसर की विशेषताएँ
  - शाला के आस–पास की अन्य शालाएँ
  - शाला का इतिहास एवं महत्व
  - शाला की भौगोलिक एवं जलवायु की स्थिति इत्यादि।

❖ **शाला अवलोकन रिपोर्ट–**

शाला अवलोकन रिपोर्ट का मुख्य उद्देश्य छात्राध्यापकों की शाला में होने वाली विभिन्न गतिविधियों से अवगत करना है। जिसमें मुख्यतः शिक्षण अधिगम से संबंधित गतिविधियाँ है। शाला अवलोकन रिपोर्ट को तैयार करते समय छात्राध्यापक को बहुत बारीकी से चार सप्ताह में होने वाली गतिविधियों का अवलोकन करना है। अवलोकन के साथ–साथ उन्हें हर गतिविधि को नोट करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, जो उसे शाला अवलोकन रिपोर्ट तैयार करने में सहायक होगी। छात्राध्यापकों की डायरी में नोट किये गये अवलोकन भी उसे शाला अवलोकन रिपोर्ट तैयार करने में मदद करेगें।

इस प्रकार शाला अवलोकन रिपोर्ट तैयार करते समय छात्राध्यापक शाला की कार्य शैली की समालोचनात्मक समीक्षा कर अपने मत को शाला अवलोकन प्रपत्र में दर्ज करेगा।

निम्नलिखित पैरामीटर के आधार पर शाला अवलोकन रिपोर्ट तैयार की जा सकती है–

- **प्रार्थना सभाः–**
  - शाला में प्रारंभ और समाप्ति की प्रार्थना
  - प्रार्थना सभाओं के दिवस
  - प्रार्थना सभा की बारम्बारता
  - विशेष अवसर पर होने वाली प्रार्थना सभा
  - प्रार्थना सभा की प्रक्रिया
  - प्रार्थना सभा का स्थान इत्यादि

- **शिक्षण अधिगम गतिविधियाँः–**
  - छात्र अध्यापकों द्वारा अधिकतम 20 पाठो का अवलोकन किया जाना चाहिए, जिसमें से 10 प्राथमिक शाला के पाठ एवं 10 माध्यमिक शाला के पाठ होना चाहिए।
  - एक दिवस में 2 से अधिक पाठ नहीं देखना है।
  - कक्षा शिक्षण के दौरान शिक्षको द्वारा पाठ योजनाओं का निर्माण, शिक्षण अधिगम सामग्री का निर्माण, कक्षा का अनुशासन, कक्षा में नवाचारी पद्धति का उपयोग, धीमी गति से पढ़ने वाले बच्चों का ध्यान रखना इत्यादि सिखाया जाना चाहिए, इस हेतु संस्थान के अकादमिक सदस्यों को चयनित शाला के शिक्षको का पर्याप्त उन्मुखिकरण कर उनकी शंकाओं का समाधान पूर्व में ही कर देना चाहिए।

- **नवाचारी पद्धति और ICT की उपयोगिताः–**
  - शिक्षण में ICT और नवाचारी पद्धति का उपयोग
  - शिक्षण शास्त्र में ICT को जोड़ना
  - ICT के उपयोग की चुनौतियाँ
  - ICT की प्रभावशीलता

- **समुदाय की सहभागिता और अतिरिक्त गतिविधियाँः–**
  - समुदाय के लिए आयोजित की जाने वाली गतिविधियाँ
  - समुदाय के लिए आयोजित कार्यक्रम की बारम्बारता
  - समुदाय के साथ किए जाने वाले कार्यक्रम की उपयोगिता इत्यादि

- **सदन (HOUSE) गतिविधियों का निर्माणः–**
  - सदन में होने वाली गतिविधियाँ
  - सदन के लिए शिक्षक की जिम्मेदारियाँ
  - सदन में होने वाली गतिविधियों के प्रकार
  - सदन की बैठके
  - सदन के पुरस्कार इत्यादि

- **मध्यान्ह भोजनः–**
  - प्रभारी शिक्षक का नाम
  - मध्यान्ह भोजन का विवरण
  - प्रदाय किये जाने वाले भोजन का प्रकार एवं भंडारण
  - दिये गये भोज्य पदार्थ का गुणवत्ता सहित विवरण

- **बैठकेंः–**
  - शाला में आयोजित होने वाली बैठको की संख्या
  - शाला में छात्रपरिषद् (Cabinet) के साथ होने वाली बैठकों की संख्या
  - शाला में शिक्षक पालक संघ के साथ होने वाली बैठको की संख्या
  - बैठको की बारम्बारता
  - बैठक में उपस्थिति
  - बैठक का समय
  - बैठक का कारण
  - बैठक में अनुपस्थिति का कारण इत्यादि।

❖ **स्कूल विजिट डायरी/रिफ्लेक्टिव जर्नलः–** एन.सी.टी.ई. के अनुसार डी.एल.एड. कार्यक्रम का एक मुख्य उद्देश्य एक चिंतनशील अध्यापक को तैयार करना है जो शैक्षिक सिद्धांतों और व्यवहार में विरोधाभास ना रखकर सिद्धांतों को अपने व्यवहार में ढालने का प्रयास करे। छात्राध्यापकों से आशा की जाती है की दैनिक दिनचर्या में प्राप्त शाला के अनुभव, बच्चों के व्यवहार, व्यावसायिक चुनौतियाँ इत्यादि पर चिंतन कर अपने अनुभवों का समीक्षात्मक लेखन कार्य स्कूल विजिट डायरी/रिफ्लेक्टिव जर्नल में करें। यह विश्लेषण उसे सीखने में और सुविधादाता शिक्षक बनने में मील का पत्थर साबित होगा। इसमें छात्राध्यापक स्वयं के विश्लेषण, चिंतन और साझा अनुभवों से भावी शिक्षक बनने की प्रक्रिया में कदम बढ़ायेगा।

c. शाला अनुभव कार्यक्रम के पश्चात की गतिविधियाँ (आंतरिक मूल्यांकन)

छात्राध्यापक द्वारा चार सप्ताह के स्कूल एक्सपोजर कार्यक्रम (SEP) के पश्चात यह आशा की जाती है की वह निम्नलिखित प्रपत्र और रिकार्ड जमा करे। प्रत्येक रिपोर्ट के साथ तथ्यात्मक जानकारी एवं फोटोग्राफ अवश्य संलग्न करें,

1) शाला प्रोफाईल

2) शाला अवलोकन प्रपत्र
3) पाठ्यपुस्तक विश्लेषण रिपोर्ट
4) नवाचारी केन्द्र के भ्रमण की रिपोर्ट
5) रिफ्लेक्टिव जर्नल

एक या दो दिवसीय सेमीनार का आयोजन संस्थान में लैब एरिया की शालाओं के मेंटर शिक्षकों की उपस्थिति में करवाया जाये। इसमें छात्राध्यापक अपने समस्त दस्तावेजों को संस्थान के विषय विशेषज्ञ, सुपरवाईजर, शिक्षक और मेंटर शिक्षक की उपस्थिति में प्रस्तुत करेंगे। प्रत्येक छात्राध्यापक का आंतरिक मूल्यांकन लैब एरिया के मेंटर शिक्षक/प्रधानाचार्य, संस्थान सुपरवाईजर एवं विषय विशेषज्ञ शिक्षकों का सामूहिक उत्तरदायित्व है।

iii. छात्राध्यापकों का आकलन (बाह्य मूल्यांकन) – आकलन शैक्षिक प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण भाग होता है। इसी लिए एन.सी.टी.ई. द्वारा सतत एवं व्यापक मूल्यांकन की बात कही गई है। भविष्य के शिक्षकों के लिए एक सुविधाजनक आकलन प्रक्रिया का निर्माण होना चाहिए जिससे इंटर्नशिप के दौरान छात्राध्यापकों की उपलब्धि का आकलन किया जा सके। यह एक ऐसा कार्यक्रम है जिसमें छात्राध्यापकों के सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप से जोड़ा जाता है, इसमें छात्राध्यापक का आंतरिक एवं बाह्य मूल्यांकन किया जाता है। आंतरिक मूल्यांकन संस्थान सुपरवाईजर, विषय विशेषज्ञ और लैब एरिया के मेंटर शिक्षक/प्राधानाध्यापक की सामूहिक जिम्मेदारी है। बाह्य मूल्यांकन माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा नियुक्त बाह्य मूल्यांकन कर्ता द्वारा सेमीनार के दौरान किया जाएगा।

- **सेमीनार का आयोजनः–** शिक्षक शिक्षा संस्थान एक से दो दिवसीय (छात्रों की संख्या के अनुसार) सेमीनार का आयोजन माध्यमिक शिक्षा मण्डल के निर्देशो पर नियुक्त बाह्य मूल्यांकन कर्ता की उपस्थिति में करायेंगे जिसमें छात्राध्यापक अपने अनुभवों को साझा करेगें। छात्राध्यापक SEP के दौरान तैयार रिपोर्ट एवं दस्तावेजो को जमा करेंगे एवं पी.पी.टी. द्वारा अपने कार्यों पर पांच मिनिट का प्रस्तुतीकरण देगें। सेमीनार प्रस्तुतीकरण और जमा दस्तावेजों (रिपोर्ट एवं प्रपत्र) पर अधिभार के आधार पर बाह्य मूल्यांकन कर्ताओं द्वारा मौखिक एवं लिखित मूल्यांकन किया जायेगा और अंक माध्यमिक शिक्षा मण्डल को नोडल संस्था के माध्यम से प्रेषित किये जायेंगे।

सेमीनार में चर्चा के बिन्दु

1) शाला प्रोफाईल पर चर्चा
2) शाला अवलोकन रिपोर्ट
3) नवाचारी केन्द्र का भ्रमण
4) पाठ्यपुस्तक और अन्य सामग्री का समालोचनात्मक विश्लेषण
5) सेमीनार प्रस्तुतीकरण
    - स्रोत सामग्री का विकास और शिक्षण अधिगम सामग्री (TLM) पर चर्चा
        - एक शिक्षण अधिगम सामग्री– हिन्दी विषय पर चर्चा
        - एक शिक्षण अधिगम सामग्री– गणित विषय पर चर्चा
    - रिफ्लेक्टिव जर्नल पर चर्चा
        - प्राथमिक शाला की रिफ्लेक्टिव जर्नल रिपोर्ट
        - माध्यमिक शाला की रिफ्लेक्टिव जर्नल रिपोर्ट
    - कक्षा अवलोकन रिपोर्ट पर चर्चा
        - प्राथमिक शाला के 10 कक्षा अवलोकन
        - माध्यमिक शाला के 10 कक्षा अवलोकन
    - शाला की शैक्षिक एवं सहशैक्षिक गतिविधियों में सहभागिता (छात्राध्यापक का पोर्टफोलियो)
        - विभिन्न बैठकों में सहभागिता की रिपोर्ट
        - समुदाय के साथ कार्य पर रिपोर्ट

- **शाला इंटर्नशिप प्रथम वर्ष मूल्यांकन योजनाः–** शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम प्रथम वर्ष में आंतरिक मूल्यांकन के 50 अंक तथा बाह्य मूल्यांकन के 50 अंक निर्धारित हैं। इस प्रकार कुल 100 अंक शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम के दौरान दिये जायेंगे। आंतरिक मूल्यांकन संस्थान स्तर पर तथा बाह्य मूल्यांकन माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा नियुक्त बाह्य मूल्यांकनकर्त्ता द्वारा उपलब्ध रिकार्ड और मौखिक एवं लिखित आकलन के आधार पर किया जाएगा। इसके लिए संस्थान स्तर पर सेमीनार का प्रस्तुतीकरण करना आवश्यक है। सेमीनार में प्रत्येक छात्राध्यापक अपने शाला के अनुभव को पी.पी.टी. के माध्यम से साझा करेगा। प्रत्येक छात्राध्यापक निर्धारित समय पांच मिनिट में अपनी प्रस्तुति देगा। जिसके आधार पर बाह्य मूल्यांकनकर्त्ता मौखिक और लिखित रिकार्ड पर छात्राध्यापक का मूल्यांकन करेंगे।

शाला इंटर्नशिप प्रथम वर्ष मूल्यांकन योजना

पूर्णांक – 100 **आंतरिक मूल्यांकन अंक – 50**
अवधि– 24 **बाह्य मूल्यांकन अंक – 50**

क्र.	गतिविधि का नाम	अधिभार	रिपोर्ट/दस्तावेजों/गतिविधि का प्रकार	आंतरिक मूल्यांकन		बाह्य मूल्यांकन		योग
				शाला प्रमुख मेंटर द्वारा	संस्थान सुपरवाइजर/विषय विशेषज्ञ द्वारा	मौखिक	लिखित	
1	शाला प्रोफाईल का निर्माण	10%	शाला प्रोफाईल रिपोर्ट (शासकीय और अशासकीय)	5	–	5	–	10
2	शाला अवलोकन	10%	शाला अवलोकन रिपार्ट (शासकीय और अशासकीय)	5	–	5	–	10
3	नवाचारी केन्द्र का भ्रमण	10%	नवाचारी केन्द्र की भ्रमण रिपोर्ट	–	10	–	–	10
4	पाठ्यपुस्तक और अन्य स्त्रोत सामग्री का समालोचनात्मक विश्लेषण	20%	पाठ्यपुस्तक/अन्य स्त्रोत सामग्री की विश्लेषण रिपोर्ट (1 प्राथमिक एवं 1 माध्यमिक)	–	10	10	–	20
5	सेमीनार प्रस्तुतीकरण	10%	स्रोत सामग्री और शिक्षण अधिगम सामग्री (हिन्दी एवं गणित) विषय का रिकार्ड	–	5	5	–	10
		10%	रिफ्लेक्टिव जर्नल पर रिपोर्ट– 2 (प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला)	–	5	5	–	10
		10%	कक्षा अवलोकन रिपोर्ट 5–5 प्राथमिक शाला (शा.–अशा.) और 5–5 माध्यमिक शाला (शा.–अशा.)	–	–	–	10	10
		10%	शाला की शैक्षिक एवं सहशैक्षिक गतिविधियों में सहभागिता का रिकार्ड (छात्राध्यापक का पोर्टफोलियो)	10	–	–	–	10
		10%	ICT की उपयोगिता– सेमीनार में पी.पी.टी. द्वारा प्रस्तुतीकरण।	–	–	–	10	10
	योग	100%		20	30	30	20	100

II. इंटर्नशिप द्वितीय वर्ष –शिक्षण अभ्यास, समुदाय के साथ कार्य

i. उद्देश्यः–

- प्रभावशाली अधिगम के लिए अपनाई जाने वाली विभिन्न शिक्षण पद्धतियों की समझ का विकास करना।
- सांस्कृतिक, शैक्षिक भ्रमण एवं खेल के द्वारा शिक्षा के प्रसार के लिए विभिन्न गतिविधियों द्वारा कौशलो का विकास करना।
- समुदाय के सदस्यों, प्रधानाध्यापक, साथी विद्यार्थियों, एवं विद्यार्थियों के साथ बातचीत की योग्यता का विकास करना।
- विद्यार्थियों की सृजनात्मकता को पहचानना और उसे बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियेां को आयोजित करना।
- विद्यार्थियों को स्वयं के ज्ञान का निर्माण करने के लिए गतिविधियों का आयोजन करना।
- समावेशी शिक्षण अभ्यास को विभिन्न प्रकार से आयोजित करना।
- CCE के लिए समझ, कौशल का विकास करना और उसका उचित क्रियान्वयन करना।
- पाठ्य योजनाओं का विकास करना एवं कक्षा आधारित क्रियात्मक अनुसंधान करना।
- शाला अनुभव कार्यक्रम का समालोचनात्मक चिंतन के आधार पर नियमित रिकार्ड संधारित करना।

ii. शाला इंटर्नशिप की गतिविधियाँः–

डी.एल.एड. द्वितीय वर्ष में 16 सप्ताह की इंटर्नशिप का आयोजन किया जायेगा, इसके लिए छात्राध्यापकों को लैब एरिया की शालाओं (शासकीय/अशासकीय) में नियुक्त किया जायेगा। शाला चयन के लिए छात्रों को एक विकल्प भी दिया जायेगा। आवंटित शाला में 5–6 से अधिक छात्राध्यापकों को नहीं भेजा जाना चाहिए। लैब शाला का आवंटन जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जाएगा जिसमें छात्राध्यापकों को भेजने हेतु शिक्षक शिक्षा संस्थान में एक इंटर्नशिप समन्वयक नियुक्त किया जाना आवश्यक है। शाला में छात्राध्यापकों को भेजने का अंतिम निर्णय इंटर्नशिप समन्वयक और संस्थान प्रमुख का होगा।

शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम के तीन चरण होगें–

a) शाला इंटर्नशिप के दौरान पूर्व गतिविधियाँ
b) शाला इंटर्नशिप के दौरान गतिविधियाँ
c) शाला इंटर्नशिप के पश्चात् की गतिविधियाँ (आंतरिक मूल्यांकन)

a) शाला इंटर्नशिप के दौरान पूर्व गतिविधियाँः–पूर्व इंटर्नशिप के लिए जिला स्तर पर निर्धारित समिति द्वारा अच्छी शालाओं की पहचान कर शिक्षक शिक्षा संस्थानों को आवंटन किया जाएगा। पूर्व इंटर्नशिप लगभग 02 सप्ताह (12 दिवस) की होगी जिसके अन्तर्गत आवंटित शाला के प्रधानाध्यापकों एवं इंटर्नशिप समन्वयक का जिले की नोडल संस्था (डाइट) में उन्मुखीकरण किया जायेगा। इंटर्नशिप समन्वयक चयनित शालाओं के लिए उच्च शिक्षा प्राप्त मेंटर शिक्षक का चयन कर उन्मुखिकरण कार्यक्रम का आयोजन संस्थान में करेंगे और छात्राध्यापक और मेंटर शिक्षक का परिचय करवाकर प्रत्येक की जिम्मेदारियों से अवगत करायेंगे। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य लैब शालाओं और शिक्षण संस्थानों के बीच संबंधो को उपयोगी और सृदृढ़ बनाना है।

- **मेंटर शिक्षक की पहचान एवं नियुक्तिः**–इंटर्नशिप समन्वयक आवंटित शाला का भ्रमण करेगा और शाला में बनाये जाने वाले मेंटर शिक्षको के लिए जानकारी एकत्र करेगा। उन्मुखिकण के दौरान की गई मेंटर शिक्षक की भूमिका को साझा करेगा जैसे, आदर्श पाठ योजना निर्माण को बताना, उसकी व्यावसायिक

विकास के लिए मार्गदर्शन देना जिससे वह छात्राध्यापकों को उचित मार्गदर्शन दे सके। यहाँ मेंटर शिक्षक, छात्राध्यापकों और शाला के विद्यार्थियों के मध्य होने वाली विभिन्न उपयोगी गतिविधियों में मध्यस्थ की भूमिका निभाएगा।

मेंटर शिक्षक छात्राध्यापकों को निम्नानुसार सहयोग करेगा–

- छात्राध्यापकों के उन्मुखिकरण में।
- छात्राध्यापको को शाला में समायोजन हेतु मदद करना एवं कक्षा के वातावरण निर्माण में लगातार सहयोग करना।
- कक्षा शिक्षण की योजना निर्माण में सहयोग करना।
- छात्राध्यापकों को विभिन्न अवसर प्रदान करना जैसे– विभिन्न प्रकार की कक्षाओं को देखना, योजना निर्माण के लिए निर्देश देना, पाठ योजना के लिए फीडबैक देना, कक्षा शिक्षण के दौरान सहयोग करना एवं कक्षा में निर्माणवादी पाठ्य योजना के दौरान फीडबैक देना जिसके आधार पर छात्रो की सुधारात्मक प्रक्रिया को निरन्तर जाँचना।
- आकलन करना।
- छात्राध्यापकों की उपलब्धि का नियमित आकलन करना और फीडबैक देना। छात्राध्यापकों का आकलन वस्तुनिष्ठता के आधार पर करना और रिकार्ड संधारित करना।

- **सुपरवाईजर/विषय विशेषज्ञ के रूप में संस्थान के अकादमिक सदस्यों की पहचान और विभिन्न शालाओं में नियुक्ति करना।**

इंटर्नशिप समन्वयक द्वारा संस्थान के विभिन्न अकादमिक सदस्यों का उपलब्धता के आधार पर चयन किया जाना चाहिये। सुपरवाईजर/विषय विशेषज्ञ की नियुक्ति के समय उनको आवंटित की जाने वाली इंटर्नशिप शाला का नाम, छात्राध्यापकों का नाम और कक्षाओं का स्पष्ट आदेश लिखित रूप में दिया जाना चाहिये। इसकी विधिवत सूचना शाला के प्रमुख को भी दी जाना चाहिये। साप्ताहिक रूप से संस्थान में एक चार्ट का निर्माण करना चाहिये, जिसमें इंटर्नशिप शालाओं के नाम और भ्रमणकर्ता अकादमिक सदस्यों का नाम प्रदर्शित हो। प्रति सप्ताह यह चार्ट इस प्रकार बनाया जाये की प्रत्येक चयनित लैब शाला में कम से कम एक अकादमिक सदस्य सुपरवाईजर/विषय विशेषज्ञ के रूप में अवश्य भेजा जा सके। सुपरवाईजर को भेजे गयी शाला के मेंटर, छात्राध्यापकों की गतिविधियों के बीच समन्वयन करना चाहिए।

- **छात्राध्यापकों की भूमिका और जिम्मेदारियाँ:–**

इंटर्नशिप अवधि के दौरान छात्राध्यापकों से आशा की जाती है की–

a. सुविधादाता की भूमिका में–
   - इकाई/पाठ योजना का निर्माण
   - कक्षा शिक्षण
   - पाठ अवलोकन
   - TLM का निर्माण और उपयोग करना
   - ICT का समावेशण करना

b. आकलन और उपचार
   - CCE की गतिविधियों का निर्माण (यूनिट टेस्ट के साथ–साथ)
   - निदानात्मक परीक्षण का निर्माण और कठिन बिंदुओं की पहचान
   - उपचार की योजना बनाना और लागू करना।

c. शाला संदर्भ को समझना

- शाला की प्रोफाइल का निर्माण (शाला का प्रकार, अधोसंरचना, सुविधाएँ, शिक्षक, विद्यार्थी, समुदाय से संबंधित सूचनाएँ इत्यादि)
- छात्रों की उपलब्धि

d. अधिगम कार्य को समझना (केस स्टडी)
   - 2–3 छात्रों की प्रोफाइल का निर्माण करना जिसमें चित्रण हो भाषा, सामाजिक–सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, शौक, रूचि, अधिगम की आवश्यकता, स्वास्थ का स्तर, उपलब्धि, पालक का व्यवसाय, उनकी शैक्षिक योग्यताएँ एवं भाई बहन इत्यादि।

e. शाला की गतिविधियों में सहभागिता जैसे प्रार्थना सभा, मध्यान भोजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद, बालसभा शिक्षक पालक संघ बैठके एवं समुदाय के साथ कार्यक्रम इत्यादि।

f. समुदाय और शाला–
   - कक्षा के विद्यार्थियों के घरों का सर्वे।
   - समुदाय के सदस्य–चयनित प्रतिनिधि और SMC सदस्यों पर चर्चा।
   - पालकों से चर्चा।

- **संस्थान स्तर पर पूर्व इंटर्नशिप की तैयारी**
   - पूर्व इंटर्नशिप कांफ्रेंस–चयनित शालाओं के प्रधानाध्यापक/मेंटर का 01 दिवसीय उन्मुखिकरण कार्यक्रम संस्थान में रखा जाये– जिसमें इंटर्नशिप कार्यक्रम उद्देश्य को समझाना, उन्हें छात्राध्यापकों को भावी शिक्षकों के रूप में तैयार करने में उनकी भूमिका से अवगत कराया जाये और संस्थान की लैब एरिया शाला से की जाने वाली अपेक्षाओं और अधिगम उद्देश्यो से परिचित कराया जाये।
   - ईकाइ योजना, पाठ योजना, ब्लू प्रिंट, यूनिट टेस्ट, निदानात्मक परीक्षण, CCE पर चर्चा की जाये।
   - छात्राध्यापकों के मध्य शाला के विभिन्न कार्यों का साप्ताहिक कार्यविभाजन किया जाये और छात्राध्यापकों द्वारा संधारित किये जाने वाले सभी रिकार्ड पर चर्चा की जाये।
   - विभिन्न विषयों के पाठों पर आदर्श पाठ योजना का प्रस्तुतीकरण विषय विशेषज्ञ द्वारा किया जाये। प्रत्येक विषय की कम से कम एक आदर्श पाठयोजना का प्रस्तुतीकरण विशेषज्ञ द्वारा अवश्य किया जाना चाहिए।इसमें छात्राध्यापकों के साथ विस्तृत चर्चा शामिल हो। आदर्श पाठ योजना संभवतः पास की लैब शाला में ले जाकर की जाए, जिससे छात्राध्यापकों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा और संस्थान की पोषित शालाओं को लाभ मिलेगा।
   - छात्राध्यापक द्वारा प्रत्येक विषय में एक पाठ योजना का निष्पादन, आलोचनात्मक पाठ योजना के रूप में संभवतः लैब शाला में जाकर किया जाये।
   - दो पाठ योजनाओं का अवलोकन और बाद में उस पर विस्तृत चर्चा संभवतः लैब एरिया शाला में ले जाकर की जाये।
   - रिफलेक्टिव जर्नल लिखने का उन्मुखिकरण किया जाए।

- **रिफ्लेक्टिव जर्नलः**– इंटर्नशिप के दौरान छात्राध्यापक को अपनी प्रत्येक गतिविधि पर प्रतिक्रिया करने की आवश्यकता है। अपनी प्रतिक्रिया वे अपने विचारों, मतो, भावनाओं और अधिगम तरीकों के आधार पर करते हैं जिसे छात्रों पर अपनाते हैं, स्वमूल्यांकन करते है की कौन सा छात्र जानता है और कौन नहीं जानता है। छात्राध्यापकों द्वारा अपनाई जाने वाली प्रत्येक गतिविधि पर ध्यान देने की आवश्यकता है जो शाला में छात्रों के विकास में सहयोग करती है जैसे– प्रार्थना सभा पर प्रतिक्रिया करना की यह किस प्रकार हो रही है, कितने दिनों बाद हो रही है, छात्रों की इसमें कितनी भागीदारी है, क्या यह छात्रों में मित्रतावत व्यवहार

के आधार पर हो रही है, इन सभी मुद्दे पर आलोचनात्मक परीक्षण छात्राध्यापकों द्वारा किया जाना चाहिये। यह अभ्यास छात्राध्यापक में एक अन्तःदृष्टि का विकास करता है। सभी प्रकार के अवलोकन और समालोचनाएँ छात्राध्यापक द्वारा नियमित रिकार्ड की जानी चाहिये, जो अन्त में रिफ्लेक्टिव जर्नल के रूप में संधारित होती है। छात्राध्यापकों में रिफ्लेक्टिव जर्नल पर अपने समालोचनात्मक विचारों को भी जोड़ने की स्वतंत्रता होनी चाहिये और यही आलोचनाएँ बाद में उसके नियमित शिक्षण अभ्यास के दौरान सुधारात्मक रूप में दिखाई देना चाहिये। यह कक्षा प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण उपयोगी दस्तावेज होता है जिसमें छात्राध्यापक द्वारा कक्षा में पाठ्यक्रम के उद्देश्यों को पूर्ण करने के दौरान बच्चों की प्रतिक्रियाओं का लचीले रूप में आदान–प्रदान होना चाहिये। इससे यह भी पता चलता है की छात्राध्यापक अपनी कक्षा शिक्षण के दौरान लर्निंग आउटकम प्राप्त करने में कितना सफल रहा या कितना दूर है। अगर लर्निंग आउटकम नहीं प्राप्त कर पाया है तो क्या कारण है? अन्त में यह सब प्रतिक्रियाएँ सुझाव होती है जो शिक्षण प्रक्रिया में सुधार करती हैं। इस प्रकार रिफ्लेक्टिव जर्नल छात्राध्यापक के लिए एक अति महत्वपूर्ण दस्तावेज हैं।

संलग्नः–

रिफ्लेक्टिव जर्नल प्रारूप :– परिशिष्ठ क्र –2

b) शाला इंटर्नशिप के दौरान गतिविधियाँ

प्रत्येक छात्राध्यापक इंटर्नशिप की 16 सप्ताह की गतिविधि के दौरान 1 और 2 चरण में प्राथमिक और माध्यमिक स्तर की शालाओं में जायेंगे। इस दौरान छात्राध्यापक शाला के प्रधानाध्यापक द्वारा सौंपी गयी शाला से संबंधित समस्त गतिविधियों में अपनी संलग्नता बनाये रखेगें। वह शाला में पढ़ायेंगे भी और अपने सुपरवाईजर/विषय विशेषज्ञ और मेंटर टीचर के मार्गदर्शन में पाठयोजना का निर्माण कर कक्षा शिक्षण करेंगे। इस चरण में छात्राध्यापकों को एक नियमित शिक्षक का पूर्णकालिक अनुभव प्राप्त होता है।

- प्रथम 3 दिवस वह शाला से सम्बन्धित शिक्षक, प्रधानाध्यापक, अन्य स्टाफ एवं बच्चों के साथ चर्चा कर रिपोर्ट बनाने में व्यतित करता है।
- चयनित विषय के कक्षा शिक्षक की प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर की कक्षाओं का अवलोकन कर चर्चा करता है। कक्षा अवलोकन के दौरान वह अधिगम परिस्थितियों को बारीकी से समझता है और बच्चों में व्याप्त व्यक्तिगत भिन्नताओं को समझने का प्रयास करता है। यह सब प्रक्रिया उसे शाला का वातावरण समझने में मदद करती है जहाँ उसे आगामी सप्ताहों में कार्य करना है।

  संलग्नः–

  कक्षा अवलोकन प्रारूप :– परिशिष्ठ क्र –3

  - **प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षण और अवलोकन का विवरण**– प्राथमिक स्तर पर छात्राध्यापकों से आशा की जाती है कि वे 4 विषय की पाठयोजना का निर्माण कर पढ़ायेगें अर्थात प्राथमिक स्तर पर प्रत्येक विषय की 10 पाठयोजनाएं इस प्रकार 40 पाठयोजना का निर्माण करेंगें और पढ़ाएंगे।

  - **माध्यमिक कक्षाओं में शिक्षण और अवलोकन का विवरण**– माध्यमिक स्तर पर छात्राध्यापकों से आशा की जाती है कि वे 2 चयनित विषय की पाठयोजना का निर्माण कर पढ़ायेगें अर्थात माध्यमिक स्तर पर प्रत्येक विषय की 20 पाठयोजनाएं इस प्रकार 40 पाठयोजना का निर्माण करेंगें और पढ़ाएंगे।

- शाला में अधिगम संसाधनों का विकास करना।
- शाला के विषय शिक्षक की प्रत्येक विषय कि कम से कम 4 पाठ योजनाओं का अवलोकन करें।
- अपने साथियों कि प्रत्येक विषय कि कम से कम 4 पाठ योजनाओं का अवलोकन करें।
- 2 यूनिट टेस्ट अवश्य करवाएं जो निदानात्मक परीक्षण और उपचारात्मक शिक्षण पर आधारित हो।
- क्रियात्मक अनुसंधान एवं केस स्टडी करें।
- शाला संबंधित रिकार्ड को संधारित करें।
- शाला की प्रयोगशाला और पुस्तकालय का संधारण करें।

- रिफ्लेक्टिव जर्नल का संधारण करें।
- छात्राध्यापक स्वयं के पोर्टफोलियों का निर्माण करें।

टीपः– पोर्टफोलियो– यह छात्राध्यापक/छात्र के समग्र व्यक्तित्व का आकलन है। यहाँ पोर्टफोलियों में छात्राध्यापक की प्रगति एवं सीखने की प्रक्रिया का रिकार्ड रहता है। पोर्टफोलियों(फोल्डर) छात्राध्यापक की जाँच करने का एक महत्वपूर्ण उपकरण है जिसमें उसकी शैक्षिक और सहशैक्षिक गतिविधियों के साथ–साथ इंटर्नशिप कार्यक्रम के दौरान प्राप्त प्रशस्ति पत्र, प्रमाण पत्र, विशेष प्रोत्साहन पुरूस्कार का लेखा–जोखा संधारित रहता है।

छात्राध्यापक निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन करें और उसमें सहभागिता करें–

- प्रार्थना सभा
- साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियां
- क्लब (सदन गतिविधियां)
- प्रदर्शनी
- क्षेत्र भ्रमण और शैक्षिक भ्रमण या पर्यटन
- मूक संसद का प्रदर्शन
- क्विज (प्रश्नमंच)
- खेलकूद
- PTA और SMC बैठकें– विभिन्न बैठकों का रिकार्ड निम्नानुसार संधारित करें:–
  - –समिति का नाम
  - –बैठक का दिनांक
  - –समिति के अध्यक्ष का नाम
  - –समिति के सदस्यों की संख्या पद सहित
  - –निर्धारित दिनांक पर बैठक का ऐजंडा
  - –समिति द्वारा लिये गये निर्णय
  - –बैठक के अवलोकन के पश्चात् आपकी क्या समझ विकसित हुई।

- **क्रियात्मक अनुसंधान (इंटर्नशिप के दौरान)**

  छात्राध्यापकों को एक क्रियात्मक अनुसंधान करना आवश्यक है जो शिक्षण अधिगम प्रक्रिया, शाला और समुदाय पर आधारित समस्या पर होना चाहिए।
  संलग्नः–
  क्रियात्मक अनुसंधान का प्रारूप :– परिशिष्ठ क्र. – 8

क्रियात्मक अनुसंधान के निम्नलिखित चरण हैं–

- समस्या की पहचान करना
- प्रस्ताव तैयार करना
- उपकरणों का निर्माण करना
- कार्ययोजना का क्रियान्वयन
- डाटा संकलन और विश्लेषणों हेतु एनकोडिंग करना
- डाटा का विश्लेषण और व्याख्या करना और रिपोर्ट राइटिंग

- **समुदाय सर्वे**

समुदाय से सम्बन्धित गतिविधियां–

- कुछ बच्चों के घरों का भ्रमण करना
- समुदाय के सदस्यों से चर्चा कर उनकी आवश्यकताओं को समझना

- समुदाय के सदस्यों से शाला से सम्बन्धित गतिविधियों पर चर्चा करना, समुदाय की गतिविधि में छात्राध्यापक द्वारा सहभागिता पर चर्चा करना।
- समुदाय के संसाधनों के उपयोग पर योजना बनाना। (समूह कार्य)

c) शाला इंटर्नशिप के पश्चात् की गतिविधियाँ (आंतरिक मूल्यांकन)

शाला इंटर्नशिप के पश्चात् की गतिविधियों में शाला इंटर्नशिप अवधि के दौरान की गयी समस्त गतिविधियों के अनुभव पर चर्चा की जाती है जिससे आगामी वर्ष में इस कार्यक्रम को और बेहतर बनाने की प्रेरणा मिलती है। इसके लिए संस्थान द्वारा **पश्च इंटर्नशिप कांफ्रेंस** का आयोजन किया जाये। पश्च इंटर्नशिप कांफ्रेंस के द्वारा लैब शाला और अकादमिक संस्थानों के संबंधों को सृदृंढ़ करने और लंबे समय तक बनाये रखने में मदद मिलती है।

सेमीनार/पश्च इंटर्नशिप कांफ्रेंस का आयोजन– शिक्षक शिक्षा संस्थान एक से दो दिवसीय (छात्रों की संख्या के अनुसार) सेमीनार/पश्च इंटर्नशिप कांफ्रेंस का आयोजन करायेंगे जिसमें छात्राध्यापक अपने अनुभवों को साझा करेगें। छात्राध्यापक इंटर्नशिप के दौरान तैयार रिपोर्ट एवं दस्तावेजो को जमा करेंगे इनका आंतरिक मूल्यांकन करना, शिक्षक शिक्षा संस्थान के इंटर्नशिप समन्वयक, सुपरवाईजर, विषय विशेषज्ञ और लैब शालाओं के मेंटर शिक्षक/प्राधानाचार्यों की संयुक्त जिम्मेदारी हैं।

- प्रत्येक छात्राध्यापक द्वारा अपने इंटर्नशिप अनुभव पर एक विस्तृत रिपोर्ट/प्रतिवेदन दिया जाना चाहिए।
- इंटर्नशिप के दौरान प्राप्त अनुभवों पर छात्राध्यापकों से चर्चा की जानी चाहिए।
- छात्राध्यापक को इंटर्नशिप के दौरान प्राप्त प्रतिक्रियाओं का प्रदर्शन करना चाहिए, जो छोटे समूह या विषय विशेषज्ञ (सुपरवाईजर) के सानिध्य में किया जाना चाहिए।
- इंटर्नशिप के दौरान बनाई गई TLM की प्रदर्शनी लगायी जानी चाहिए।
- **पश्च इंटर्नशिप कानफ्रेंस** में लैब शाला के मेटर शिक्षक/प्राधानाचार्य को बुला कर छात्राध्यापकों के साथ अनुभवों साझा करना चाहिए और फीडबैक एवं सुझाव देना चाहिए।
- छात्राध्यापकों से आशा की जाती है की वे अपनी पाठ योजनाओं का रिकार्ड, इकाई योजना का रिकार्ड, अवलोकन का रिकार्ड शाला प्रमुख/मेंटर शिक्षक द्वारा प्रमाणित करवाकर जमा करे। आंतरिक मूल्यांकन के दौरान मूल्यांकन की योजना के अनुसार अंक प्रदान किये जायेगें।

- **प्राथमिक कक्षाओं में शिक्षण और अवलोकन का विवरण–**

क्र.	विषय	इकाई	कालखण्ड/पाठ योजना	साथी की कक्षा का अवलोकन	नियमित शिक्षक की कक्षा का अवलोकन
1	भाषा–1	2	10	4	4
2	द्वितीय भाषा	2	10	4	4
3	पर्यावरण (EVS)	2	10	4	4
4	गणित	2	10	4	4

- **माध्यमिक कक्षाओं में शिक्षण और अवलोकन का विवरण–**

क्र.	विषय	इकाई	कालखण्ड/पाठ योजना	साथी कक्षा का अवलोकन	नियमित शिक्षक की कक्षा का अवलोकन
1	चयनित विषय–1	2	20	4	4
2	चयनित विषय–2	2	20	4	4

III. छात्राध्यापकों का आकलन (बाह्य मूल्यांकन)– बाह्य मूल्यांकन, माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा नियुक्त बाह्य मूल्यांकनकर्ता द्वारा किया जाएगा। अधिभार के आधार पर बाह्य मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा मौखिक एवं लिखित (रिपोर्ट एवं दस्तावेज) मूल्यांकन किया जायेगा और अंक माध्यमिक शिक्षा मण्डल को नोडल संस्था के माध्यम से प्रेषित किये जायेंगे। बाह्य मूल्यांकनकर्त्ता द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों पर चर्चा कर मौखिक एवं लिखित रिकार्ड का मूल्यांकन किया जायेगा।

इंटर्नशिप अवधि के पश्चात् जमा करने वाले रिकार्डः–

1. शाला प्रोफाईल रिकार्ड
2. शाला अवलोकन रिपोर्ट
3. विषय विशेषज्ञों द्वारा दी गई आदर्श पाठ योजना का रिकार्ड– प्राथमिक और माध्यमिक
4. छात्राध्यापकों द्वारा दी गई समालोचनात्मक पाठ योजना का रिकार्ड– प्राथमिक और माध्यमिक
5. इकाई योजना का रिकार्ड– प्राथमिक और माध्यमिक
6. पाठ योजना का रिकार्ड– प्राथमिक और माध्यमिक
7. साथी एवं शाला शिक्षक की कक्षा अवलोकन रिपोर्ट– प्राथमिक और माध्यमिक
8. ब्लू प्रिंट एवं आदर्श प्रश्न पत्र निर्माण का रिकार्ड– प्राथमिक और माध्यमिक
9. निदानात्मक परीक्षण और उपचारात्मक शिक्षण योजना का रिकार्ड– प्राथमिक और माध्यमिक
10. नवाचारी केन्द्र की भ्रमण रिपोर्ट
11. सामुदायिक सर्वे रिपोर्ट
12. केस स्टडी रिपोर्ट
13. क्रियात्मक अनुसंधान प्रतिवेदन
14. TLM /अधिगम स्त्रोत सामग्री का रिकार्ड– 10 प्राथमिक और 10 माध्यमिक
15. CCE का रिकार्ड– प्राथमिक और माध्यमिक
16. रिफ्लेक्टिव जर्नल का रिकार्ड– प्राथमिक और माध्यमिक
17. छात्राध्यापकों द्वारा अंतिम पाठ योजना का रिकार्ड एवं लैब एरिया की शाला में 01 पाठ योजना के प्रदर्शन के आधार पर मूल्यांकन – (04प्राथमिक और 02माध्यमिक स्तर की पाठ योजना का निर्माण)
18. शाला इंटर्नशिप गतिविधियों पर तुलनात्मक एवं समीक्षात्मक रिपोर्ट/प्रतिवेदन

टीप – समस्त रिकार्ड एवं दस्तावेज सबूतों, तथ्यों, फोटोग्रफ्स् एवं छात्रों की सूचि के साथ शाला प्रमुख/मेंटर शिक्षक और संस्थान सुपरवाईजर और विषय विशेषज्ञ के प्रमाणीकरण के पश्चात् ही जमा करें।

- **शाला इंटर्नशिप द्वितीय वर्ष मूल्यांकन योजनाः–** शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम द्वितीय वर्ष में आंतरिक मूल्यांकन के 200 अंक तथा बाह्य मूल्यांकन के 200 अंक निर्धारित हैं। इस प्रकार कुल 400 अंक शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम के दौरान दिये जायेंगे। आंतरिक मूल्यांकन संस्थान स्तर पर तथा बाह्य मूल्यांकन माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा नियुक्त बाह्य मूल्यांकनकर्त्ता द्वारा उपलब्ध रिकार्ड और मौखिक एवं लिखित आकलन के आधार पर किया जाएगा।

शाला इंटर्नशिप द्वितीय वर्ष मूल्यांकन योजना

क्र	गतिविधि का नाम	अधिभार /अंक	रिपोर्ट/दस्तावेजों/ गतिविधियों का प्रकार	संख्या एवं शाला का प्रकार	आंतरिक मूल्यांकन		बाह्य मूल्यांकन		योग
					शाला प्रमुख /मेंटर द्वारा	संस्थान सुपरवाईजर /विषय विशेषज्ञों द्वारा	मौखिक	लिखित	
1	**योजना**	30%/ 120 अंक	शाला प्रोफाईल रिकार्ड	1, शा., 1, अशा.	10	—	10	—	20
			शाला अवलोकन रिपोर्ट	1, शा., 1, अशा.	10	—	10	—	20
			विषय शिक्षक की आदर्श पाठ योजना का रिकार्ड	4, प्रा.शा. 2, मा.शा.	—	10	10	—	20
			समालोचनात्मक पाठ का रिकार्ड	4, प्रा.शा. 2, मा.शा.	—	20	20	—	40
			इकाई योजना का रिकार्ड	4, प्रा.शा. 2, मा.शा.	—	10	10	—	20
2	**शिक्षण**	30%/ 120 अंक	पाठ योजना का रिकार्ड	40, प्रा.शा.(4 विषय) 40, मा. शा. (2 विषय)	—	20	20	—	40
			नियमित शिक्षक की कक्षा का अवलोकन रिकार्ड	16, प्रा.शा.(4 विषय) 08, मा. शा. (2 विषय)	20	—	20	—	40
			साथी की कक्षा का अवलोकन का रिकार्ड	16, प्रा.शा.(4 विषय) 08, मा. शा. (2 विषय)	—	20	20	—	40
3	**चिंतनशील (रिफ्लेक्टिव) जर्नल एवं रिकार्ड का रखरखाव**	40%/ 160 अंक	ब्लू प्रिंट एवं आदर्श प्रश्न पत्र निर्माण का रिकार्ड	4, प्रा.शा. 2, मा.शा.	—	—	5	10	15
			निदानात्मक परीक्षण और उपचारात्मक शिक्षण का रिकार्ड	4, प्रा.शा. 2, मा.शा.	—	—	5	10	15
			नवाचारी केन्द्र की भ्रमण रिपोर्ट	1	—	10	—	—	10
			सामुदायिक सर्वे रिपोर्ट	1	—	10	—	—	10
			केस स्टडी रिपोर्ट	1	—	10	—	—	10
			क्रियात्मक अनुसंधान प्रतिवेदन	1	—	10	—	—	10
			TLM और स्त्रोत सामग्री रिकार्ड	10, प्रा.शा. 10, मा.शा.	—	10	—	—	10
			CCE रिकार्ड (2)	1, प्रा.शा. 1, मा.शा.	—	10	—	—	10
			रिफ्लेक्टिव जर्नल रिकार्ड (2)	1, प्रा.शा. 1, मा.शा.	10	—	—	—	10
			अंतिम पाठ योजना का रिकार्ड (एक पाठ योजना के प्रदर्शन के साथ)	4, प्रा.शा. 2, मा.शा.	—	—	10	40	50
			शाला इंटर्नशिप प्रतिवेदन (तुलनात्मक विश्लेषण पर आधारित)	1, (शासकीय और अशासकीय शालाओं पर)	—	10	—	—	10
	योग	100%			50	150	140	60	400

9. शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम क्रियान्वयन एवं निर्देश :–

स्कूल इंटर्नशिपः फ्रेमवर्क एण्ड गाइडलाईनस् जनवरी– 2016 NCTE द्वारा जारी की गई है। जिसके आधार पर इंटर्नशिप कार्यक्रम क्रियान्वयन की मार्गदर्शिका NCERT द्वारा 2016 में बनाई गई। इसी के आधार पर राज्य के निर्देशानुसार इंटर्नशिप निर्देश डी.एल.एड. (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) संचालित करने वाली प्रशिक्षण संस्थाओं (शासकीय एवं अशासकीय) हेतु जारी किये जा रहें हैं। समस्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा अशासकीय शिक्षक शिक्षा संस्थाओं के लिए डी.एल.एड. (द्विवर्षीय पाठ्यक्रम) के शाला इंटर्नशिप निर्देश निम्नानुसार है जिसका पालन अनिवार्यतः सुनिश्चित किया जाए–

1) शालाओं के चयन हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन–

इंटर्नशिप कार्यक्रम हेतु शालाओं के चयन के लिए जिला स्तर पर एक जिला स्तरीय समिति का गठन निम्नानुसार किया जाना हैः–

1. अध्यक्ष– जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय
2. सचिव– प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान
3. सदस्य– जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केन्द्र
4. सदस्य– शाला इंटर्नशिप समन्वयक, डाइट
5. सदस्य– शाला इंटर्नशिप समन्वयक, अशासकीय शिक्षक शिक्षा संस्थान (प्राचार्य डाइट द्वारा मनोनीत एक सदस्य)

2) समिति के उत्तरदायित्व–

- जिला शिक्षा अधिकारी, जिले में संचालित शासकीय/अशासकीय संस्थानों का इंटेक एवं प्रवेशित छात्राध्यापकों की सूची SCERT के शिक्षक शिक्षा कक्ष से समन्वय कर प्राप्त करें।
- जिला परियोजना समन्वयक अपने जिले की अच्छी संसाधन युक्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं की सूची ग्रेडवार, कक्षावार एवं दर्ज छात्र संख्या के आधार पर उपलब्ध करायें।
- प्राचार्य डाइट शिक्षक शिक्षा संस्थानों में दर्ज छात्राध्यापक की संख्या के मान से जिले की शासकीय एवं अशासकीय शालाओं की सूची में से अच्छी शालाओं का चयन कर समिति के समक्ष रखें।
- जिला शिक्षा अधिकारी एवं डाइट प्राचार्य, शाला इंटर्नशिप हेतु अच्छी शालाओं का आवंटन कर संयुक्त हस्ताक्षर से सूची जारी करेगें एवं उसकी एक–एक प्रति माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं SCERT को दी जायेगी जिसे माध्यमिक शिक्षा मण्डल की वेबसाइट और एजुकेशन पोर्टल पर प्रसारित किया जायेगा।

3) शालाओं के चयन का आधार–

- जिला शिक्षा अधिकारी, डाइट प्राचार्य के सहयोग से जिले के सभी शिक्षक शिक्षा संस्थाओं के लिए शालाओं (शासकीय एवं अशासकीय) का आवंटन करेगें।
- प्रत्येक शिक्षक शिक्षा संस्थान को इंटेक के आधार पर शालाओं का आवंटन किया जायेगा, उदाहरणार्थ 50 इंटेक वाली शिक्षक शिक्षा संस्थानों हेतु 05–05 (शासकीय–अशासकीय) शालाओं का चयन, 100 इंटेक वाली शिक्षक शिक्षा संस्थानों हेतु 10–10 (शासकीय–अशासकीय) शालाओं का चयन एवं 150 इंटेक वाली शिक्षक शिक्षा संस्थानों हेतु 15–15 (शासकीय–अशासकीय) इंटर्नशिप शालाओं का चयन किया जायेगा।
- शिक्षक शिक्षा संस्थाओं के आठ किलोमीटर की परिधि में स्थित शासकीय एवं अशासकीय शालाओं का ही चयन किया जाए। शासकीय एवं अशासकीय शालाओं के अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर होना आवश्यक है।
- ग्रामीण क्षेत्रों का चयन करते समय 8 किलोमीटर से अधिक दूरी की शलाओं के चयन की छूट रहेगी।

- शालाओं की संख्या का चयन संस्था में प्रवेशित छात्राध्यापको की दर्ज संख्या के आधार पर ही किया जायेगा अतः प्रत्येक शिक्षक शिक्षा संस्थान के प्रवेशित छात्राध्यापकों की सूची इंटर्नशिप चयन समिति के पास इंटर्नशिप कार्यक्रम के पूर्व उपलब्ध होना आवश्यक है।
- शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम हेतु प्रत्येक छात्राध्यापक के लिए 01 शासकीय और 01 अशासकीय शाला का चयन करना आवश्यक है जिसमें प्राथमिक और माध्यमिक स्तर संचालित हों।
- किसी भी एक शिक्षकीय शाला का चयन नहीं किया जाये।
- यदि किसी शाला में कुल दर्ज संख्या 50 से कम हो तो भी उक्त शाला का चयन नहीं किया जायेगा।
- जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में चयन समिति की बैठक द्वारा इंटर्नशिप कार्यक्रम का वार्षिक केलेण्डर जारी किया जायेगा, जिसके आधार पर समस्त शासकीय एवं अशासकीय शिक्षक शिक्षा संस्थानों द्वारा इंटर्नशिप कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। वार्षिक केलेण्डर की प्रतियाँ सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल और संचालक SCERT को दी जायेगी जो माध्यमिक शिक्षा मण्डल की वेबसाइट और एजुकेशन पोर्टल से इसे प्रसारित करेगें।
- वार्षिक केलेण्डर के अनुसार कम से कम 2 बार इंटर्नशिप कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य डाइट चयनित शालाओं की मॉनिटरिंग कर रिपोर्ट राज्य मुख्यालय एवं NCTE को भेजेगें।
- शिक्षक शिक्षा संस्थानों द्वारा इंटर्नशिप कार्यक्रम के पश्चात सम्पूर्ण कार्यक्रम का संकलित प्रतिवेदन तैयार कर नोडल संस्था (डाइट) और NCTE को भेजा जाना आवश्यक है।
- सभी संस्थान आंतरिक मूल्यांकन का रिकार्ड माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर नोडल संस्था को भेजेंगे। जिन संस्थाओं द्वारा इंटर्नशिप कार्यक्रम का प्रतिवेदन नहीं भेजा जायेगा, उनके अंक नोडल संस्था द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल को नहीं भेजे जायेंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित शिक्षक शिक्षा संस्थान के संस्था प्रमुख की होगी।
- वार्षिक केलेण्डर अनुसार समय सीमा का पालन सुनिश्चित करना प्रत्येक शिक्षक शिक्षा संस्थान के प्रमुख की जिम्मेदारी होगी।
- राज्य द्वारा समय–समय पर चल रही नवाचारी योजनाओं एवं पद्धतियों पर छात्राध्यापको का उन्मुखिकरण एवं शाला में क्रियान्वयन शासकीय एवं अशासकीय शिक्षक शिक्षा संस्थाओं के प्रमुख का उत्तरदायित्व होगा।
- IASEs, CTEs, DIETs के अकादमिक सदस्य शाला इंटर्नशिप के दौरान सुपरवीजन एवं मॉनिटरिंग का कार्य करेगें, जिसकी व्यक्तिगत एवं संकलित रिपोर्ट संस्थानों द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, SCERT एवं NCTE को भेजना होगी।
- निर्धारित शाला इंटर्नशिप के दौरान सभी आवंटित शालाओं की मॉनिटरिंग राज्य तथा शिक्षक शिक्षा संस्थान के फेकल्टी द्वारा की जायेगी। निर्धारित मापदंडो का पालन नहीं पाए जाने पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही राज्य स्तर पर प्रस्तावित की जावेगी।
- आवंटित लैब एरिया की प्रत्येक शाला में 05–06 से अधिक छात्राध्यापकों को नहीं भेजा जायें।

4) **नोडल संस्था द्वारा शिक्षक शिक्षा संस्थानों के इंटर्नशिप समन्वयक और चयनित लैब शाला के प्रधानाध्यापकों का उन्मुखिकरण–**

- **इंटर्नशिप समन्वयक के उत्तरदायित्व–** शिक्षक शिक्षा संस्थान के प्राचार्य द्वारा संस्थान के एक अकादमिक सदस्य को इंटर्नशिप समन्वयक के रूप में नियुक्त किया जाए। यह इंटर्नशिप समन्वयक सम्पूर्ण शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम में समन्वयन का कार्य करेगा।
  - आवंटित शासकीय/अशासकीय शालाओं में संस्थान के छात्राध्यापकों की दर्ज संख्या के आधार पर क्रमानुसार शासकीय/अशासकीय शालाओं में भेजना।
  - छात्राध्यापकों को शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में भेजने के क्रम का निर्धारण इंटर्नशिप समन्वयक द्वारा निर्धारित किया जाएगा।

- शाला में छात्राध्यापकों की संख्या का निर्धारण समिति द्वारा निर्धारित संख्या से अधिक नहीं होना चाहिए।
- छात्राध्यापकों को शाला आवंटन के दौरान एक विकल्प दिया जाना चाहिए अन्यथा की स्थिति में प्राचार्य/इंटर्नशिप समन्वयक का निर्णय अंतिम होगा।

- **लैब शाला के प्रधानाध्यापकों का उत्तरदायित्व–**
  - लैब शाला के प्रधानाध्यापक प्रथम दिवस प्रत्येक छात्राध्यापक से परिचय एवं शपथ पत्र प्राप्त करेंगे।
  - शाला को आवंटित छात्राध्यापकों की सूची अनुसार कार्यालय में संस्थान द्वारा आवंटित उपस्थिति रजिस्टर संधारित करेंगे और इंटर्नशिप अवधि पूर्ण होने पर प्रमाणित कर शिक्षक शिक्षा संस्थानों को भेजेंगे।
  - छात्राध्यापक से दोनों समय उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर करवायेंगे।
  - प्रथम दिवस प्रार्थना सभा के दौरान स्टाफ और बच्चों से प्रत्येक छात्राध्यापक का परिचय करवायेंगे।
  - छात्राध्यापकों की शाला में बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।
  - प्रत्येक छात्राध्यापक को निर्धारित गणवेश मे ही शिक्षण कार्य करने की अनुमति प्रदान करेंगे। छात्राध्यापक के गणवेश में ना होने पर शिक्षण कार्य न करवाकर शाला के अन्य कार्य में संलग्न करेंगें।
  - छात्राध्यापक को विभिन्न अभिलेखों, उनके संधारण के तरीकों और उपयोगिता से अवगत करायेंगे।
  - विभिन्न शालेय गतिविधियों में मेंटर शिक्षक की मदद से छात्राध्यापकों के कार्य का विभाजन कर समय सारणी बनायेंगे। यह समय सारणी छात्राध्यापकों को भी उपलब्ध करायेंगे।
  - छात्राध्यापकों को समय सारणी नोट करवाकर हस्ताक्षर लेंगे।
  - प्रथम वर्ष में इंटर्नशिप के दौरान छात्राध्यापकों को शाला का वास्तविक अनुभव प्राप्त करने में मदद करेंगें। प्रथम वर्ष में छात्राध्यापक पढ़ाने का कार्य नहीं करेंगे। केवल कक्षाओं का अवलोकन कर कक्षा शिक्षण प्रक्रिया को समझेंगे।
  - छात्राध्यापकों की रिफ्लेक्टिव जर्नल में दिन–भर की वास्तव में की गई गतिविधियों के आधार पर ही चिंतन एवं अनुभव को प्रमाणित करेंगे।
  - छात्राध्यापक को विशेष परिस्थितियों में आवश्यकता होने पर अवकाश का आवेदन लेकर उपस्थिति रजिस्टर में दर्ज करेंगे और इंटर्नशिप समन्वयक को सूचित करेंगे।
  - छात्राध्यापक द्वारा लगातार अनुपस्थिती/अनुशासनहीनता की स्थिति में संस्थान के इंटर्नशिप समन्वयक को शीघ्र सूचित करते हुए छात्राध्यापक को संस्थान के लिए कार्यमुक्त कर सकते हैं।

5) **लैब शालाओं को तैयार करनाः–**

शिक्षक शिक्षा संस्थानों एवं लैब एरिया स्कूल के मध्य अच्छा सामजस्य होना चाहिये इसके लिए निम्न तैयारी करें।

- आवंटित लैब शाला में पर्याप्त मात्रा में भौतिक एवं मानवीय संसाधन होना आवश्यक है। आवश्यकतानुसार शिक्षक शिक्षा संस्थान सहयोग कर सकते हैं।
- लैब शाला द्वारा छात्राध्यापको को शाला की सभी सुविधाये जैसे पुस्तकालय, प्रयोगशाला, खेल का मैदान उपलब्ध करवाई जाए।
- छात्राध्यापकों को लैब शाला की समस्त गतिविधियों में भाग लेने की अनुमति दी जाये।

- मेन्टर के चयन हेतु लैब शाला के उच्च योग्यताधारी एवं प्रेरित शिक्षकों का चुनाव करें।
- चयनित मेंटर शिक्षक का शिक्षक शिक्षा संस्थानों द्वारा उन्मुखिकरण किया जाये जिसके लिये चयनित मेन्टर को सूचना भेजी जायें।
- लैब शाला के छात्राध्यापकों की समस्याओं और कठिनाईयों का तुरन्त समाधान प्रधानाध्यापक, मेंटर शिक्षक, इंटर्नशिप समन्वयक द्वारा किया जाये।
- लैब शालाओं के प्रधानाध्यापक, मेन्टर शिक्षक एवं शिक्षक शिक्षा संस्थानों के अकादमिक सदस्यों (सुपरवाईजर, विषय विशेषज्ञ) की संयुक्त जिम्मेदारी के आधार पर निर्धारित प्रपत्र में छात्राध्यापकों का आकलन किया जाये।

6) शिक्षक शिक्षा संस्थानों के इंटर्नशिप समन्वयक द्वारा मेंटर शिक्षक का उन्मुखिकरणः–

- **मेंटर शिक्षक तैयार करनाः–**

  लैब एरिया की आवंटित शालाओं में छात्राध्यापकों को उच्च योग्यताधारी शिक्षक के साथ जोड़ा जाता है। जिसे मेंटर शिक्षक कहते हैं। एक मेंटर शिक्षक के पास 5–6 छात्राध्यापक से अधिक नहीं होना चाहिये। जोड़ा जाने वाला मेंटर शिक्षक छात्राध्यापक के चयनित विषय से संबंधित विशेष योग्यता वाला होना चाहिये।

- **मेंटर शिक्षक के लिए तैयारी–**
  - लैब एरिया शाला के उच्च योग्यताधारी शिक्षक का चयन करें एवं उन्हें आवंटित छात्राध्यापकों की सूची देवें एवं रिकार्ड रखने हेतु फाईल दे।
  - संबंधित शिक्षक शिक्षा संस्थान चयनित मेंटर को शाला इंटर्नशिप मार्गदर्शिका (हैण्ड बुक) उपलब्ध करायें।
  - संबंधित शिक्षक शिक्षा संस्थान, शाला प्राधानाध्यापक और मेंटर शिक्षक के साथ बैठक का आयोजन कर उनकी भूमिका और जवाबदारी से अवगत कराये।
  - अतिरिक्त गतिविधियों में सहयोग के लिए पूरक सामग्री का विकास कर मेंटर शिक्षक को उपलब्ध करवायें।
  - शाला इंटर्नशिप के दौरान भरे जाने वाले आकलन के प्रपत्रों की प्रतियाँ उपलब्ध करवा कर मेंटर शिक्षक का उन्मुखिकरण करें।
  - मेंटर शिक्षक को निर्धारित अकादमिक सत्र के दौरान बार–बार नहीं बदला जाये।
  - संबंधित संस्था अपने विषय विशेषज्ञों और मेंटर शिक्षक के मध्य गहन विचार विमर्श और उन्मुखिकरण के अवसर उपलब्ध कराये जिससे छात्राध्यापकों को सही दिशा में प्रशिक्षित किया जा सके।
  - लैब शाला के मेंटर शिक्षक को शिक्षक शिक्षा संस्थान के विस्तारक अकादमिक सदस्य के आधार पर प्रशिक्षित करें और विषय विशेषज्ञों द्वारा नवाचारी पद्धतियों से समय–समय पर मेंटर शिक्षक को प्रशिक्षित किया जाए।

- **मेंटर शिक्षक के उत्तरदायित्वः–**
  - छात्राध्यापक को विभिन्न शैक्षिक एवं सहशैक्षिक गतिविधियों में मार्गदर्शन देना एवं शाला की कार्य शैली को समझने में सहयोग करना।
  - छात्राध्यापक को इंटर्नशिप अवधि के दौरान निरंतर फीडबैक देना और उसे व्यवसायिक रूप से तैयार करने में सहयोग करना।
  - छात्रों को शैक्षिक अवधारणाओं को समझने में सहयोग करना।

- कक्षा शिक्षण प्रक्रिया, कक्षा प्रबंधन, खेल–कूद, साहित्यिक–सांस्कृतिक गतिविधियों जैसे– विभिन्न अनुभवों को प्राप्त करने के पर्याप्त अवसर उपलब्ध करवाना।
- छात्राध्यापक की उपलब्धि का आकलन कर कमियों में सुधार हेतु निरंतर सुझाव देना।
- निर्धारित समय पर छात्राध्यापकों के आंतरिक मूल्यांकन के लिए शिक्षक शिक्षा संस्थान को सहयोग करना।

7) **शिक्षक शिक्षा संस्थानों के इंटर्नशिप समन्वयक द्वारा अकादमिक सदस्यों का उन्मुखिकरणः–**शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के अकादमिक सदस्यों की पूर्व इंटर्नशिप, इंटर्नशिप कार्यक्रम एवं प्रथम इंटर्नशिप तीनों चरणों में महत्वपूर्ण भूमिका है।

- शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के अकादमिक सदस्यों का शिक्षण शास्त्र और संदर्भ सामग्री के आकलन में RTE एवं निर्माणवादी पद्धति के आधार पर ज्ञान अद्यतन होना चाहिये, तभी वह छात्राध्यापकों के लिए इंटर्नशिप के दौरान सुविधादाता के रूप में कार्य कर सकता है।
- अकादमिक सदस्य को बाल केन्द्रित शिक्षा और RTE के क्रियान्वयन एवं सिफारिशों के बारे मे पूर्ण पता होना चाहिये।
- अकादमिक सदस्यों को शाला अवलोकन पद्धति, पाठ्यपुस्तक विश्लेषण, समुदाय में सहभागिता, नियमित शिक्षक से विचार विमर्श इत्यादि विषयों पर छात्राध्यापकों को मार्गदर्शन देना होगा।
- अकादमिक सदस्य द्वारा एक शाला में कम से कम 5–6 छात्राध्यापकों के शिक्षण अभ्यास का सुपर विजन एवं मार्गदर्शन करना होगा एवं प्रत्येक छात्राध्यापक की शिक्षण अधिगम प्रक्रिया का आंकलन निर्धारित प्रपत्र में कर समय–समय पर फीडबेक देना होगा की किस प्रकार बाल केन्द्रित पाठ योजना का निर्माण किया जाना चाहिये।
- संस्थान के अकादमिक सदस्यों द्वारा पूर्व इंटर्नशिप के दौरान RTE एवं निर्माणवादी पद्धति पर छात्राध्यापकों को शिक्षण अभ्यास करवाया जाना चाहिये।
- पश्च इंटर्नशिप के दौरान प्रत्येक छात्राध्यापकों को शाला अनुभव और रिफलेक्टिव जर्नल पर अपने अनुभवों को साझा करने के अवसर देना चाहिये, जिससे छात्राध्यापक अपने व्यवहारिक ज्ञान को सैंद्धातिक ज्ञान से जोड़ना में समर्थ हो सकें।
- संस्थान के को अकादमिक सदस्यों को सुविधदाता के रूप में छात्राध्यापकों का सही आकलन एवं मार्गदर्शन करना चाहिए।

- **संस्थान सुपरवाईजर के उत्तरदायित्वः–** इंटर्नशिप समन्वय द्वारा समय–समय पर लैब शालाओं में संस्थान सुपरवाईजर को छात्राध्यापको के अवलोकन एवं मार्गदर्शन के लिए नियुक्त किया जायेगा। इनके उत्तरदायित्व निम्नानुसार हैंः–
  - इंटर्नशिप अवधि के दौरान छात्राध्यापक को निरंतर मार्गदर्शन एवं सुझाव देना। छात्राध्यापकों के दस्तावेजों, अभिलेखों का अवलोकन करना एवं उन पर आकलन टीप देना जिससे छात्राध्यापकों के उपलब्धि स्तर में निरंतर वृद्धि हो।
  - छात्राध्यापक की कठिनाईयों को सप्ताहिक बैठकों में चर्चा कर दूर करने का प्रयास करना और आवश्यकता होने पर संस्थान के विषय विशेषज्ञ की मदद लेना।
  - छात्राध्यापकों का आंतरिक मूल्यांकन मेंटर शिक्षक के सहयोग से पूर्ण कर इंटर्नशिप समन्वयक को देना।
  - छात्राध्यापको के द्वारा पाठ योजनाओं के प्रदर्शन के दौरान पूर्ण समय उपस्थित रहकर पाठों का अवलोकन करना और कक्षा शिक्षण प्रक्रिया में सुधारात्मक एवं सुझावात्मक टीप देना।
  - छात्राध्यापकों के अनुपस्थित होने पर इंटर्नशिप समन्वयक को सूचित करना।

- छात्राध्यापकों को लैब शाला में समायोजन हेतु आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान करना।

- **विषय विशेषज्ञ के उत्तरदायित्वः–** इंटर्नशिप समन्वयक द्वारा शाला इंटर्नशिप में विषय संबंधित पाठों के प्रदर्शन के दौरान प्राथमिक/माध्यमिक शासकीय शालाओं में संस्थान के विषय विशेषज्ञों को नियुक्त किया जायें।
  - संस्थान के विषय विशेषज्ञ द्वारा संस्थान में आदर्श पाठों का प्रस्तुतीकरण दिया जाये।
  - विषय विशेषज्ञ द्वारा आदर्श पाठ योजना विषय से संबंधित दक्षताओं और कक्षा शिक्षण प्रक्रियाओं को विभिन्न शैक्षणिक कौशलों के प्रदर्शन के साथ जोड़कर दी जाये।
  - प्राथमिक स्तर पर 4 विषय एवं माध्यमिक स्तर पर 2 विषयों का आदर्श पाठ प्रस्तुतीकरण छात्रों के समक्ष विषय विशेषज्ञों द्वारा आवश्यक रूप से किया जाए जिससे लैब शालाओं में छात्राध्यापकों द्वारा कक्षा शिक्षण प्रक्रिया को गुणवत्ता युक्त बनाया जा सके।
  - इकाई योजना, पाठ योजना का निर्माण एवं प्रस्तुतीकरण के विभिन्न चरण एवं आकलन की प्रक्रिया से छात्राध्यापक को व्यावहारिक रूप से विषय विशेषज्ञों द्वारा दक्ष किया जाए।
  - विषय संबंधित विभिन्न पाठ योजनाएँ, इकाई योजनाएँ, ब्लू प्रिंट निर्माण, प्रश्न पत्र निर्माण और निदानात्मक परीक्षण एवं उपचारात्मक शिक्षण का आकलन एवं मार्गदर्शन फीडबैक एवं सुझाव विषय विशेषज्ञों द्वारा दिया जाए।
  - विषय विशेषज्ञों द्वारा छात्राध्यापकों के आंतरिक मूल्यांकन में मेंटर शिक्षक, संस्थान सुपरवाईजर के साथ सहयोग कर निर्धारित मूल्यांकन प्रक्रिया में सहयोग किया जाए।

8) **शाला इंटर्नशिप हेतु छात्राध्यापकों को तैयार करनाः–** शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम के पूर्व इंटर्नशिप के दौरान प्रत्येक शिक्षक शिक्षा संस्थान द्वारा प्रवेशित छात्राध्यापकों को शाला इंटर्नशिप के लिए तैयार करना आवश्यक है। इसके अंतर्गत संस्थानों द्वारा निम्नलिखित तैयारी कि जाना चाहिएः–
   - संस्थान के अकादमिक सदस्यों द्वारा अपने–अपने विषय के सैद्धांतिक पहलुओं को व्यावहारिक पहलुओं से जोड़ने का प्रशिक्षण छात्राध्यापकों को दिया जाये।
   - संस्थान के अकादमिक सदस्यों द्वारा इंटर्नशिप के दौरान सम्पन्न होने वाले सत्रगत कार्यों पर छात्राध्यापकों का उन्मुखिकरण किया जाये।
   - संस्थान के विभिन्न विषयों के उद्देश्यों की पूर्ति छात्राध्यापकों द्वारा पाठ योजना प्रदर्शन के दौरान किस प्रकार कि जाये इसका अभ्यास कराया जाये।
   - छात्राध्यापकों को TLM और स्त्रोत सामग्री का विकास करने का प्रशिक्षण दिया जाये।
   - छात्राध्यापकों को पाठ योजना निर्माण करने पर ही कक्षा शिक्षण कार्य करने का प्रशिक्षण दिया जाये।
   - व्यवस्था स्वरूप बिना पाठ योजना के कक्षा शिक्षण का कार्य किया जा सकता है।
   - छात्राध्यापकों को नियमित अपनी कक्षा के छात्रों को अभ्यास कार्य व गृह कार्य देने के लिए प्रेरित किया जाए और नियमित गृह कार्य और अभ्यास कार्य को जांचा जाए।
   - छात्राध्यापकों द्वारा निर्धारित पाठ योजनाओं को इंटर्नशिप अवधि के दौरान ही पूर्ण करना है इसके लिए अलग से समय नहीं दिया जायेगा। इसके लिए छात्राध्यापक नियमितता और समय बद्धता अनुसार कार्य करें।
   - छात्राध्यापकों को शाला की सामान्य सुविधाओं के साथ उत्कृष्ठ कार्य करने हेतु प्रेरित करें।
   - छात्राध्यापकों को समय सारणी अनुसार अपने पढ़ाये जाने वाले विषय के कालखण्ड में समय पर उपस्थित होने हेतु निदेर्शित करें।

- शाला इंटर्नशिप की समस्त गतिविधियों को स्व निर्मित योजना बनाकर समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने हेतु तैयार करें।
- छात्राध्यापक अपनी समस्त रिपोर्ट/प्रतिवेदन और दस्तावेजों को समयानुसार प्रमाणित करवाकर संधारित करें जिन्हें आकलन के समय प्रस्तुत किया जायेगा।
- छात्राध्यापक आने वाली कठिनाईयों के समाधान हेतु शाला के प्रधानाध्यापक, मेंटर शिक्षक, सुपरवाईजर, विषय विशेषज्ञ और इंटर्नशिप समन्वयक से सहयोग प्राप्त करें।
- जिन छात्राध्यापकों की इंटर्नशिप अवधि में 90 प्रतिशत उपस्थिति नहीं होगी उन्हें परीक्षा में बैठने की पात्रता नहीं होगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं छात्राध्यापक की होगी।
- छात्राध्यापक विशेष परिस्थिति में चिकित्सा/मानवीय आधार पर 10 प्रतिशत उपस्थिति संस्था प्रमुख से स्वीकृत करवा सकते हैं परन्तु 90 प्रतिशत उपस्थिति इंटर्नशिप अवधि के दौरान अनिवार्य है।
- संस्थान प्रमुख को भी इंनर्टशिप अवधि में 10 प्रतिशत से अधिक अवकाश स्वीकृत करने का अधिकार नहीं है। 10 प्रतिशत अवकाश भी तथ्यों एवं रिकार्ड के आधार पर स्वीकृत किया जाए और रिकार्ड संधारित किया जाए।
- यदि छात्राध्यापक की इंटर्नशिप अवधि में 90 प्रतिशत उपस्थिति पूर्ण नहीं हो पा रही है तो केवल उन्हीं छात्राध्यापकों को उपस्थिति पूर्ण करने का एक विकल्प संस्थान से जुड़ी हुयी लैब शाला में दिया जाएगा, जिन्होनें 10 प्रतिशत अवकाश पूर्व में शिक्षक शिक्षा संस्थान के प्राचार्य द्वारा स्वीकृत करवा रखा है।
- इन छात्राध्यापकों को संस्थान सुपरवाईजर और विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में नियुक्त मेंटर शिक्षक के सहयोग से शेष इंटर्नशिप अवधि पूर्ण करनी होगी।
- छात्राध्यापकों का आकलन पुनः शाला के प्रधानाध्यापकों और मेंटर शिक्षक के माध्यम से संस्थान के इंटर्नशिप समन्वयकों को भेजा जाएगा।

10. शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम का वार्षिक केलेण्डर :– शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए वार्षिक केलेण्डर का निर्माण किया गया है जिसकी समयावधि अनुमानित आधार पर प्रस्तावित की गई है। इसके आधार पर प्रत्येक वर्ष जिला स्तरीय समिति द्वारा वार्षिक केलेण्डर का निर्माण कर लागू किया जायेगा। इसको सम्पादित करने का उत्तरदायित्व सभी शिक्षक शिक्षा संस्थानों के संस्थान प्रमुख का होगा। द्विवर्षीय प्रस्तावित समय सारणी निम्नानुसार हैः–

i. प्रथम वर्ष शाला इंटर्नशिप की प्रस्तावित समय सारणी

प्रथम वर्ष शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम की प्रस्तावित समय सारणी

क्र.	प्रस्तावित गतिविधियाँ	प्रस्तावित माह एवं (अनुमानित समय)	अवधि	जवाबदारी	कार्य विवरण
1	जिला स्तरीय चयन समिति का गठन	अक्टूबर माह प्रथम सप्ताह	1 दिवस	जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा	• इंटर्नशिप निर्देशों के आधार पर जिला स्तरीय समिति का गठन करना। • सभी सदस्यों को आदेश प्रसारित करना। • सम्भावित बैठकों की सूचना सूचना देना। • SCERT के शिक्षक शिक्षा कक्ष से समन्वय कर शासकीय एवं अशासकीय शिक्षक शिक्षा संस्थानों के इंटेक के साथ प्रवेशित छात्राध्यापकों की सूची प्राप्त करना। • DPC से जिले की अच्छी प्राथमिक एवं माध्यमिक शासकीय एवं अशासकीय शालाओं की सूची कक्षावार एवं दर्ज छात्रों की संख्या के साथ प्राप्त करना।
2	जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक और शिक्षक शिक्षा संस्थानों के लिए शासकीय एवं अशासकीय शालाओं का चयन करना। 50 – पर 5–5 शालाओं (शासकीय और अशासकीय) 100 – पर 10–10 शालाओं (शासकीय और अशासकीय) 150– पर 15–15 शालाओं (शासकीय एवं अशासकीय) का चयन	अक्टूबर माह द्वितीय सप्ताह	1 दिवस	जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा	• जिला स्तरीय समिति की बैठक के दौरान इंटर्नशिप के दिशा निर्देशों के आधार पर शिक्षक शिक्षा संस्थानों के लिये शालाओं का चयन करना। • शिक्षक शिक्षा संस्थानों के इंटेक एवं प्रवेशित छात्राध्यापकों की संख्या के आधार पर शालाओं का आंवटन करना। • प्रत्येक दर्ज छात्राध्यापक को 02 शालाओं (शासकीय एवं अशासकीय) का आवंटन किया जाए। • प्रत्येक शिक्षक शिक्षा संस्थानों के लिए आवंटित शासकीय शाला के पास ही आवंटित अशासकीय शालाएँ होना चाहिए क्योंकि प्रत्येक छात्राध्यापक को आवंटित शासकीय शाला का मेंटर शिक्षक ही अशासकीय शाला में भी मार्गदर्शन में सहयोग एवं आकलन करेगा। • जिला स्तरीय समिति को शाला इंटर्नशिप मार्गदर्शिका में दिये गये उत्तरदायित्व के आधार पर कार्य करना है। • जिला स्तरीय समिति को अध्यक्ष एवं सचिव के हस्ताक्षर से प्रत्येक शिक्षा सत्र में लागू होने वाला शाला इंटर्नशिप का वार्षिक केलेण्डर दिनांक सहित इंटर्नशिप अवधि (24 एवं 96 दिवस) हेतु जारी करना हैं। वार्षिक केलेण्डर की प्रतियाँ माध्यमिक शिक्षा मण्डल और SCERT के माध्यम से मण्डल की वेब साइट और एजुकेशन पोर्टल पर प्रसारित करने हेतु भेजी जाए।
3	इंटर्नशिप समन्वयक की नियुक्ति करना	अक्टूबर माह तृतीय सप्ताह	1 दिवस	शिक्षक शिक्षा संस्थान के प्राचार्य	• शिक्षक शिक्षा संस्थान के प्राचार्य द्वारा इंटर्नशिप समन्वयक की नियुक्ति करना। • इंटर्नशिप समन्वयक द्वारा शिक्षक शिक्षा संस्थान को आवंटित शालाओं में संस्थान के दर्ज छात्राध्यापकों आवंटन करना। • छात्राध्यापकों को एक विकल्प की सुविधा दी जा सकती है, परन्तु अंतिम निर्णय संस्थान प्राचार्य और इंटर्नशिप समन्वयक का रहेगा।

क्र.	प्रस्तावित गतिविधियाँ	प्रस्तावित माह एवं (अनुमानित समय)	अवधि	जवाबदारी	कार्य विवरण
4	शिक्षक शिक्षा संस्थानों के इंटर्नशिप समन्वयकों और चयनित शालाओं के प्रधानाध्यापकों/ प्राचार्यों का शाला इंटर्नशिप उन्मुखिकरण कार्यक्रम	अक्टूबर माह चतुर्थ सप्ताह	1 दिवस	नोडल संस्थान के (डाईट) प्राचार्य द्वारा	• प्राचार्य डाइट, शिक्षक शिक्षा संस्थानों के प्राचायों द्वारा नियुक्त इंटर्नशिप समन्वयकों के नाम और आंवटित शालाओं की सूची (शासकीय/माध्यमिक) दर्ज प्रवेशित छात्राध्यापकों के नाम के साथ प्राप्त करें। • आवंटित शालाओं के प्रधानाध्यापकों/प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षा संस्थान के इंटर्नशिप समन्वयकों को एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम की सूचना दें। (निर्धारित सप्ताह में तिथि तय कर) • सभी इंटर्नशिप समन्वयकों एवं शाला के प्रधानाध्यापकों/प्राचायों को इंटर्नशिप मार्गदर्शिका एवं मूल्यांकन और सुपरविजन के प्रपत्रों की प्रतिलिपियों के 1–1 सेट उपलब्ध करायें और उनके उत्तरदायित्वों से परिचित करवायें। • समस्त शासकीय प्रधानाध्यापकों/प्राचायों से अपनी–अपनी शाला में बनाये जाने वाले चयनित मेंटर शिक्षकों के नाम, पद, और फोन नम्बर के साथ सूची प्राप्त करें। • अशासकीय शिक्षक शिक्षा संस्थानों के इंटर्नशिप समन्वयकों को आवंटित शासकीय शालाओं के मेंटर शिक्षक की सूची उपलब्ध करायें और उनको अपनी संस्था में उन्मुखिकरण हेतु निर्देशित करें।
5	शिक्षक शिक्षा संस्थान स्तर पर अकादमिक सदस्यों का संस्थान सुपरवाईजर और विषय विशेषज्ञ के रूप में उन्मुखिकरण	नवम्बर माह प्रथम सप्ताह	1 दिवस	शिक्षक शिक्षा संस्थान प्राचार्य एवं इंटर्नशिप समन्वयक द्वारा	• संस्थान के सुपरवाईजर और विषय विशेषज्ञों का चयन कर इंटर्नशिप कार्यक्रम हेतु उन्मुखिकरण करें। • संस्थान सुपरवाईजर और विषय विशेषज्ञों को इंटर्नशिप मार्गदर्शिका उपलब्ध करायें और उनके उत्तरदायित्वों से परिचित करायें। • संस्थान सुपरवाईजर, विषय विशेषज्ञ, मेंटर शिक्षक की छात्राध्यापकों के मार्गदर्शन में समन्वित भूमिका को स्पष्ट करें।
6	शिक्षा शिक्षा संस्थान स्तर पर मेंटर शिक्षक का उन्मुखिकरण	नवम्बर माह द्वितीय सप्ताह	1/2 दिवस	शिक्षक शिक्षा संस्थान के इंटर्नशिप समन्वयक द्वारा	• आवंटित शासकीय शालाओं के मेंटर शिक्षक का उन्मुखिकरण करें। • मेंटर शिक्षक की भूमिका को स्पष्ट करें। • मेंटर शिक्षकक को शाला इंटर्नशिप मार्गदर्शिका के आधार पर प्रशिक्षित कर शाला इंटर्नशिप मार्गदर्शिका की प्रति दें और उसमें लिखे मेंटर शिक्षक के उत्तरदायित्वों पर अमल करने हेतु प्रशिक्षित करें। • आवंटित छात्राध्यापकों की सूची उपलब्ध करायें। • शासकीय एवं अशासकीय शाला के अवलोकन कार्यक्रम से परिचित करवायें। • शासकीय और अशासकीय शाला की समस्त गतिविधियों में छात्राध्यापकों का कार्य विभाजन कर समय सारणी संधारित करने हेतु प्रशिक्षित करें। • शाला और संस्थान के मध्य, मध्यस्थ की भूमिका निभाते हुए दोनों संस्थाओं की शिक्षा में गुणवत्ता लाने हेतु प्रेरित करें। • समय–समय पर संस्थान को छात्राध्यापक की प्रगति से अवगत कराने हेतु निदेर्शित करें। • छात्राध्यापक के संबंध में आवश्यकता होने पर संस्थान को अनुशासन संबंधी समस्या की जानकारी देना और मार्गदर्शन देने हेतु निदेर्शित करें। • छात्राध्यापक के आकलन में संस्थान विशेषज्ञ या सुपरवाईजर के साथ निरन्तर सहयोग हेतु मागदर्शन करें।

क्र.	प्रस्तावित गतिविधियाँ	प्रस्तावित माह एवं (अनुमानित समय)	अवधि	जवाबदारी	कार्य विवरण
			1/2 दिवस		• प्रत्येक मेंटर शिक्षक को आवंटित छात्राध्यापकों की सूची के साथ संस्थान में उपस्थित आवंटित छात्राध्यापकों से परिचय करवायें। • मेंटर शिक्षक अपनी शाला की समय सारणी और संचालित गतिविधियों का परिचय छात्राध्यापकों को देंगे और छात्राध्यापकों को शाला की अपेक्षाओं से अवगत करायेंगे। • वर्तमान में चल रहे सभी विषयों के पाठ्यक्रमों से परिचय करवायेंगें ताकि छात्राध्यापक पूर्व तैयारी के साथ शाला अवलोकन/कक्षा शिक्षण का कार्य करें।
7	शिक्षक शिक्षा संस्थान स्तरीय छात्राध्यापकों का उन्मुखिकरण	नवम्बर माह द्वितीय सप्ताह	5 दिवस	इंटर्नशिप समन्वयक द्वारा	• छात्राध्यापकों का शाला अनुभव कार्यक्रम से परिचय करायें। • शाला अनुभव कार्यक्रम के उद्देश्य से लेकर आकलन तक की प्रक्रिया पर छात्राध्यापकों का उन्मुखिकरण करें। • छात्राध्यापकों को शाला अनुभव की समस्त गतिविधियों में आकलन की प्रक्रिया पर उन्मुखिकण करें। • शाला की समस्त शैक्षिक गतिविधियों में सहभागिता पर उन्मुखिकण करें। • शासकीय एवं अशासकीय शाला के शाला अनुभव कार्यक्रम के पश्चात् तुलनात्मक विश्लेषण कर दोनों शालाओं की श्रेष्ठ शिक्षण प्रक्रियाओं को चयन करने हेतु प्रेरित करें। • शाला प्रोफाइल, शाला अवलोकन प्रपत्र, पाठ्यपुस्तक विश्लेषण, शिक्षण अधिगम सामग्री का विकास, रिफ्लेक्टिव जर्नल का विकास, सेमीनार प्रस्तुतीकरण के आकलन एवं अधिभारों से परिचित करवाते हुए छात्राध्यापकों की समझ विकसित करें। • संस्थान के विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विषयों के इंटर्नशिप कार्यक्रम के दौरान किये जाने वाले सत्रगत कार्यों पर समझ विकसित कर सत्रगत कार्यों का आंवटन करें और रिकार्ड संधारित रखें।

क्र.	प्रस्तावित गतिविधियाँ	प्रस्तावित माह एवं (अनुमानित समय)	अवधि	जवाबदारी	कार्य विवरण
8	चयनित शालाओं (शासकीय/अशासकीय) में छात्राध्यापकों द्वारा शाला और समुदाय के साथ शाला अनुभव कार्यक्रम (प्रथम चरण)	नवम्बर माह तृतीय और चतुर्थ सप्ताह	2 सप्ताह (12 दिवस)	इंटर्नशिप समन्वयक, शाला प्रधानाध्यापक/प्राचार्य, मेंटर शिक्षक एवं संस्थान सुपरवाईजर द्वारा	• छात्राध्यापकों को शासकीय या अशासकीय (क्रम उपलब्धता के आधार पर निर्धारित करें।)शालाओं में शालाओं में अनुभव कार्यक्रम हेतु भेजा जाये। • शाला अवलोकन के दौरान प्रत्येक छात्राध्यापक शाला इंटर्नशिप मार्गदर्शिका में दिये गये अपने उत्तरदायित्वों के आधार पर शाला अवलोकन का कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित करें। • छात्राध्यापकों द्वारा उन्मुखिकरण के दौरान बताई गयी समस्त शैक्षिक व अशैक्षिक गतिविधियों का सम्पादन मेंटर शिक्षक के मार्गदर्शन में किया जाये। • प्रत्येक छात्राध्यापक को निर्धारित शाला इंटर्नशिप के पाठ्यक्रम के अनुसार अपने लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु निर्देशित करें। • छात्राध्यापक शाला (शासकीय/अशासकीय) अवलोकन के साथ–साथ शाला के बच्चों से बच्चों के पालकों से, प्रबंध समिति के सदस्यों और समुदाय के साथ चर्चा कर रिकार्ड संधारित करने हेतु प्रेरित करें। • छात्राध्यापकों द्वारा शासकीय/अशासकीय शालाओं में शाला अनुभव कार्यक्रम के दौरान शाला अवलोकन और कक्षा अवलोकन कार्य किया जाए और साथ ही एक नवाचारी केन्द्र का भ्रमण भी किया जाए। • शासकीय और अशासकीय शालाओं के अवलोकन का क्रम शिक्षक शिक्षा संस्थान के इंटर्नशिप समन्वयक द्वारा निर्धारित किया जायेगा।
			6 दिवस (शासकीय प्राथमिक शाला)		• शासकीय प्राथमिक शाला में छात्राध्यापक द्वारा 5 कक्षा अवलोकन प्राथमिक स्तर के नियमित शिक्षकों के किए जायें।
			6 दिवस (शासकीय माध्यमिक शाला)		• शासकीय माध्यमिक शाला में छात्राध्यापकों द्वारा 5 कक्षा अवलोकन माध्यमिक स्तर के नियमित शिक्षकों के किए जाए।
9	शिक्षक शिक्षा संस्थानों में प्रथम चरण की समीक्षा	दिसम्बर माह प्रथम सप्ताह	1 सप्ताह (6 दिवस)	इंटर्नशिप समन्वयक, शाला, संस्थान सुपरवाईजर, विषय विशेषज्ञ एवं मेंटर शिक्षक द्वारा	• शिक्षक शिक्षा संस्थान द्वारा छात्राध्यापक के प्रथम चरण की गतिविधियों पर समूहवार संस्थान के विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में समीक्षा की जाये। • सप्ताह के अंतिम दिवस समस्त छात्राध्यापकों द्वारा प्रथम चरण का प्रस्तुतीकरण और समीक्षा मेंटर शिक्षक को बुलाकर की जाए। एक दिवसीय सेमीनार में फीडबैक के साथ–साथ मेंटर शिक्षक, संस्थान सुपरवाईजर, विषय विशेषज्ञ द्वारा मागदर्शन और अनुभवों को साझा कर द्वितीय चरण में सुधार हेतु छात्राध्यापकों को निर्देशित किया जाए।

क्र.	प्रस्तावित गतिविधियाँ	प्रस्तावित माह एवं (अनुमानित समय)	अवधि	जवाबदारी	कार्य विवरण
10	चयनित शालाओं (शासकीय/अशासकीय) में छात्राध्यापकों द्वारा शाला और समुदाय के साथ शाला अनुभव कार्यक्रम (द्वितीय चरण)	दिसम्बर माह द्वितीय और तृतीय सप्ताह	2 सप्ताह (12 दिवस)	इंटर्नशिप समन्वयक शाला प्रधानाध्यापक प्राचार्य, मेंटर शिक्षक एवं संस्थान सुपरवाईजर द्वारा	• जिन छात्राध्यापकों द्वारा प्रथम चरण में शासकीय शाला में कार्य किया गया वे द्वितीय चरण में अशासकीय शाला में भी उपरोक्त निर्देशानुसार कार्य करेंगे।
			6 दिवस (अशासकीय प्राथमिक शाला)		• अशासकीय प्राथमिक शाला में छात्राध्यापक द्वारा 5 कक्षा अवलोकन प्राथमिक स्तर के नियमित शिक्षकों का किया जायें।
			6 दिवस (अशासकीय माध्यमिक शाला)		• अशासकीय माध्यमिक शाला में छात्राध्यापक द्वारा 5 कक्षा अवलोकन माध्यमिक स्तर के नियमित शिक्षकों का किया जायें।
11	छात्राध्यापकों का मूल्यांकन	दिसम्बर माह चतुर्थ सप्ताह	1 सप्ताह (6 दिवस)	इंटर्नशिप समन्वयक शाला प्रधानाध्यापक प्राचार्य, मेंटर शिक्षक एवं संस्थान सुपरवाईजर द्वारा	• प्रत्येक छात्राध्यापक के द्वारा शाला अवलोकन के दौरान की गयी विभिन्न गतिविधियों के आकलन प्रपत्र संधारित कर अधिभार के आधार पर आंतरिक मूल्यांकन का कार्य 1 या 2 दिवसीय सेमीनार का आयोजन कर किया जाये। • शिक्षक शिक्षा संस्थान में मेंटर शिक्षक को बुलाकर अनुभव को साझा करें और संस्थान सुपरवाईजर मेंटर शिक्षक, विषय विशेषज्ञ प्रत्येक छात्राध्यपक का आकलन कर रिकार्ड संधारित करें। • जिन छात्राध्यपकों की इंटर्नशिप अवधि 90 प्रतिशत पूर्ण नहीं हो पा रही हैं उन्हें संस्थान प्रमुख द्वारा पूर्व में स्वीकृत की गई केवल 10 प्रतिशत अवधि को ही पूर्ण करने का एक अवसर संस्थान प्राचार्य और इंटर्नशिप समन्वयक द्वारा दिया जाएगा। • इन छात्राध्यापकों को संस्थान समय के अलावा, प्रातः कालीन लैब एरिया की शालाओं में प्राचार्य और मेंटर के मार्गदर्शन में अपना कार्य पूर्ण करने का अवसर प्रदान किया जाये। • इन छात्राधपकों का आकलन भी पुनः शाला के प्रधानाध्यापक और मेंटर से प्राप्त किया जाये। • इन छात्राध्यापकों को संस्थान के सुपरवाईजर के मार्गदर्शन में शाला गतिविधियों के लिए भेजा जाये। • इंटर्नशिप अवधि के समय किसी भी संस्थान प्रमुख द्वारा छात्राध्यापक को संस्थान समय में छुट नहीं दी जायेगी और अवकाश भी स्वीकृत नहीं किया जाये। विशेष परिस्थिति में ही 10 प्रतिशत अवकाश स्वीकृत करने की छूट रहेगी। • जिन छात्राध्यापकों की उपस्थिति 90 प्रतिशत पूर्ण नहीं होगी उनकों परीक्षा में बैठने की पात्रता नहीं होगी। उनका आंतरिक मूल्यांकन भी माध्यमिक शिक्षा मण्डल को नहीं भेजा जाएगा।

i. द्वितीय वर्ष शाला इंटर्नशिप की प्रस्तावित समय सारणी

द्वितीय वर्ष शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम की प्रस्तावित समय सारणी

क्र.	प्रस्तावित गतिविधियाँ	प्रस्तावित माह एवं (अनुमानित समय)	अवधि	जवाबदारी	कार्य विवरण
1	जिला स्तरीय चयन समिति का गठन	जुलाई माह प्रथम सप्ताह	1 दिवस	जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा	• इंटर्नशिप निर्देशों के आधार पर जिला स्तरीय समिति का गठन करना। • सभी सदस्यों को आदेश प्रसारित करना। • सम्भावित बैठकों की सूचना सूचना देना। • SCERT के शिक्षक शिक्षा कक्ष से समन्वय कर शासकीय एवं अशासकीय शिक्षक शिक्षा संस्थानों के इंटेक के साथ प्रवेशित छात्राध्यापकों की सूची प्राप्त करना। • DPC से जिले की अच्छी प्राथमिक एवं माध्यमिक शासकीय एवं अशासकीय शालाओं की सूची कक्षावार एवं दर्ज छात्रों की संख्या के साथ प्राप्त करना।
2	जिला स्तरीय चयन समिति की बैठक और शिक्षक शिक्षा संस्थानों के लिए शासकीय एवं अशासकीय शालाओं का चयन करना। 50 – पर 5–5 शालाओं (शासकीय और अशासकीय) 100 – पर 10–10 शालाओं (शासकीय और अशासकीय) 150– पर 15–15 शालाओं (शासकीय एवं अशासकीय) का चयन	जुलाई माह द्वितीय सप्ताह	1 दिवस	जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा	• जिला स्तरीय समिति की बैठक के दौरान इंटर्नशिप के दिशा निर्देशों के आधार पर शिक्षक शिक्षा संस्थानों के लिये शालाओं का चयन करना। • शिक्षक शिक्षा संस्थानों के इंटेक एवं प्रवेशित छात्राध्यापकों की संख्या के आधार पर शालाओं का आंवटन करना। • प्रत्येक दर्ज छात्राध्यापक को 02 शालाओं (शासकीय एवं अशासकीय) का आवंटन किया जाए। • प्रत्येक शिक्षक शिक्षा संस्थानों के लिए आवंटित शासकीय शाला के पास ही आवंटित अशासकीय शालाएँ होना चाहिए क्योंकि प्रत्येक छात्राध्यापक को आवंटित शासकीय शाला का मेंटर शिक्षक ही अशासकीय शाला में भी मार्गदर्शन में सहयोग एवं आकलन करेगा। • जिला स्तरीय समिति को शाला इंटर्नशिप मार्गदर्शिका में दिये गये उत्तरदायित्व के आधार पर कार्य करना है। • जिला स्तरीय समिति को अध्यक्ष एवं सचिव के हस्ताक्षर से प्रत्येक शिक्षा सत्र में लागू होने वाला शाला इंटर्नशिप का वार्षिक केलेण्डर दिनांक सहित इंटर्नशिप अवधि (24 एवं 96 दिवस) हेतु जारी करना हैं। वार्षिक केलेण्डर की प्रतियाँ माध्यमिक शिक्षा मण्डल और SCERT के माध्यम से मण्डल की वेब साइट और एजुकेशन पोर्टल पर प्रसारित करने हेतु भेजी जाए।
3	इंटर्नशिप समन्वयक की नियुक्ति करना	जुलाई माह तृतीय सप्ताह	1 दिवस	शिक्षक शिक्षा संस्थान के प्राचार्य द्वारा	• शिक्षक शिक्षा संस्थान के प्राचार्य द्वारा इंटर्नशिप समन्वयक की नियुक्ति करना। • इंटर्नशिप समन्वयक द्वारा शिक्षक शिक्षा संस्थान को आवंटित शालाओं में संस्थान के दर्ज छात्राध्यापकों आवंटन करना। • छात्राध्यापकों को एक विकल्प की सुविधा दी जा सकती है, परन्तु अंतिम निर्णय संस्थान प्राचार्य और इंटर्नशिप समन्वयक का रहेगा।
4	शिक्षक शिक्षा संस्थानों के इंटर्नशिप समन्वयकों और चयनित शालाओं के प्रधानाध्यापकों/ प्राचार्यों का शाला इंटर्नशिप	जुलाई माह चतुर्थ सप्ताह	1 दिवस	नोडल संस्थान के (डाईट) प्राचार्य द्वारा	• प्राचार्य डाइट, शिक्षक शिक्षा संस्थानों के प्राचार्यो द्वारा नियुक्त इंटर्नशिप समन्वयकों के नाम और आंवटित शालाओं की सूची (शासकीय/माध्यमिक) दर्ज प्रवेशित छात्राध्यापकों के नाम के साथ प्राप्त करें। • आवंटित शालाओं के प्रधानाध्यापकों/प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षा संस्थान के इंटर्नशिप समन्वयकों को एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम की सूचना दें। (निर्धारित सप्ताह में तिथि तय कर)

क्र.	प्रस्तावित गतिविधियाँ	प्रस्तावित माह एवं (अनुमानित समय)	अवधि	जवाबदारी	कार्य विवरण
	उन्मुखिकरण कार्यक्रम				• सभी इंटर्नशिप समन्वयकों एवं शाला के प्रधानाध्यापकों/प्राचायों को इंटर्नशिप मार्गदर्शिका एवं मूल्यांकन और सुपरविजन के प्रपत्रों की प्रतिलिपियों के 1–1 सेट उपलब्ध करायें और उनके उत्तरदायित्वों से परिचित करवायें। • समस्त शासकीय प्रधानाध्यापकों/प्राचायों से अपनी–अपनी शाला में बनाये जाने वाले चयनित मेंटर शिक्षकों के नाम, पद, और फोन नम्बर के साथ सूची प्राप्त करें। • अशासकीय शिक्षक शिक्षा संस्थानों के इंटर्नशिप समन्वयकों को आवंटित शासकीय शालाओं के मेंटर शिक्षक की सूची उपलब्ध करायें और उनको अपनी संस्था में उन्मुखिकरण हेतु निर्देशित करें।
5	शिक्षक शिक्षा संस्थान स्तर पर अकादमिक सदस्यों का संस्थान सुपरवाईजर और विषय विशेषज्ञ के रूप में उन्मुखिकरण	अगस्त माह प्रथम सप्ताह	1 दिवस	शिक्षक शिक्षा संस्थान प्राचार्य एवं इंटर्नशिप समन्वयक द्वारा	• संस्थान के सुपरवाईजर और विषय विशेषज्ञों का चयन कर इंटर्नशिप कार्यक्रम हेतु उन्मुखिकरण करें। • संस्थान सुपरवाईजर और विषय विशेषज्ञों को इंटर्नशिप मार्गदर्शिका उपलब्ध करायें और उनके उत्तरदायित्वों से परिचित करायें। • संस्थान सुपरवाईजर, विषय विशेषज्ञ, मेंटर शिक्षक की छात्राध्यापकों के मार्गदर्शन में समन्वित भूमिका को स्पष्ट करें।
6	शिक्षा शिक्षा संस्थान स्तर पर मेंटर शिक्षक का उन्मुखिकरण	अगस्त माह द्वितीय सप्ताह	1/2 दिवस	शिक्षक शिक्षा संस्थान के इंटर्नशिप समन्वयक द्वारा	• आवंटित शासकीय शालाओं के मेंटर शिक्षक का उन्मुखिकरण करें। • मेंटर शिक्षक की भूमिका को स्पष्ट करें। • मेंटर शिक्षकक को शाला इंटर्नशिप मार्गदर्शिका के आधार पर प्रशिक्षित कर शाला इंटर्नशिप मार्गदर्शिका की प्रति दें और उसमें लिखे मेंटर शिक्षक के उत्तरदायित्वों पर अमल करने हेतु प्रशिक्षित करें। • आवंटित छात्राध्यापकों की सूची उपलब्ध करायें। • शासकीय एवं अशासकीय शाला के अवलोकन कार्यक्रम से परिचित करवायें। • शासकीय और अशासकीय शाला की समस्त गतिविधियों में छात्राध्यापकों का कार्य विभाजन कर समय सारणी संधारित करने हेतु प्रशिक्षित करें। • शाला और संस्थान के मध्य, मध्यस्थ की भूमिका निभाते हुए दोनों संस्थाओं की शिक्षा में गुणवत्ता लाने हेतु प्रेरित करें। • समय–समय पर संस्थान को छात्राध्यापक की प्रगति से अवगत कराने हेतु निदेर्शित करें। • छात्राध्यापक के संबंध में आवश्यकता होने पर संस्थान को अनुशासन संबंधी समस्या की जानकारी देना और मार्गदर्शन देने हेतु निदेर्शित करें। • छात्राध्यापक के आकलन में संस्थान विशेषज्ञ या सुपरवाईजर के साथ निरन्तर सहयोग हेतु मागदर्शन करें।

क्र.	प्रस्तावित गतिविधियाँ	प्रस्तावित माह एवं (अनुमानित समय)	अवधि	जवाबदारी	कार्य विवरण
			1/2 दिवस		• प्रत्येक मेंटर शिक्षक को आवंटित छात्राध्यापकों की सूची के साथ संस्थान में उपस्थित आवंटित छात्राध्यापकों से परिचय करवायें। • मेंटर शिक्षक अपनी शाला की समय सारणी और संचालित गतिविधियों का परिचय छात्राध्यापकों को देंगे और छात्राध्यापकों को शाला की अपेक्षाओं से अवगत करायेंगे। • वर्तमान में चल रहे सभी विषयों के पाठ्यक्रर्मों से परिचय करवायेंगें ताकि छात्राध्यापक पूर्व तैयारी के साथ शाला अवलोकन/कक्षा शिक्षण का कार्य करें।
7	शिक्षक शिक्षा संस्थान स्तरीय छात्राध्यापकों का उन्मुखिकरण	अगस्तर माह द्वितीय सप्ताह	5 दिवस	इंटर्नशिप समन्वयक द्वारा	• छात्राध्यापकों का शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम से परिचय करायें। • शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम के उद्देश्य से लेकर आकलन तक की प्रक्रिया पर छात्राध्यापकों का उन्मुखिकरण करें। • छात्राध्यापकों को शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम की तीनों चरणों की गतिविधियों के अंतर्गत आकलन की प्रक्रिया पर उन्मुखिकण करें। • शाला की समस्त शैक्षिक गतिविधियों में सहभागिता पर उन्मुखिकण करें। • शासकीय एवं अशासकीय शाला के शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम के पश्चात् तुलनात्मक विश्लेषण कर दोनों शालाओं की श्रेष्ठ शिक्षण प्रक्रियाओं को चयन करने हेतु प्रेरित करें। • संस्थान के विषय विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न विषयों के इंटर्नशिप कार्यक्रम के दौरान किये जाने वाले सत्रगत कार्यों पर समझ विकसित कर सत्रगत कार्यों का आंवटन करें और रिकार्ड संधारित रखें। • ब्लू प्रिंट और प्रश्न पत्र निर्माण, यूनिट टेस्ट, निदानात्मक प्रशिक्षण का उपचारात्मक शिक्षण योजना के साथ निर्माण करना सिखायें। • CCE द्वारा आकलन पर परीक्षण दे। • शाला इंटर्नशिप के दौरान शाला के विभिन्न अभिलेखों के रखरखाव पर चर्चा करें। • इकाई योजना एवं पाठ योजना पर चर्चा कर प्राथमिक स्तर पर 4 विषयों की आदर्श पाठ योजना का एवं माध्यमिक स्तर पर सभी विषयों की आदर्श पाठ योजनाओं का प्रस्तुतीकरण विषय शिक्षक द्वारा किया जाए। यह आदर्श पाठ योजना का प्रस्तुतीकरण संस्थान से जुड़ी हुयी लैब शाला में जाकर किया जाए जिस पर छात्राध्यापकों और शिक्षकों के बीच में पर्याप्त चर्चा होना चाहिए। • छात्राध्यापकों द्वारा प्राथमिक स्तर पर सभी विषयों की एवं माध्यमिक स्तर पर चयनित विषयों की एक–एक पाठ योजना (आलोचनात्मक पाठ योजना) का निर्माण कर संस्थान से जुड़ी लैब शाला में प्रदर्शन किया जाएगा। जिस पर विषय विशेषज्ञ, संस्थान सुपरवाईजर, साथी छात्राध्यापकों द्वारा आलोचनात्मक आधार पर अवलोकन कर फीडबैक और सझाव दिये जाएंगे

क्र.	प्रस्तावित गतिविधियाँ	प्रस्तावित माह एवं (अनुमानित समय)	अवधि	जवाबदारी	कार्य विवरण
					जो भविष्य में कक्षा शिक्षण के दौरान छात्राध्यापकों को अपनाने हैं। • छात्राध्यापकों द्वारा कम से कम अपने साथी की दो पाठ योजनाओं का अवलोकन कर फीडबैक अवश्य दिया जाए। क्योंकि यह प्रशिक्षण है। यह कार्य इंटर्नशिप के दौरान भी किया जाएगा।
					• रिफ्लेक्टिव जर्नल लिखने की कार्यशाला की जाए और लैब एरिया से जुड़ी शाला में विशेषज्ञों के आदर्श पाठ प्रदर्शन एवं छात्राध्यापकों के आलोचनात्मक पाठ प्रदर्शन के दौरान रिफ्लेक्टिव जर्नल लिखने का व्यावहारिक कार्य दिया जाए और उस पर चर्चा कर फीडबैक दिया जाए साथी ही भविष्य में इंटर्नशिप अवधि के दौरान छात्राध्यापक द्वारा रिफ्लेक्टिव जर्नल लिखने का कार्य अच्छी तरह सम्पादित किया जा सके।
8	चयनित अशासकीय शालाओं में प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर का अवलोकन एवं समुदाय के साथ चर्चा।	अगस्त माह तृतीय सप्ताह से सितंबर प्रथम सप्ताह तक	3 सप्ताह (18 दिवस)	इंटर्नशिप समन्वयक, शाला प्रधानाध्यापक /प्राचार्य, मेंटर शिक्षक एवं संस्थान सुपरवाईजर द्वारा	• शाला इंटर्नशिप मार्गदर्शिका में दिये गये निर्देशोनुसार कार्यवाही। • छात्राध्यापकों द्वारा चयनित अशासकीय शालाओं के अंतर्गत 1 सप्ताह प्राथमिक स्तर का 2 सप्ताह माध्यमिक स्तर का तीसरे सप्ताह बच्चों एवं पालकों के साथ तथा समुदाय के साथ चर्चा कर अपने अनुभव को रिफ्लेक्टिव जर्नल में लिखकर संधारित किया जाए। • अशासकीय शालाओं के प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के कक्षा शिक्षण का अवलोकन कर अनुभवों को रिफ्लेक्टिव जर्नल में लिखें। • अशासकीय शालाओं के प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर का शाला अवलोकन कर प्रपत्र संधारित करें।
9	चयनित शासकीय शालाओं (प्राथमिक और माध्यमिक) का अवलोकन एवं समुदाय के साथ चर्चा।	सितंबर माह द्वितीय सप्ताह	1 सप्ताह (6 दिवस)	इंटर्नशिप समन्वयक, शाला प्रधानाध्यापक /प्राचार्य, मेंटर शिक्षक एवं संस्थान सुपरवाईजर द्वारा	• शाला इंटर्नशिप मार्गदर्शिका में दिये गये निर्देशोनुसार कार्यवाही। • अशासकीय शालाओं के अनुसार ही शासकीय शाला की संपूर्ण गतिविधियों की समझ का विकास। • छात्राध्यापकों द्वारा चयनित शासकीय शालाओं से प्राथमिक और माध्यमिक स्तर का अवलोकन किया जाए। • प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के बच्चों एवं पालकों के साथ–साथ समुदाय के साथ भी चर्चा कर अपने अनुभवों को रिफ्लेक्टिव जर्नल में लिखकर संधारित करें। • शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर वर्तमान समय में पढ़ाये जाने वाले पाठ्यक्रम का अवलोकन कर कक्षा शिक्षण के लिए इकाई योजना का निर्माण करें। इकाई योजना के आधार पर ही आगामी प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर पाठ योजनाओं का निर्माण कर शिक्षण करें।

क्र.	प्रस्तावित गतिविधियाँ	प्रस्तावित माह एवं (अनुमानित समय)	अवधि	जवाबदारी	कार्य विवरण
10	चयनित शासकीय शालाओं के प्राथमिक स्तर पर शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम (प्रथम चरण)	सितंबर माह तृतीय सप्ताह से अक्टूबर माह चतुर्थ सप्ताह तक	6 सप्ताह (36 दिवस)	इंटर्नशिप समन्वयक, शाला प्रधानाध्यापक /प्राचार्य, मेंटर शिक्षक एवं संस्थान सुपरवाईजर द्वारा	• शाला इंटर्नशिप मार्गदर्शिका में दिये गये निर्देशोनुसार कार्यवाही। • शासकीय शालाओं की सम्पूर्ण गतिविधियों का अवलोकन करें। • प्राथमिक स्तर पर पढ़ाये जाने वाले चारों विषयों पर नियमित शिक्षकों की कक्षाओं का अवलोकन करें। • नियमित शिक्षक की प्रत्येक विषय की 4 पाठयोजनओं का अवलोकन करें। • 40 पाठ योजनाओं का निर्माण एवं शिक्षण (4 विषयों का शिक्षण अर्थात प्रत्येक विषय की 10 पाठ योजनाओं का निर्माण एवं शिक्षण) करें। • अपने साथी की प्रत्येक विषय की 4 पाठ योजनाओं का अवलोकन करें। • 2 यूनिट टेस्ट का निर्माण (निदानात्मक परीक्षण उपचारात्मक शिक्षण योजना के आधार पर) करें। • क्रियात्मक अनुसंधान, केस स्टडी, शाला प्रोफाईल और छात्राध्यापक पोर्टफोलियों (शैक्षिक सहशैक्षिक गतिविधियों के आाधार पर) का निर्माण और अन्य अभिलेखों का संधारण करें। • रिफ्लेक्टिव जर्नल का निर्माण करें।
11	शिक्षक शिक्षा संस्थानों में प्रथम चरण की समीक्षा	नवम्बर माह प्रथम सप्ताह	1 सप्ताह (6 दिवस)	इंटर्नशिप समन्वयक, शाला, संस्थान सुपरवाईजर, विषय विशेषज्ञ एवं मेंटर शिक्षक द्वारा	• प्रथम चरण की समीक्षा के दौरान मेंटर शिक्षक के साथ संबंधित छात्राध्यापक का 1 दिवसीय फीडबैक कार्यक्रम • शिक्षक शिक्षा संस्थान द्वारा छात्राध्यापक के प्रथम चरण की गतिविधियों पर समूहवार संस्थान के विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में समीक्षा की जाये। • सप्ताह के अंतिम दिवस समस्त छात्राध्यापकों द्वारा प्रथम चरण का का प्रस्तुतीकरण और समीक्षा मेंटर शिक्षक को बुलाकर कि जाए। एक दिवसीय सेमीनार में फीडबैक के साथ–साथ मेंटर शिक्षक, संस्थान सुपरवाईजर, विषय विशेषज्ञ द्वारा मागदर्शन और अनुभवों को साझा कर द्वितीय चरण में सुधार हेतु छात्राध्यापकों को निर्देशित करें।
12	चयनित शासकीय शालाओं के माध्यमिक स्तर पर शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम (द्वितीय चरण)	नवम्बर–दिसंबर माह नवम्बर माह द्वितीय सप्ताह से दिसंबर माह तृतीय सप्ताह	36 दिवस माध्यमिक शालाओं में	इंटर्नशिप समन्वयक, शाला प्रधानाध्यापक /प्राचार्य, मेंटर शिक्षक एवं संस्थान सुपरवाईजर द्वारा	• शासकीय माध्यमिक शाला के अन्तर्गत 40 पाठ योजना का निर्माण एवं शिक्षण अर्थात प्रत्येक विषय की लगभग 20 पाठ योजनाओं का निर्माण एवं शिक्षण। • छात्राध्यापक को अपने साथी की प्रत्येक विषय की 4 पाठ योजनाएँ अर्थात 2 विषय की 8 पाठ योजनाओं का अवलोकन करें। • 2 यूनिट टेस्ट का निर्माण (निदानात्मक परीक्षण उपचारात्मक शिक्षण योजना के आधार पर) करें। • क्रियात्मक अनुसंधान, केस स्टडी, शाला प्रोफाईल और छात्राध्यापक पोर्टफोलियों (शैक्षिक सहशैक्षिक गतिविधियों के आाधार पर) का निर्माण और अन्य अभिलेखों का संधारण करें। • रिफ्लेक्टिव जर्नल का निर्माण करें।

क्र.	प्रस्तावित गतिविधियाँ	प्रस्तावित माह एवं (अनुमानित समय)	अवधि	जवाबदारी	कार्य विवरण
13	छात्राध्यापकों का आंतरिक मूल्यांकन	दिसंबर माह चतुर्थ सप्ताह	1 सप्ताह (6 दिवस)	इंटर्नशिप समन्वयक, शाला, संस्थान सुपरवाईजर, विषय विशेषज्ञ एवं मेंटर शिक्षक	• प्रत्येक छात्राध्यापक के द्वारा शाला अवलोकन के दौरान की गयी विभिन्न गतिविधियों के आकलन प्रपत्र संधारित कर अधिभार के आधार पर आंतरिक मूल्यांकन कार्य का आकलन 1 या 2 दिवसीय सेमीनार का आयोजन कर किया जाये। • शिक्षक शिक्षा संस्थान में मेंटर शिक्षक को बुलाकर अनुभव को साझा करें और संस्थान सुपरवाईजर मेंटर शिक्षक विषय विशेषज्ञ प्रत्येक छात्राध्यपक का आकलन कर रिकार्ड संधारित करें। • जिन छात्राध्यापकों को इंटर्नशिप अवधि 90 प्रतिशत पूर्ण नहीं हो पा रही हैं उन्हें संस्थान प्रमुख द्वारा पूर्व में स्वीकृत की गई केवल 10 प्रतिशत अवधि को ही पूर्ण करने का एक अवसर संस्थान प्राचार्य और इंटर्नशिप समन्वयक द्वारा दिया जाएगा। • इन छात्राध्यापकों को संस्थान समय के अलावा, प्रातः कालीन लैब एरिया की शालाओं में प्राचार्य और मेंटर के मार्गदर्शन में अपना कार्य पूर्ण करने का अवसर प्रदान किया जाये। • इन छात्राध्यापकों का आकलन भी पुनः शाला के प्रधानाध्यापक और मेंटर से प्राप्त किया जाये। • इन छात्राध्यापकों को संस्थान के सुपरवाईजर के मार्गदर्शन में शाला गतिविधियों के लिए भेजा जाये। • इंटर्नशिप अवधि के समय किसी भी संस्थान प्रमुख द्वारा छात्राध्यापक को संस्थान समय में छुट नहीं दी जायेगी और अवकाश भी स्वीकृत नहीं किया जाएगा। विशेष परिस्थिति में 10 प्रतिशत अवकाश स्वीकृत करने की छूट रहेगी। • जिन छात्राध्यापकों की उपस्थिति 90 प्रतिशत पूर्ण नहीं होगी उनकों परीक्षा में बैठने की पात्रता नहीं होगी। उनका आंतरिक मूल्यांकन भी माध्यमिक शिक्षा मण्डल को नहीं भेजा जाएगा।

11. उपसंहार

शिक्षा की गुणवत्ता अच्छे शिक्षकों पर निर्भर करती है। प्रारंम्भिक शिक्षा में अच्छे निर्माणवादी और नवाचारी शिक्षकों की आवश्यकता है। प्राथमिक स्तर पर शिक्षक शिक्षा कार्यक्रम इस उद्देश्य की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता हे। इसी संदर्भ में NCTE द्वारा इंटर्नशिप की अवधि को बढ़ाया गया है। लम्बी अवधि के साथ–साथ राज्य शिक्षा संस्थान, SCERT,IASEs/CTEs/DIETs/ और शालाओं के साथ–साथ शिक्षक अकादमिक सदस्यों, प्रधानाध्यापकों, मेंटर शिक्षकों की भी जवाबदारी तय कि गई है ताकि शाला इंटर्नशिप कार्यक्रम को सार्थक और उपयोगी बनाया जा सकें। इस शाला इंटर्नशिप मार्गदर्शिका का निर्माण सुझावात्मक रूप से किया गया है ताकि सभी शिक्षक शिक्षा संस्थायें इंटर्नशिप कार्यक्रम को बेहतर तरीके से लागू कर भविष्य के शिक्षकों के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका और जिम्मेदारी का निर्वहन कर सकें।

12. संदर्भ ग्रंथ सूची

- भारत का राजपत्र–असाधारण, भाग II खण्ड 4 परिशिष्ठ 2
- शिक्षा का अधिकार अधिनियम (RTE Act -2009)
- School Intership: Framework and Guidelines 2016 by NCTE
- NCFTE-2009 by NCTE
- School Intership program for diploma in elimantry education, guidlines for effective implimentation by NCERT 2016

13. परिशिष्ठ

इंटर्नशिप कार्यक्रम के दौरान छात्राध्यापकों द्वारा शाला में कई प्रकार के कार्यों का सम्पादन किया जाएगा जिनका रिकार्ड संधारित करना अति आवश्यक है। कुछ महत्वपूर्ण कार्यों के सुझावात्मक प्रारूप परिशिष्ठ में दिए जा रहें हैं जो निम्नानुसार हैं।

- **परिशिष्ठ क्रमांक– 1:** पाठ्यपुस्तक/स्रोत सामग्री विश्लेषण प्रारूप
- **परिशिष्ठ क्रमांक –2:** रिफ्लेक्टिव जर्नल का प्रारूप
- **परिशिष्ठ क्रमांक –3:** कक्षा अवलोकन का प्रारूप
- **परिशिष्ठ क्रमांक –4:** इकाई योजना प्रारूप
- **परिशिष्ठ क्रमांक –5:** पाठयोजना का प्रारूप
- **परिशिष्ठ क्रमांक –6:** केस स्टडी का प्रारूप
- **परिशिष्ठ क्रमांक –7:** नवाचारी केन्द्र के भ्रमण का प्रारूप
- **परिशिष्ठ क्रमांक –8:** क्रियात्मक अनुसंधान का प्रारूप
- **परिशिष्ठ क्रमांक–9:** पर्यवेक्षण/आकलन का प्रारूप

पाठ्यपुस्तक/स्रोत सामग्री विश्लेषण

पाठ्य सामग्री की सामान्य जानकारी

1. सामग्री का नाम
2. विषय
3. कक्षा
4. प्रकाशक
5. लेखक/लेखकगण/पाठ्य सामग्री विकास समूह
6. संपादक
7. सामग्री की कुल पृष्ठ संख्या
8. पाठ्य सामग्री का मूल्य/निःशुल्क वितरण

अ.) विषय वस्तु और शिक्षण शास्त्र

1. पाठ्यपुस्तक/अन्य स्रोत सामग्री में विषय वस्तु के संगठन की प्रकृति कैसी है? क्या वह विशेष पद्धति के अनुरूप है?
2. विषय वस्तु की अधिगम सामग्री किस सीमा तक विषय के उद्देश्यों को पूरा कर पा रही है? उदाहरण सहित समझाइये।
3. विषयवस्तु की अधिगम सामग्री किस सीमा तक सही और प्रमाणित है? इसके बारे में विस्तार से लिखिये।
4. अधिगमकर्ता में क्या यह सामग्री अधिगम सिद्धांतों की नींव का निर्माण कर पा रहीं हैं?
5. क्या अधिगम सामग्री में दी गयी विषयवस्तु/गतिविधियाँ/क्रियाकलाप एवं लक्ष्य निम्नलिखित शैक्षिक और सामाजिक कौशलों का विकास कर पा रहे हैं?
    i. स्त्रोत के आधार पर
    ii. दूसरों के प्रति संवेदनशीलता के आधार पर, दूसरों के प्रति भलाई और भावनाओं से संबंधित
    iii. भूमिका/आलोचनात्मक दृष्टिकोण
    iv. सीखने के लिए सीखना
    v. कार्य और दक्षता की आर्थिक जीवन में उपयोगिता
    vi. सौन्दर्यअनुभूति के दृष्टिकोण से प्रोत्साहन
6. देश/राज्य के विभिन्न भागों के ग्रामीण और शहरी वातावरण के आधार पर अधिगम सामग्री की विषयवस्तु है या नहीं?
7. अवधारणाओं को विस्तारित करने के लिए स्थानीय/राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय उदाहरण दिये गये हैं या नहीं। क्या इनका विषय/उपविषय, विषयवस्तु में दिये गये पाठों और उनमें लिखी गयी पाठ्यवस्तु से संबंधित है?
8. अवधारणाओं के साथ स्थानीय मुद्दों को जोड़ा गया है या नहीं। उदाहरण दे कर समझाइये।
9. अधिगम सामग्री में स्थानीय और राज्य के विशिष्ट मुद्दें जोड़े गये है? हाँ या नहीं विवरण दीजियें।
10. क्या अधिगम सामग्री में रचनात्मक विश्लेषण और रचनात्मक चितंन को जगह दी गयी हैं? हाँ, तो विस्तार से समझाईये।
11. विषयवस्तु में दी गयी सामग्री की भाषा स्थानीय और राज्य के संदर्भ में या नहीं ? विवरण दीजिये।
12. व्यापक अवधारणाओं को समझने के लिए अधिगम प्रक्रिया में छात्रों को सक्रिय रूप में संलग्न करने की सुविधा पाठ्यपुस्तक में दी गयी है या नहीं। उदाहरण की सहायता से समझाइयें।

13. स्वअधिगम एवं स्वप्रेरणा के आधार पर विषयवस्तु को विस्तार से समझने की गुजांईश दी गयी है? यदि हाँ तो विवरण दीजिये।
14. क्या पाठ्यसामग्री में ऐसे मुद्दे हैं जिनका विपरित मनौवैज्ञानिक प्रभाव छात्रों पर पड़ेगा? यदि हाँ तो विस्तार से समझाइये।

शिक्षण शास्त्र

1. क्या परस्पर प्रभाव डालने वाला कोई विवरण सामग्री में दिया गया है? यदि हाँ तो बताइये।
2. क्या पाठ्यपुस्तक में गतिविधि और उत्पादक काम पर आधारित अवधारणाओं को स्थान दिया गया है? हाँ या नहीं, उदाहरण द्वारा समझाइये।
3. क्या अधिगम सामग्री में दी गयी विषय वस्तु के द्वारा उत्पादक कार्य से संबंधित गतिविधियों की प्रेरणा मिलती है? यदि हाँ, तो कैसे?
4. क्या अवधारणाओं को विस्तृत करने के लिए जो अधिगम सामग्री द्वारा उदाहरण समझाया गया है वह स्पष्ट है, इससे अधिगमकर्ता की समझ में भ्रम की स्थिति तो नहीं हो रही है? यदि हाँ तो उसे पहचान कर बताये।
5. क्या पाठ्यपुस्तक में दिये गये उदाहरण छात्रों को दैनिक जीवन में परिस्थितियों को समझने में मदद कर रहे हैं? यदि हाँ, कुछ उदाहरण द्वारा बतायें।
6. क्या छात्रों के लिए पाठयपुस्तक की भूमिका लिखी गई है? यदि हाँ, तो भूमिका की मुख्य बातों को बतायें।
7. क्या पाठ के प्रांरभ में ही उसका मुख्य उद्देश्य/विचार स्पष्ट रूप से दिया गया है।
8. क्या शिक्षक के लिए कुछ मार्गदर्शन या प्रशिक्षण की बात कही गयी है कि कैसे वह इस सामग्री का कक्षा में उपयोग करेगा? यदि हाँ, तो विस्तृत रूप से बतायें।
9. क्या आप सोचते हैं कि शिक्षक को कुछ अतिरिक्त सामग्री का उपयोग पाठों को पढ़ाने के लिए करना चाहिए? यदि हाँ, तो सामग्री की सूची बनायें।
10. क्या आप सोचते हैं की शिक्षक संपूर्ण अधिगम सामग्री का शिक्षण में उपयोग पाठ्यक्रम पूर्ण करने के लिए दिये गये निर्धारित समय पर कर पाते हैं? यदि नहीं, तो कारण बताइये एवं सुझाव दीजिये।
11. क्या विषय की विशिष्ट अवधारणा को अवलोकन के दौरान सीखने के और अधिगम सामग्री द्वारा बाह्य और आंतरिक गतिविधियों को सम्पन्न करने के अवसर दिये गये हैं? हाँ तो बताइये।
12. क्या अधिगम अवधारणाओं को समझने में अधिगम सामग्री के रूप में सूचना एवं प्रौद्योगिक (ICT) का उपयोग शिक्षक और छात्रों को प्रोत्साहित कर रहा हैं? उदाहरण सहित समझाइये।
13. क्या सीखने की सामग्री शिक्षकों को सूचना एवं प्रोद्योगिक के अलावा अन्य शिक्षण सहायक सामग्री का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं? उदाहरण सहित समझाइये।

सामाजिक, राजनैतिक सोच एवं दृष्टिकोण

1. क्या आप समझते हैं कि दी गयी सामग्री निष्पक्ष रूप से लिंग, वर्ग और समावेशी मुद्दों को प्रस्तुत कर रही है? उदाहरण द्वारा समझाइये।
2. कैसे और कहाँ सामग्री निम्नलिखित पहलुओं को एकीकृत कर रहीं हैं? (एकीकरण की प्रकृति एवं पृष्ठ संख्या का वर्णन करें)
   i. भरोसा
   ii. परस्पर आदर
   iii. विविधता के लिए सम्मान
   iv. मानव अधिकार – मानव गरिमा और अधिकार
   v. अन्तःविषय दृष्टिकोण
   vi. लिंग (gendar) के प्रति सोच
   vii. लिंग समानता
   viii. उदाहरण में बालक एवं बालिका के लिए प्रयुक्त विश्लेषण

ix. महिला एवं पुरूष के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले व्यवसाय
x. प्रचलित तथागत प्रथाओं के चित्रण को कम महत्व देना
xi. सामर्थ्य संबंधो (लिंग) का उपयोग
xii. लिंग चिंताओं का प्रतिनिधित्व प्रतीकवाद के एकीकरण के रूप में
xiii. महिलाओं का प्रस्तुतिकरण परिवर्तन के प्रतिनिधि के रूप में
xiv. सक्रिय बनाम निष्क्रिय भूमिका, वस्त्रो के आधार पर (घुंघट, पर्दा)
xv. पुरूषों और स्त्रियों का दृश्यों में स्थान
xvi. लिंग–संवेदनशील भाषा

3. क्या वर्तमान विषय वस्तु विशेष आवश्यकता आधारित बच्चों और समावेशी शिक्षा पर आधारित है?

i. पाठ्यपुस्तक की विषय वस्तु में चरित्र का चित्रण– मुकबधिर, दृष्टि बाधित, मानसिक परेशानी वाले बच्चों के लिए उपयुक्त शब्दावली का प्रयोग
ii. विषय–वस्तु में ऐसे पात्रों का समावेश करना जिनमें मानव जीवन के सामान्य बच्चों के विपरित कुछ कठिनाईयाँ आती हैं।
iii. अधिगम कठिनाई वाले बच्चों के लिए उचित Font size के शब्दों का चयन
iv. विभिन्न अधिगम कठिनाईयों वाले बच्चों के लिए ICT के उपयोग को विस्तृत उदाहरण देना।
v. पढ़ने की कठिनाई वाले बच्चों के लिए प्रत्येक पाठ के अन्त में सारांश देना।

आकलन

i. क्या अधिगम सामग्री यह मार्गदर्शन देती है की अधिगमकर्ता का किस प्रकार मूल्यांकन किया जाये?
ii. क्या प्रत्येक पाठ के विभिन्न उपविषयों की अधिगम सामग्री में भी आकलन के प्रश्न और गतिविधियाँ समाहित की गयी है?
iii. क्या आप सोचते हैं की विषय वस्तु के प्रश्न उपविषय के महत्वपूर्ण विचार को समझने में मदद करते हैं?
iv. क्या अधिगम सामग्री में गतिविधियाँ, उदाहरण, नक्शे, चित्र दिये गये हैं? क्या वह पर्याप्त मात्रा में सही स्थान पर दिये गये हैं?
v. क्या आप समझते है शिक्षक एवं छात्र अधिगम सामग्री के रूप में दी गई समस्त सुधारात्मक गतिविधियाँ कर पायेंगे?
vi. क्या प्रत्येक पाठ के अन्त में दिये गये अभ्यास, पाठों में दी गई अवधारणाओं, विषयों की चर्चाओं पर आधारित है? क्या इसके द्वारा पाठ की विषय वस्तु की पुनरावृत्ति और सारांशीकरण हो रहा है?
vii. क्या पाठ के अन्त में दिये गये अभ्यास, पाठ में चर्चा के लिए दिए गए विषय और अवधारणाओं से संबंध रखते हैं।
viii. क्या पाठ्यपुस्तक के अन्त में दी गयी विवरणात्मक (टिप्पणी) और अभ्यास पाठ्यपुस्तक के पाठों का स्वमूल्यांकन करने में मदद करते हैं? क्या पाठों के मध्य और अन्त में दिये गये प्रश्न बच्चों को निम्न प्रकार सोचने में मदद करते हैं–
   - गहन चिन्तन (रिफ्लेक्शन)
   - विश्लेषणात्मक सोच
   - समस्या समाधान
   - सृजनात्मक सोच
ix. क्या उपरोक्त गतिविधियों को करने में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को कठिनाईयाँ आती हैं?

संरचनात्मक पहलु (प्रस्तुतीकरण और भाषा और दृश्यों का उपयोग)

1. पाठों का विभाजन तर्क के आधार पर किस प्रकार किया गया है? जैसेः– वर्ग/भाग और परिच्छेद
2. क्या पाठों की लम्बाई निर्धारित आयु के स्तर को ध्यान में रखकर बनाई गयी है?
3. क्या विषय वस्तु की सामग्री अधिगम सामग्री के रूप में एक या दो कॉलम के रूप में प्रस्तुत की गयी है?
4. क्या अधिगम सामग्री का अभिन्यास पढ़ने की दक्षता को बढ़ाता है?
5. क्या विषय वस्तु में दी गई सामग्री और उसका प्रस्तुतीकरण बच्चे की आयु और संज्ञानात्मक स्तर के अनुरूप है?
6. क्या आप सोचते है वाक्यों की औसत लम्बाई अधिगमकर्ता के उपयुक्त है?
7. क्या दी गयी भाषा अधिगमकर्ता के लिए सरल और व्यापक है?
8. क्या तकनीकी शब्द और अवधारणा कोष्ठक या शब्दकोष या दोनों रूप में दिये गये हैं?
9. क्या अधिगम सामग्री में यूनिट से यूनिट और यूनिट के अन्दर संबंध है?
10. क्या विषय वस्तु छात्रों के लिए रोचक और आनन्ददायी है? इसके द्वारा बच्चे की रूचि को कितना स्थायीत्व मिलेगा?
11. शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में विषय वस्तु का प्रस्तुतीकरण किस प्रकार आधुनिक रूझानों का संज्ञान देता है?
12. प्रासंगिक बॉक्स में दी गयी जानकारी/प्रश्न/केस स्टडी किस प्रकार विषय वस्तु का संवर्धन करती है?
13. क्या आपको विषय वस्तु में त्रुटियाँ और विसंगतियाँ मिलती हैं? यदि हाँ तो निम्न प्रकार बतायें–

    त्रुटि का नाम.....
    स्थान.....
    पुरानी जानकारी. (Outdated).....
    चित्रण.....
    अभ्यास .....
    पृष्ठ क्रमांक.....

छात्राध्यापक के हस्ताक्षर
नाम–
दिनांक–

मेंटर के हस्ताक्षर
नाम–
दिनांक–

सुपरवाईज़र/विषय विशेषज्ञ के हस्ताक्षर
नाम–
दिनांक–

रिफ्लेक्टिव जर्नल का प्रारूप

गतिविधि का नाम–

गतिविधि का उद्देश्य–

- गतिविधि को लागू करने के बारे में आपका विचार?
- आप कैसे गतिविधि को लागू कर रहें हैं?
- गतिविधि में आने वाली समस्यायें क्या हैं?
- आगामी आने वाले समय में इसे कैसे बेहतर बनायेंगे?

विवरण–क्या ?

- (वस्तुनिष्ठता के आधार पर समझायें की क्या हुआ?) बिना किसी निष्कर्ष और व्याख्या के विस्तृत रूप से कक्षा प्रस्तुतीरकण और कक्षा में उपयोग की जा रही पद्धतियों के बारे में विस्तार से वर्णन करें।
- मार्गदर्शन देने वाले प्रश्नों को बतायें?
- किस मुद्दे या विषय पर प्रस्तुतीकरण किया गया?
- आपने प्रस्तुतीकरण के दौरान क्या देखा?
- क्या कुछ सकारात्मक लगा? अगर हाँ, तो विस्तृत रूप से समझाइये?

विवरण को कुछ गहन चिंतन के साथ लिखें: क्यों (व्याख्या में आपने जो सीखा उसे अवश्य लिखें)

- आप अपनी भावनाओं, विचारों के आधार पर चर्चा कर सत्र का विश्लेषण करें। यह एक विवरणात्मक वर्णन होगा पर यह आपकी प्रतिक्रिया पर आधारित होगा। यह प्रतिक्रिया सीधे रूप में नहीं की जाये, यह स्पष्ट रूप से कुछ अर्थ के आधार पर गहन चितंन के रूप में की जानी चाहिए।

प्रश्न निम्नानुसार हो सकते हैं–

- क्या आपने नये कौशल को सीखा? यदि हाँ तो वर्णन करें।
- आपने सत्र के दौरान क्या सीखा? या आप सत्र के दौरान सीखने को लेकर अपनी असहमति देना चाहते हैं।
- इस सत्र में क्या अलग लगा?
- क्या आपने जो सोचा था उससे यह सत्र अलग लगा? किस प्रकार
- इस सत्र में आपकों क्या आश्चर्यजनक लगा?
- क्या सत्र के दौरान प्राप्त सूचना आपके पूर्व के अनुभव और विश्वास पर आधारित थी? हाँ या नहीं।
- क्या सत्र के पश्चात् आपकी सोच में परिवर्तन आया है?

गहन चितंन– आगे क्या करना है?

(इस अनुभव के आधार पर आगे आप क्या सोचते हैं?)

प्रश्न निम्नानुसार हो सकते हैं–

- इस अनुभव के आधार पर आपने क्या सीखा?
- आप अपने शिक्षण के दौरान इस अधिगम अनुभव को किस प्रकार लागू करेंगे? लिखिये।
- आपने जो इस सत्र में सीखा, क्या नये शिक्षक के रूप में आपको चुनौती लगता है?
- क्या इस के दौरान कोई वैकल्पिक व्याख्या को आप शामिल करना चाहते हैं?
- क्या इस सत्र के विषय से पीछे हटना चाहते हैं? क्या आपको यह अलग लगता हैं?
- अधिगमकर्ता के रूप में मैनें स्वयं से गहन चितंन कर क्या सीखा है कि भविष्य का शिक्षक बनने के लिए मुझमें क्या–क्या गुण होना चाहिए? लिखिये।
- संबंधित सत्र के दौरान आप किस प्रकार निर्णय करेंगे कि आपकी योग्यता के अनुसार आपने प्रतिक्रिया दी है।
- सत्र से संबंधित आप और क्या सीखना चाहते हैं? लिखिये।
- चुनौतियों और कठिनाईयों को दूर करने के लिए आप और क्या–क्या कार्यवाही चाहते हैं?

छात्राध्यापक के हस्ताक्षर
नाम–
दिनांक–

मेंटर के हस्ताक्षर
नाम–
दिनांक–

सुपरवाईज़र/विषय विशेषज्ञ के हस्ताक्षर
नाम–
दिनांक–

कक्षा अवलोकन प्रारूप

कक्षा अवलोकन के मुख्य घटकः–

1. **योजना–यूनिट/पाठ**
   - उद्देश्य
   - पाठ्य सामग्री
   - पद्धति/शिक्षण की तकनीक/गतिविधियाँ
   - TLM शिक्षण अधिगम सामग्री
   - अधिगम के परिणाम
2. **पाठों का प्रस्तुतीकरण**
   - पाठ्यसामग्री
   - प्रस्तुतीकरण
   - शिक्षण शास्त्र के इनपुट– पद्धतियाँ/तकनीक/गतिविधियाँ
3. **कक्षा प्रबंधन**
   - प्रश्नावली वार्तालाप और प्रश्नोत्तर कौशल इत्यादि।
   - अनुशासन
   - शिक्षक की गतिविधियाँ
   - प्रभावशाली अदान–प्रदान
   - विद्यार्थियों की सहभागिता
   - श्यामपट्ट कार्य
4. **अधिगम की सम्प्राप्तियाँ**
   - उद्देश्यों से संबंधित
   - विषयवस्तु की पूर्णता
   - सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन आधारित
   - छात्र का विशिष्ट व्यवहार और उसकी प्रतिक्रियाएँ
5. **फीडबैक/अनुसरण**
   - मेंटर शिक्षक और सुपरवाईज़र के साथ परामर्श/सलाह–मशवरा करना।

छात्राध्यापक के हस्ताक्षर
नाम–
दिनांक–

मेंटर के हस्ताक्षर
नाम–
दिनांक–

सुपरवाईज़र/विषय विशेषज्ञ के हस्ताक्षर
नाम–
दिनांक–

परिशिष्ठ क्रमांक – 4

इकाई योजना का प्रारूप

कक्षा..... विषय.....

क्र.	इकाई का नाम	उपइकाई / विषय वस्तु	आवश्यक पाठों की संख्या	शीर्षक का नाम	अधिगम उद्देश्य और कौशल प्रक्रिया	शैक्षिक विधि / पद्धति का नाम	**TLM/** अधिगम स्त्रोत	मूल्यांकन / आकलन

छात्राध्यापक के हस्ताक्षर
नाम–
दिनांक–

मेंटर के हस्ताक्षर
नाम–
दिनांक–

सुपरवाईज़र / विषय विशेषज्ञ के हस्ताक्षर
नाम–
दिनांक–

परिशिष्ठ क्रमांक – 5

पाठ योजना का प्रारूप

कक्षा..... **दिनांक**.....

विषय..... **इकाई**.....

पाठ..... **कालांश**.....

पाठयांश..... **समय अवधि**.....

कुंजी शब्द.....

मेंटर शिक्षक का नाम.....

- **अधिगम दक्षताएँ–** पाठ योजना के दौरान पढ़ाई जाने वाली विषय वस्तु से बच्चों में कौन–कौन सी दक्षताओं को विकसित करना चाहतें हैं?

- **अधिगम उद्देश्य–** दो प्रकार से बनाये जायें।
  - विषय की प्रकृति और उद्देश्य पर आधारित।
  - अधिगम दक्षताओं पर आधारित।

- **कौशल प्रक्रियाएँ–** पाठ योजना के दौरान निम्नलिखित कौशल प्रक्रियाओं को अपनाकर अधिगम परिस्थितियों का निर्माण करें।
  - अवलोकन, वर्गीकरण, अनुमान, वार्तालाप, व्याख्या, प्रशंसा, तर्क, वाद–विवाद (बहस), समस्या समाधान, तर्क शक्ति, महत्वपूर्ण चिंतन, चिंतनशील सोच, इत्यादि।

- **अधिगम स्रोत सामग्री–** शिक्षण सहायक सामग्री (TLM), **अधिगम स्रोत जैसे–** कहानी, नाटक, अन्य बाल केन्द्रित साहित्य, सूचना एवं **सम्प्रेषण सामग्री जैसे–** रेडियो, टी.वी., पी.पी.टी., मोबाईल, कम्प्यूटर आदि, **अधिगम परिस्थितियों का निर्माण जैसे–** एकल अभिनय, रोल प्ले, गीत, कविता, प्रेरक प्रसंग, पात्र अभिनय, मुखोटा अभिनय इत्यादि।
- **पाठ योजना वाले दिनांक छात्रों की उपस्थिति–**
  - **दर्ज संख्या–** .....
  - **उपस्थित संख्या–**.....
  - **अनुपस्थित संख्या–**.....
  - **अनुपस्थित छात्रों की सूची (नाम सहित)–**.....
  - **विशेष आवश्यकता वाले छात्रों की सूची (नाम सहित)–** .....

नोट– अनुपस्थित एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के आधार पर प्रतिदिन छात्राध्यापक को अपनी पाठ योजना में कक्षा शिक्षण के दौरान परिवर्तन करना चाहिए ताकि शत्–प्रतिशत अधिगम उद्देश्यों को प्राप्त किया जा सके।

- **कक्षा शिक्षण प्रक्रिया–** छात्राध्यापक अपनी कक्षा शिक्षण प्रक्रिया को तीन मुख्य चरणों में पूर्ण करेगा–

प्रथम चरण–प्रस्तावना
अधिगम वातावरण का निर्माण

अवधारणा/शिक्षण बिन्दु	प्रक्रिया कौशल	शिक्षक गतिविधियाँ	छात्र गतिविधियाँ	श्यामपट्ट कार्य	विशेष ध्यान केन्द्रित करने वाली गतिविधि

द्वितीय चरण–प्रस्तुतीकरण
अधिगम की समझ का निर्माण

अवधारणा/शिक्षण बिन्दु	प्रक्रिया कौशल	शिक्षक गतिविधियाँ	छात्र गतिविधियाँ	श्यामपट्ट कार्य	विशेष ध्यान केन्द्रित करने वाली गतिविधि

तृतीय चरण–मूल्यांकन
अधिगम का आकलन

अवधारणा/शिक्षण बिन्दु	प्रक्रिया कौशल	शिक्षक गतिविधियाँ	छात्र गतिविधियाँ	श्यामपट्ट कार्य	विशेष ध्यान केन्द्रित करने वाली गतिविधि

- **पुनरावृत्ति एवं पाठ का सार (सारांश) समझाना–** पाठ योजना के आकलन के पश्चात् एक बार पुनः सम्पूर्ण पाठ योजना की पुनरावृत्ति पाठ सार के रूप में समझाई जाए।
- **अभ्यास कार्य–** विषय वस्तु से संबंधित अभ्यास कार्य छात्रों के अधिगम को सुदृढ़िकरण के लिए दिया जाए।
- **विशेष शिक्षण–** छात्रों के आकलन के पश्चात् छात्राध्यापक द्वारा पाये कठिन बिन्दुओं और समस्यात्मक क्षेत्रों पर आवश्यकतानुसार व्यक्तिगत या सामूहिक रूप से कक्षा शिक्षण के दौरान या अतिरिक्त अन्य समय में विशेष शिक्षण कर छात्रों की समस्याओं को हल किया जाए।

नोट– समय–समय पर राज्य द्वारा जारी निर्देशों, स्थानीय परिस्थितियों और नवाचारी पद्धतियों को ध्यान में रखते हुए पाठ योजना में परिवर्तन किया जाए। यह प्रारूप सुझावात्मक है।

छात्राध्यापक के हस्ताक्षर
नाम–
दिनांक–

मेंटर के हस्ताक्षर
नाम–
दिनांक–

सुपरवाईज़र/विषय विशेषज्ञ के हस्ताक्षर
नाम–
दिनांक–

केस स्टडी का प्रारूप

I. कवर पेज या मुख्य पृष्ठ

i. शीर्षक– केस स्टडी रिपोर्ट

ii. छात्राध्यापक का नाम–

iii. लैब शाला का नाम–

iv. लैब शाला का पता–

v. संकुल का नाम–

vi. जनशिक्षा केन्द्र का नाम–

vii. विकासखण्ड का नाम–

viii. जिले का नाम–

ix. जमा करने की दिनांक–

II. विषयवस्तु (केस की पहचान के संबंधित आंकड़े)

i. छात्र (केस) का नाम

ii. जन्म दिनांक

iii. M/F/T

iv. माता पिता/पालक

- माता का नाम
- पिता का नाम
- पालक का नाम

v. अध्ययनरत कक्षा का नाम

vi. निवास का पता

vii. पिता/पालक की शिक्षा

viii. पिता/पालक का व्यवसाय

ix. माता/पालक की शिक्षा

x. माता/पालक का व्यवसाय

xi. भाई बहनों की संख्या

भाई की संख्या.....

बहन की संख्या.....

III. केस स्टडी के उद्देश्य

i. स्पष्ट रूप से केस स्टडी के उद्देश्य और महत्व को समझाइये।

ii. प्राथमिक रूप से उन कारकों पर चर्चा जिसके आधार पर छात्राध्यापक ने केस का चयन केस स्टडी के लिये किया है।

iii. समस्या की प्रकृति (शैक्षिक, सहशैक्षिक, नियमित, अनियमितता, अनुशासन, समयबद्धता इत्यादि)

iv. कार्यपद्धति (Methodology)

- उपकरण
- तकनीक का प्रकार
- डाटा का विश्लेषण
- परिणाम
- व्याख्या (क्या हुआ, क्यों हुआ–विस्तार से समझने)
- कार्ययोजना (Plan of Action)
- निष्कर्ष के आधार पर सुझावात्मक क्रियाएँ
- निष्कर्ष/उपसंहार
- संप्राप्तियाँ (केस स्टडी के दौरान क्या संप्राप्तियाँ हुई)
- क्रियान्वयन (अन्य शिक्षकों के लिए क्रियान्वयन के अभ्यास तरीकों पर चर्चा करें एवं शिक्षा पद्धति में क्रियान्वयन हेतु प्रस्तावित करें)

छात्राध्यापक के हस्ताक्षर
नाम–
दिनांक–

मेंटर के हस्ताक्षर
नाम–
दिनांक–

सुपरवाईज़र/विषय विशेषज्ञ के हस्ताक्षर
नाम–
दिनांक–

नवाचारी केन्द्र के भ्रमण का प्रारूप

नवाचारी केन्द्र का नाम.....
स्थान.....
भ्रमण का दिनांक .....

- नवाचारी केन्द्र की विशिष्टता.....
  .....
  .....
- संस्थान के अवलोकन की समयावधि .....
- नवाचारी केन्द्र के भ्रमण का उद्देश्य .....
  - .....
  - .....
  - .....
- नवाचारी केन्द्र के प्रमुख से संस्थान के बारे में चर्चा व अवलोकन कर अपनी टीप लिखें–
  - .....
  - .....
- भ्रमण के दौरान प्राप्त अधिगम अनुभव
  - अवलोकन एवं चर्चा के दौरान प्राप्त अनुभव के मजबूत पक्ष को लिखें।
    .....
    .....
  - अवलोकन तथा चर्चा के दौरान प्राप्त अनुभव के कमजोर पक्ष को लिखें।
    .....
    .....

हस्ताक्षर.....
नवाचारी केन्द्र प्रमुख का नाम.....
दूरभाष नं.....
दिनांक:.....

हस्ताक्षर.....
छात्राध्यापक का नाम .....
संस्थान का नाम .....
दिनांक:.....

छात्राध्यापक के हस्ताक्षर
नाम–
दिनांक–

मेंटर के हस्ताक्षर
नाम–
दिनांक–

सुपरवाईज़र/विषय विशेषज्ञ के हस्ताक्षर
नाम–
दिनांक–

क्रियात्मक अनुसंधान का प्रारूप

I. प्रस्तावनाः–

- अध्ययन का उद्देश्य
- शोध प्रश्न
- प्रयोग की गयी शब्दावली की परिभाषा
- अध्ययन का महत्व

II. साहित्य की समीक्षा (समस्या से संबंधित):–

- कम से कम पांच संदर्भ साहित्य का चयन
- सारांश

III. प्रक्रियाएँः–

- समस्या को गुणात्मक एवं परिमाणात्मक शोध (Qualitative & Quantitative) के आधार पर युक्तिसंगत बनाना।
- कार्यप्रणाली– आंकड़ों का संग्रहण
- स्थान और प्रतिभागी (कक्षा/वर्ग/शाला/समुदाय इत्यादि)
- क्रियात्मक अनुसंधान की कार्ययोजना
- आंकड़ों (प्रदत्तों) के विश्लेषण की प्रक्रिया
- सारांश

IV. परिणामः–

- आंकड़ों (प्रदत्तों) का विश्लेषण
- व्याख्या
- प्रश्नों का पुनः कथन और परिणामों पर चर्चा
- सारांश

V. विचार–विमर्शः–

- उपसंहार
- क्रियान्वयन
- शक्तियाँ और सीमाएँ (Strengths and Limitations)
- समापन कथन (समाप्ति व्याख्यान)

VI. परिशिष्टः–

- उपकरण
- शिक्षण अधिगम सामग्री/अन्य अधिगम स्त्रोत सामग्री
- फोटोग्राफ
- उत्तर पुस्तिकायें/अन्य रिकार्ड

VII. संदर्भः–

- संदर्भ ग्रंथसूची (Bibliography)
- इंटरनेट सामग्री लिंक के साथ (Wibliography)

छात्राध्यापक के हस्ताक्षर
नाम–
दिनांक–

मेंटर के हस्ताक्षर
नाम–
दिनांक–

सुपरवाईज़र/विषय विशेषज्ञ के हस्ताक्षर
नाम–
दिनांक–

परिशिष्ठ क्रमांक– 9

पर्यवेक्षण/आकलन का प्रारूप

कक्षा..... **दिनांक**.....

विषय..... **इकाई**.....

पाठ..... **कालांश**.....

पाठयांश..... **समय अवधि**.....

कुंजी शब्द (Key Word).....

मेंटर शिक्षक का नाम.....

क्र.	मापदण्ड के पहलु	फीडबैक एवं सुझाव	स्तर					आकलन का स्तर (ग्रेड के आधार पर) A,B,C,D,E
			5 उच्च	4	3	2	1 निम्न	
1	**प्रस्तावना–** पूर्व तैयारी, पूर्व ज्ञान का उपयोग, मौलिकता, कल्पनाशीलता, रूचिकर, प्रभावशीलता इत्यादि							
2	**प्रस्तुतीकरण–** पाठ योजना के उद्देश्य, पाठ्यवस्तु की उपयुक्तता, स्पष्टता, लिखावट, उदाहण, व्याख्या, क्रमबद्धता, प्रश्नोत्तर, चिंतन का विकास, छात्र शिक्षक अंतःक्रिया, पाठ्यवस्तु पर अधिकार, पर्याप्तता, समय प्रंबधन इत्यादि।							
3	**कक्षा प्रबंधन–** अनुशासन, अधिगम वातावरण, विद्यार्थियों की सहभागिता, छात्र शिक्षक अंर्तःक्रिया, कक्षा पर नियंत्रण इत्यादि।							
4	**अधिगम स्रोत सामग्री का प्रबंधन–** प्रभावी प्रस्तुतीकरण, सामग्री की गुणवत्ता, विषय संबंधित मौलकिता, विविधता, TLMउपयोग करने का कौशल (तकनीकी कौशल) इत्यादि।							

क्र.	मापदण्ड के पहलु	फीडबैक एवं सुझाव	स्तर					आकलन का स्तर (ग्रेड के आधार पर) A,B,C,D,E
			5 उच्च	4	3	2	1 निम्न	
5	**श्यामपट्ट कार्य**–लिखने का कौशल, लिखावट, स्वच्छता, उपयुक्त शब्द, शब्दों के मध्य का स्थान, शब्दों में एक रूपता, चित्र कौशल, आलेख कौशल, श्यामपट्ट कार्य की अधिगम से संबद्धता।							
6	**व्यक्तित्व**–आत्मविश्वास, अभिवृत्ति, सम्प्रेषण कौशल, छात्रों के साथ व्यवहार, समयबद्धता, स्वयं का प्रस्तुतीकरण का तरीका, गणवेश, शब्दों की प्रावहता/गति, स्फूर्ति, आवाज, भाषा इत्यादि।							
7	**पाठ योजना का समापन**– पुनरावृत्ति, पाठ का सार, अभ्यास कार्य, सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन।							

छात्राध्यापक के हस्ताक्षर
नाम–
दिनांक–

मेंटर के हस्ताक्षर
नाम–
दिनांक–

सुपरवाईज़र/विषय विशेषज्ञ के हस्ताक्षर
नाम–
दिनांक–

प्रारंभिक शिक्षा में पत्रोपाधि

डी.एल.एड.(द्विवर्षीय पाठ्यचर्या)

प्रकाशन वर्ष 2017 – 18

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् म.प्र. भोपाल

निर्माण

प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान,भोपाल

lj{kd & Jh ykdi'k dekj tkVo
संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल (म.प्र.)

ijke'k & Jherh f'kYik xlrk
अपर मिशन संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र
Jh vk-,y- eMykbl
अपर संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र, (SCERT) भोपाल

ekxn'kd & Jh jkedekj Lo.kdkj
प्राचार्य, प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान भोपाल

leUo;u & Jherh jkfxuh miyiokj
सहायक प्राध्यापक, प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान भोपाल

fuek.k & ixr 'kf{kd v/;;u lLFkku Hkkiky

lykgdkj

1. Mk- HkkxhjFk dejkor
   उपाध्यक्ष एवं शिक्षा विद्, माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
2. Mk- t-,l- xoky
   सेवानिवृत्त प्राध्यापक, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल एवं सदस्य (NCTE)
3. Mk- Jherh vfouk'k xoky
   सेवानिवृत्त प्राध्यापक, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल
4. Mk- vfuy dekj
   प्राध्यापक, NITTTR भोपाल
5. Jh vry Muk;d, नियंत्रक, शिक्षक–शिक्षा, राज्य शिक्षा केन्द्र
6. Mk- je'k ckc] प्राध्यापक, क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान भोपाल
7. Mk- r:.k xgk fu;kxh] सहा. प्राध्यापक,
   प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान जबलपुर
8. Jh d'ko ikjk'kj, वरिष्ठ व्याख्याता,
   जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, खण्डवा

vkeq[k

राष्ट्र निर्माण के प्रमुख घटक के रूप में हम बच्चों को देखते है। उनको परिवार, समाज व राष्ट्र का एक जिम्मेदार नागरिक बनाने वाला शिक्षक, इसका महत्वपूर्ण माध्यम है। शिक्षा विकास की प्रक्रिया मानी जाती है, जिसमें बालक के बहुमुखी तथा सर्वांगीण विकास का प्रयास किया जाता है। अतः शिक्षा की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी शिक्षक है। अध्यापक शिक्षा के अंतर्गत शिक्षण अनुदेश तथा प्रशिक्षण की क्रियाओं को प्रयुक्त करते हैं, जिनसे छात्रों में अपेक्षित व्यवहार परिवर्तन होता है। शिक्षक की क्षमता योग्यता में वृद्धि, शिक्षण की तैयारी का दायित्व शिक्षक प्रशिक्षण संस्थाओं का है। पाठ्यचर्या शिक्षक प्रशिक्षण का अभिन्न अंग है, जिस पर भविष्य के शिक्षकों की गुणवत्ता और तैयारी निर्भर है।

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद–2015 के दिशा निर्देश के परिप्रेक्ष्य में प्रदेश में संचालित ''प्रारंभिक शिक्षा में पत्रोपाधि'' कोर्स को प्रासंगिक और परिणामोन्मुखी बनाने के लिए पाठ्यचर्या की समीक्षा की गई। प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान भोपाल द्वारा प्रदेश के महत्वपूर्ण शैक्षिक संस्थानों के विशेषज्ञों की सहायता से राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद के प्रारूप पाठ्यक्रम के आधार पर प्रदेश की आवश्यकता एवं समय की मांग अनुरूप पाठ्यचर्या का पुनरीक्षण किया गया है।

पाठ्यचर्या विकास में प्रतिष्ठित संस्थानों– क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, अजीम प्रेमजी फाऊन्डेशन, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, शासकीय शिक्षा विद्यालयों एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों के शिक्षा विदों, विषय विशेषज्ञों के द्वारा प्रदत्त सहयोग तथा प्रक्रिया में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोगी व्यक्तियों के प्रति हम आभारी हैं।

अपेक्षा है कि, प्रस्तुत प्रत्रोपाधि पाठ्यक्रम प्रदेश में चिन्तनशील एवं प्रतिबद्ध शिक्षक तैयार करने में सहयोगी सिद्ध होगा।

¼ykds'k dqekj tkVo½
संचालक
राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल

अनुक्रमणिका

भाग 'अ'

Øekad	fo"k;	i"B la[;k
1.	Hkfedk	01
2.	Mh-,y-,M ikB~;p;kZ dk mís';	02
3.	ikB~;p;kZ esa cnyko dh vko';drk	02
4.	ikB~;p;kZ dk <kpk	03
5.	eY;kdu ;kstuk	06

पाठ्यक्रम का वितरण
भाग 'ब'

iz'u& i= 1	ckY;koLFkk ,oa cky fodkl **Childhood and development of Children**	13
iz'u& i= 2	lelkef;d Hkkjrh; lekt esa f'k{kk **Education in contemporary Indian Society**	20
iz'u& i= 3	iwoZ ckY;koLFkk& ifjp;kZ ,oa f'k{kk **Early Childhood Care and Education (Pre-Primary and Primary Education)**	27
iz'u& i= 4	Hkk"kk cks/k ,oa izkjfEHkd Hkk"kk fodkl **Understanding Language and Early Language Development**	31
iz'u& i= 5	ikB~;p;kZ esa lapuk ,oa lEizs"k.k rduhdh dk ,dhdj.k **ICT Integration across the caricullumn**	38
iz'u& i= 6	**Proficiency in English**	42
iz'u& i= 7	;ksx f'k{kk **Yoga Education (First Year)**	47
iz'u& i= 8	{ks=h; Hkk"kk f'k{k.k d- fgUnh Hkk"kk f'k{k.k **Hindi Language Teaching** [k- laLd`r Hkk"kk f'k{k.k **Sanskrit Language Teaching** x- ejkBh Hkk"kk f'k{k.k **Marathi Language Teaching** ?k- mnwZ Hkk"kk f'k{k.k **Urdu Language Teaching**	51
iz'u& i= 9	**Pedagogy of English**	68
iz'u& i= 10	xf.kr f'k{k.k ¼izkjfEHkd rFkk iwoZ izkFkfed d s fy;s½ **Pedagogy of Mathematics Education (for Early Primary and Primary School)**	74

प्रथम वर्ष– व्यावहारिक

1.	स्व बोध **Towards Self-Understanding**	81
2.	रचनात्मक नाटक, ललित कला और शिक्षा **Creative Drama, Fine Art and Education**	90
3.	बच्चों का शारीरिक, भावनात्मक स्वास्थ्य और शिक्षा **Children's Physical and Emotional Health and Education**	96
4.	शाला स्थान बद्ध कार्यक्रम (इंटर्नशिप) **Teaching Practice and School Internship**	102

द्वितीय वर्ष

i'u& i= 11	संज्ञान अधिगम और बाल विकास **Cognition, Learning and Child Development**	106
i'u& i= 12	समाज, शिक्षा और पाठ्यचर्या बोध **Understanding of Society, Education and Curriculum**	112
i'u& i= 13	शिक्षा में समावेशी एवं जेंडर मुद्दे **Emerging Gender and Inclusive Perspecitives in Education**	116
i'u& i= 14	शालेय संस्कृति, नेतृत्व एवं शिक्षक विकास **School culture, leadership and teacher development**	120
i'u& i= 15	**Proficiency in English**	125
i'u& i= 16	योग शिक्षा **Yoga Education (Second Year)**	129
i'u& i= 17	पर्यावरणीय अध्ययन शिक्षण **Pedagogy of Environmental Studies (for early Primary and Primary)**	132
i'u& i= 18	वैकल्पिक विषय शिक्षण **Optional Pedagogy Courses** क. सामाजिक विज्ञान शिक्षण **Pedagogy of Social Science** ख. अंग्रेजी भाषा शिक्षण **Pedagogy of English Language** ग. गणित शिक्षण **Pedagogy of Mathematics** घ. विज्ञान शिक्षण **Pedagogy of Science**	138

द्वितीय वर्ष – व्यावहारिक

5.	कार्य और शिक्षा **Work & Education**	158
6.	रचनात्मक नाटक, ललित कला और शिक्षा **Creative Drama, Fine Art and Education**	171
7.	बच्चों का शारीरिक, भावनात्मक स्वास्थ्य और शिक्षा **Children's Physical and Health Education**	175
8.	शाला स्थान बद्ध कार्यक्रम (इंटर्नशिप) **Teaching Practice and School Internship**	180
9.	मूल्याकंन प्रपत्र	186

ikjfHkd f'k{kk e fMIykek ¼Mh-,y-,M-½

Hkfedk &

हमारे देश भारत में शिक्षक शिक्षा के द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन कर शिक्षकों को तैयार किया जाता है। इसी क्रम में प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी.एल.एड.) शिक्षक शिक्षा की एक ऐसी व्यवस्था है जिसका मुख्य उद्देश्य है– प्रारंभिक स्तर पर (कक्षा I से VIII) शिक्षकों का निर्माण करना। चूंकि इस स्तर पर मुख्यतः 6–14 वर्ष के बालक/बालिकायें शिक्षण के केन्द्र बिन्दु होते हैं। अतः जरूरी है कि शिक्षकों का निर्माण इस तरह से किया जाये ताकि वे अपने विद्यार्थी की आवश्यकता के अनुसार एवं समाज की बदलती परिस्थितियों के अनुरूप ढाल सकें। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 21 A के अनुसार निःशुल्क और आवश्यक शिक्षा का अधिकार सबके लिये है। तीव्र गति से बदलते इस दौर में जीवन के समक्ष नई–नई चुनौतियाँ आती रहती है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए जरूरी है कि भावी पीढ़ी का निर्माण करने वाले और भविष्य में शिक्षक बनने वाले प्रशिक्षणार्थी की आवश्यकतानुसार शिक्षा की पाठ्यचर्या की रूपरेखा इस तरह की हो जिससे न सिर्फ भावी शिक्षक अपनी समस्याओं का समाधान कर सकें बल्कि उन्हें इस योग्य बनाया जाय ताकि वे अपने विद्यार्थियों को भी जीवन की समस्याओं से निबटने हेतु सक्षम बना सके।

वर्तमान आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005 के अंतर्गत कुछ मुख्य बिन्दुओं का समावेश किया गया है जो कि निम्नलिखित है–

- प्रशिक्षणार्थियों को इस योग्य बनाना ताकि प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत वे अपने विद्यार्थियों को न सिर्फ सैद्धान्तिक बल्कि व्यावहारिक गतिविधियों में सक्रिय बना सकें।
- भावी शिक्षक में रटने की प्रवृत्ति को हतोत्साहित करते हुए समझने के साथ–साथ कौशल का विकास कर उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किये जा सकते है।
- पाठ्यचर्या में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को शामिल किया जाय जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके।
- कक्षा का पर्यावरण प्रजातांत्रिक हो ताकि सभी को अभिव्यक्ति के समान अवसर मिल सके।
- परीक्षा को कक्षा की विभिन्न गतिविधियों से सहसम्बन्धित किया जाना।

इसी प्रकार से निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा के अधिकार के अधिनियम (RTE) 2009 के अंतर्गत कुछ मूलभूत बिन्दुओं को शामिल किया गया है जिसमें से कुछ मुख्य बिन्दु हैं–

- शिक्षा वैसी हो जो संविधान में निहित मूल्यों को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाये।
- प्रशिक्षणार्थियों में निहित क्षमता एवं प्रतिभा का विकास करना।
- बालकेन्द्रित शिक्षण विधियों को उपयोग करना ताकि एक रूचिपूर्ण पर्यावरण का निर्माण हो सके।

- कक्षा का माहौल न सिर्फ भयमुक्त बल्कि रूचिपूर्ण भी हो जिससे सार्थक अधिगम का लाभ सभी प्रशिक्षणार्थियों को समान रूप से मिल सके।
- प्रारंभिक कक्षा में शिक्षण कार्य मातृभाषा में हो ताकि सीखना न सिर्फ आसान होगा बल्कि रूचिपूर्ण भी होगा।

एन.सी.टी.ई. 2014 के द्वारा राजपत्र में उल्लेखित प्रारंभिक शिक्षा कार्यक्रम में डिप्लोमा के मानदंड और मानक में प्रस्तावित किया गया है कि प्रारंभिक शिक्षा का डिप्लोमा (डी.एल.एड.) दो वर्ष का व्यवसायिक कार्यक्रम है जिसके द्वारा कक्षा I से VIII तक के लिए आध्यापकों को तैयार किया जाएगा जिनकी सक्रिय सहभागिता से सामाजिक और लिंगीय अंतरों को दूर करते हुए समावेशी स्कूल पर्यावरण में सभी बच्चों की शिक्षा प्राप्त करने की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करना है।

Mh-,y-,M-&ikB;p;k

डी.एल.एड.–पाठ्यचर्या के अंतर्गत बाल्यावस्था के अध्ययन, शिक्षा के सामाजिक संदर्भ, विषय का ज्ञान, शिक्षण शास्त्र संबंधी ज्ञान, शिक्षा के उद्देश्यों और संप्रेषण कौशल को एकीकृत करने के लिए तैयार किया गया है इसमें न सिर्फ अनिवार्य बल्कि वैकल्पिक, सिद्धान्त एवं प्रायोगिक पाठ्यक्रम को भी सम्मिलित किया गया है। आई.सी.टी. योग, आर्ट्स एण्ड क्राफ्ट, सामुदायिक संसाधन एवं लोककलाओं आदि को शिक्षण शास्त्र के उपकरण के रूप में सम्मिलित किया गया है।

इसी तरह से निर्मित शालेय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के पाठ्यक्रम से कुशल, प्रभावशाली एवं सक्षम शिक्षक तैयार किये जा सकते है।

mÌs'; &

1. छात्राध्यापक, प्रारंभिक शिक्षा की प्रकृति, उद्देश्य, आने वाली समस्या एवं प्रारंभिक शिक्षा के महत्वपूर्ण मुद्दों को समझ सकेंगे।
2. सामाजिक सांस्कृतिक, राजनैतिक संदर्भो में बच्चों को समझते हुए उपयुक्त सीखने सिखाने की विधि का प्रयोग कर सकेंगे।
3. सीखने –सिखाने की प्रक्रिया को आनंददायी बनाने की आवश्यकता को समझते हुए उसी अनुरूप कार्य कर सकेंगे।
4. शिक्षा में समावेषण, विविधता, समानता की समझ बनेगी।
5. विद्यालय के विकास के लिए संसाधनों को प्रबंधन, उपयोग व्यवस्थापन कर सकेंगे।
6. शिक्षण सिद्धांन्तों तथा मूल्यांकन के लिए नवीन तकनीक का उपयोग कर सकेंगे।
7. शिक्षण सामग्री की अवधारणा और उपयोग को समझ सकेंगे।
8. समाजिक विज्ञान, विज्ञान, पर्यावरण विषय में नवीनतम तथ्यों और अनुसंधानों से परिचित होकर बच्चों कों नवीन ज्ञान सीखने के लिए प्रेरित कर सकेंगे।
9. शिक्षण संप्रेषण तकनीक के लाभ एवं अन्य अधिगम प्रक्रिया में उपयोग सीख सकेंगे।
10. वर्तमान में प्रचलित शिक्षण पद्धतियां (गतिविधि आधारित, बालकेन्द्रित, एवं रचनावादी) को सीख सकेंगे।

Mh-,y-,M- ikB;p;k dk ie[k ?kVd gk&

1. fo"k;oLr – बच्चों के सीखने को ध्यान में रखकर विषय के लिये लक्ष्य और उद्देश्य विषयवस्तु संयोजित की गई है।

2. i:fØ;k– विषयवस्तु अनुरूप शिक्षण विधियां, गतिविधियां प्रयोजना कार्य शामिल है।

3. l:nHk–उन घटको को जो (लर्निंग घटक) अधिगम लक्ष्य के अनुसार है, संदर्भित किया गया है।

- पाठ्यचर्या की अवस्थाओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है–
  1. पूर्व प्राथमिक शिक्षण प्रशिक्षण
  2. प्राथमिक शिक्षण प्रशिक्षण
  3. उच्च प्राथमिक शिक्षण प्रशिक्षण

- डी.एल.एड. पाठ्यचर्या में मुख्य दक्षता जोड़ी गई है–
  - अ. मातृभाषा में संप्रेषण/अभिव्यक्ति
  - ब. अंग्रेजी भाषा में संप्रेषण
  - स. गणितीय दक्षताएं
  - द. विज्ञान और तकनीकी की मूल दक्षताएं
  - इ. संख्यात्मक दक्षताएं
  - प. सीखने के लिये सीखना
  - फ सामाजिक और नागरिक दक्षताएं
  - ब. उद्यमिता के लिये पहल करने की सोच रखना
  - भ. सांस्कृतिक जागरूकता और अभिव्यक्ति

इस पाठ्यचर्या को ऐसे तैयार किया गया है कि छात्राध्यापक पाठ्यक्रम प्रक्रिया और गतिविधियों से लगातार जुड़े रहेंगे। आलोचनात्मक चिंतन को इस पाठ्यचर्या में महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है।

Mh-,y-,M- ikB;Øe dk <kpk

राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा सुझाई गयी द्विवर्षीय पाठ्यचर्या के अनुरुप ही विषयो को समाहित किया गया है।

समूह 1 – बच्चों से संबधित अध्ययन

समूह 2– शिक्षा और समकालीन विषयों का अध्ययन

समूह 3 – पाठ्यचर्चा और शिक्षा शास्त्रीय अध्ययन

समूह 4 – अन्य मूल्य आधारित कोर्स जिससे संर्वांगीण विकास हो सके।

leg 1 cPpk l: lcf/kr v/;;u %& **Child Studies**

इस विषयसमूह के अंतर्गत बच्चों का विकास कैसे होता हैं। विभिन्न सांस्कृतिक परिवेश एवं सामाजिक संदभों से आये बच्चों में शिक्षा का विकास कैसे किया जाए, इसकी समझ बनाने का प्रयास शामिल हैं। बच्चों को विभिन्न शैक्षिक सामाजिक सिद्वांत के साथ जोड़ना, विभिन्न संदर्भो में परवरिश, समाजिकरण को ध्यान रखकर इन विषयों की तैयारी की गई हैं।

- बाल्यावस्था एवं बाल विकास **Childhood and Development of Children**
- संज्ञान अधिगम एवं बाल विकास **Cognation Learning and Child Development**

leg &2 f'k{kk vkj lelkef;d fo"k;k ij v/;;u%&

इन विषयों को डी.एल.एड. के पाठ्यचर्या में शामिल करने का प्रमुख उद्देश्य शिक्षा और समाज के मध्य (linkege) जुड़ाव को जानना है जो अधिगम कर्ता जान सकें, सीख सकें, समालोचनात्मक रूप से समझ सकें। समाज में फैली हुई विविधता को अधिगमकर्ता समझ सकें।, समझ कर अपने अध्ययन में शामिल कर सकें। उसी तरह ''भाषाबोध एवं प्रारंभिक भाषा विकास'' विषय में सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भों में अधिगम कर्ता के भाषाई विकास को समझााने का प्रयास हैं। ''स्वबोध '' विषय को शामिल करते हुए यह कोशिश की जायेगी की अधिगमकर्ता अपनी शक्ति अपनी कमजोरियों को जान सके उसके विकास के लिये प्रयत्नशील हो सकें।

- समसामयिक भारतीय समाज में शिक्षा **Education in contemporary Indian Society**
- समाज शिक्षा और पाठ्यचर्या बोध **Understanding of Society, Education and Curriculum**
- स्वबोध **Towards Self-Understanding**
- भाषाबोध एवं प्रारंभिक भाषा विकास **Understanding Language and Early Language Development**

leg &3 ikB;p;k vkj f'k{kk 'kkL=h; v/;;u

इस विषय समूह का उद्देश्य अधिगम कर्ता में प्रारंभिक स्तर पर यथायोग्य शिक्षा शास्त्रीय प्रविधियों का चयन हैं, उस विषय संदर्भ को लेना हैं, इसमें Proficiency in English I & II, Yoga Education I & II पाठ्यचर्या में शिक्षण संप्रेषण शामिल है।

- पाठ्यचर्या में शिक्षण संप्रेषण तकनीकी का एकीकरण **(Padagogy and IT integration across the Curriculum)**
- **Proficiency in English**

- योग शिक्षा **(Yoga Education)**
- मातृभाषा /क्षेत्रीय भाषा शिक्षण **(Pedagogy of Mother Tongue / Regional Language)**

  क. हिन्दी भाषा शिक्षण **(Hindi Teaching)**

  ख. संस्कृत भाषा शिक्षण **(Sanskrit Teaching)**

  ग. मराठी भाषा शिक्षण **(Marathi Teaching)**

  घ. उर्दू भाषा शिक्षण **(Urdu Teaching)**
- अंग्रेजी भाषा शिक्षण **English language Teaching**
- गणित शिक्षण (प्राथमिक तथा पूर्व प्राथमिक के लिए) **Pedagogy of Mathematics Education (for Early Primary and Primary School)**
- पर्यावरणीय अध्ययन शिक्षण **(Pedagogy of Environmental Studies)**

  वैकल्पिक विषय शिक्षण **(Optional Pedagogy Courses)**

  क. सामाजिक विज्ञान शिक्षण **(Pedagogy of Social Science)**

  ख. अंग्रेजी भाषा शिक्षण **(Pedagogy of English Language)**

  ग. गणित शिक्षण **(Pedagogy of Mathematics)**

  घ. विज्ञान शिक्षण **(Pedagogy of Science)**

leg &4 vU; eY; vk/kkfjr dkl – जिससे सर्वांगीण विकास हो सके इस विषय समूह का उद्देश्य शिक्षक, विद्यार्थी और प्रतियोगियों को सृजनात्मक कार्य से जोड़ना है । अपने स्वास्थ्य के (शारीरिक भावनात्मक) प्रति सजगता तथा अपनी शाला के स्वास्थ्य को लेकर सजगता आये ।

इस समूह में शामिल है –

- रचनात्मक नाटक, ललित कला और शिक्षा **(Creative Drama, Fine Art and Education)**
- बच्चों का शारीरिक – भावनात्मक स्वास्थ्य और शिक्षा **(Children's Physical -Emotional Health and Education)**
- कार्य और शिक्षा **(Work & Education)**

vrj.k dh fof/k;k & **Mode of Transaction**

संपूर्ण पाठ्यचर्या के अंतरण के लिए निम्नलिखित शिक्षण विधियॉ की रूपरेखा तैयार की गई है ।

1. अवधारणात्मक समझ बनाने के लिए कक्षा में चर्चा विधि
2. पाठ्यवस्तु और शोध पत्रों का गहनता से अध्ययन करना
3. सत्रगत कार्यो और विभिन्न शैक्षिक मुद्दों पर व्यक्तिगत या समूह में प्रस्तुतीकरण

4. सैद्धान्तिक और प्रायोगिक गतिविधियां /अभ्यास /खोज/विश्लेषण ,संग्रहण अवलोकनों की व्याख्या करना व्यवस्थित आंकडों का संग्रहण करना।

5. गहन और समीक्षात्मक विषयवस्तु को पढना, लेखों का विश्लेषण करना, नीतिगत अभिलेख, पाठ्यवस्तु डाक्यूमेन्ट्री, फिल्म का विकास करना ।

6. क्षेत्र आधारित प्रायोजना तैयार करना उसका अभिलेख तैयार करना

7. संवाद और चर्चा करते हुए कोर्स का अंतरण करना।

i:o'k ifØ;k

म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा समय–समय पर जारी डिप्लोमा इन एज्यूकेशन नियमित पाठ्यक्रम प्रवेश में नियम के अनुसार प्रवेश की प्रक्रिया होगी। इन नियमों में समय–समय पर शासन द्वारा परिवर्तन/परिवर्द्धन/संशोधन तद्नुसार लागू होगे।

vof/k

डी.एल.एड. कार्यक्रम दो शैक्षणिक वर्षों की अवधि वाला होगा किन्तु विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम में प्रवेश की तारीख से अधिकतम तीन वर्ष तक की अवधि में कार्यक्रम को पूरा करने की अनुमति होगी।

ijh{kk d: volj

माध्यमिक शिक्षा मण्डल म.प्र. द्वारा समय–समय पर जारी निर्देश अनुसार परीक्षा के अवसर तथा नियम लागू होगें।

eY;kdu ;kstuk %&

डिप्लोमा इन एलीमेन्ट्री एजुकेशन का यह द्विवर्षीय पाठ्यचर्या (Curriculum) हैं । प्रत्येक वर्ष के पाठ्यक्रम (Syllabus) का मूल्यांकन दो भागों में किया जायेगा ।

1- l:)kfUrd eY;kdu

2- 0;kogkfjd eY;kdu

प्रतिवर्ष कक्षा संचालन हेतु कम से कम 200 कार्य दिवस का होना आवश्यक है जिसमें आवंटित शाला में इंटर्नशिप भी शामिल है। प्रथम वर्ष में 4 सप्ताह अर्थात प्रति सप्ताह 6 कार्यदिन (कुल 6x4=24) छात्राध्यापकों को इंटर्नशिप के लिए जाना होगा जबकि द्वितीय वर्ष में इंटर्नशिप कार्यक्रम 16 सप्ताह अर्थात (16x6=96 दिन) 96 दिन का होगा । विद्यार्थी अध्यापकों के लिये सारे पाठ्यक्रम कार्य के लिए जिसमें प्रायोगिक कार्य भी शामिल है, न्यूनतम उपस्थिति 80% और इंटर्नशिप के लिए न्यूनतम उपस्थिति 90% होगीA इंटर्नशिप कार्यक्रम अनिवार्य रूप से करना होगा तथा इसके बिना वार्षिक परीक्षा में बैठने की पात्रता नही होगी। प्रथम वर्ष में 1150 तथा द्वितीय वर्ष में 1250 अंक होगें इस तरह कुल पूर्णाक 2400 अंक होगें।

1- l:)kfUrd eY;kdu%&

